प्रथम यथा संपत्ति करके उपनेय (जिनोपवीत लेनेवाले) पुरुषकों सात, नव, पांच, वा तीन दिनतक सतैल निषेक स्नान (पीठी मर्दन) करावे. तदपीछे लग्नदिनमें गृहस्थ गुरु तिसके घरसें ब्राह्य मूहुर्तमें पौ ष्टिक करे. तद नंतर उपनेयके शिरपर शिखा वर्जके मुं डन करावे,पीछे वेदी स्थापन करे. तिसके मध्यमे चोकी (बाजोट) स्थापन करे, वेदी प्रतिष्ठा विवाहा धिकारसें जाणनां. बाजोटके उपर समव सरणकी रीति मुज ब चोमुख (चारजिन बिंब) स्थापन करना, तिन की पूजा करके गृहस्थ गुरु, जिसने श्वेतवस्त्र पहि नाहे, वस्त्रका उत्तरासंग करा हे, अक्षत श्रीफल सुपारी हाथमे लिएहें, एसे उपनेयकों समवसरण कों तीन प्रदक्षणा करावे, तदपीछे गुरु उपनेयकों वामे पासे स्थापके पश्चिमदिशाके सन्मुख जिसका मुखहे तिस जिन बिंबके सन्मुख बेठके प्रथम ऋष भ देवके स्तोत्र सहित शक्रस्तव (नमुथ्थुणं) पढे फेर तीन प्रदक्षिणा करके उत्तराभिमुख जिनबिंबके सन्मुख तेसेंहिं शक्रस्तव पढे. एसेंहि त्रिप्रदक्षिणां तरित पूर्वाभिमुख, दक्षिणा भिमुख जिन बिंबोके आगेभी शक्रस्तव पढे. मंगल गीत वाजित्रादिकों

का तिसवखत विस्तार रखणा. उन वखत आचार्य उपाध्याय साधु साध्वी, श्रावक, श्राविका रूप श्री सकल संघकों एकत्र करना। पीछे प्रदक्षिणा शक्र स्तव पाठके अनंतर गृहस्थ गुरु उपनयनके प्रारंभ वास्ते जैन वेद मंत्रका उच्चार करे उपनेय (जिनोप वीतलेनेवाला) अपने हाथमें दुर्वा फलादीकसे पूर्ण हस्त अंजलिकरके खमाखमासुने

उपनयारंभ जैनवेद मंत्रोयथा

ॐ अर्हं अर्हद्भ्योनमः, सिद्धेभ्योनमः, आचार्येभ्योनमः, उपाध्यायेभ्योनम., साधुभ्योनमः, ज्ञानायनम., दर्शनायनमः, चारित्रायनमः, संयमायनम., सत्यायनमः, शौचायनमः, ब्रह्मचर्यायनम., आकिंचन्यायनमः, तपसेनमः, शमायनमः, मार्दवायनमः, आर्जवायनमः, मुक्तयेनमः, धर्मायनम., संघायनमः, सैध्धांतिकेभ्योनमः, धर्मोपदेशकेभ्योनमः, वादिलब्धिभ्योनमः, पमांग निमित्तेभ्योनमः, तपस्वीभ्योनमः, विद्याधरेभ्योनमः, इहलोकसिद्धेभ्योनम , कविभ्योनमः, लब्धिभ्योनम., ब्रह्मचारीभ्योनम', निष्परिग्रहेभ्यो नम.। दयालुभ्यो नमः,। सत्यवादिभ्यो नमः। नि.स्पृहेभ्यो नमः। एतेभ्यो। नमस्कृत्यायं प्राणी प्राप्तमनुष्यजन्मा प्रविशति वर्णक्रमं अर्हं ॐ ॥,,

ऐसें वेदमंत्रका उच्चार करके फिर भी पूर्ववत् तीन तीन प्रदक्षिणा करके चारो दिशामें युगादिदेव

स्तवसंयुक्त शक्रस्तव पाठ करे । तिस दिनमें, जल जवान्न भोजन करके आचाम्लका प्रत्याख्यान उपनेयको करावे । तदपीछे उपनेयको वामे पासे स्थापके सर्वतीर्थोदकोंकरके अमृताजलमंत्रकरके कुशाग्रोंसें सिंचन करे. ।

तदनंतर परमेष्टिमंत्र पढके.

" नमोऽर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यः "

ऐसा कहके, जिन प्रतिमाके आगे उपनेयको पूर्वाभिमुख बैठावे; तदपीछे गृहीगुरु, चंदनमंत्रकरके अभिमंत्रण करे. ॥ चंदनमंत्रो यथा ॥

" ॥ ॐ नमो भगवते. चंद्रप्रभजिनेंद्राय, शशांक हारगोक्षीरधवलाय, अनंतगुणाय, निर्म्मलगुणाय, भव्यजनप्रबोधनाय, अष्टकर्म्ममूलप्रकृतिसंशोधनाय, केवलालोकावलोकितसकललोकाय, जन्मजरामरण विनाशनाय सुमंगलाय, कृतमंगलाय, प्रसीद भग वन् इह चंदनेनामृताश्रवणं कुरु २ स्वाहा ॥ "

इस मंत्रकरके चंदनको मंत्रके हृदयमें जिनो पवीतरूप, कटिमें मेखलारूप और ललाटमें तिल करूप, रेखाकरे, तदपीछे उपनेय " नमोस्तु २ ऐसें कहता हुआ, गुरुके चरणोंमें पडके खडा होके हाथ जोडके ऐसें कहे. ।

" ॥ भगवन् वर्णरहितोऽस्मि । आचाररहितोऽस्मि । मंत्ररहितोऽस्मि । गुणरहितोऽस्मि । धर्म्मरहितोऽस्मि ।

शौचरहितोऽस्मि । ब्रह्मरहितोऽस्मि । देवर्षिपितृतिथिकर्म्मसु नियोजय मां ॥"

ऐसें कहकर फिर "नमोस्तु २" ऐसें कहता हुआ, गुरुके चरणोंमे पडे; गुरु जी. इस मंत्रको पढके उपनेयको चोटीसें पकडके खडा करे। मंत्रो यथा ॥

"ॐ अर्हं देहिन् निमग्नोऽसि भवार्णवे तत्कर्षति त्वांभगवतोऽर्हतः प्रवचनैकदेशरज्जुना गुरुस्तदुत्तिष्ट प्रवचनादानाय श्रद्धाधाहि अर्हं ॐ ॥"

ऐसें पढके उपनेयको खडा करके अर्हत्प्रतिमाके आगे पूर्वाभिमुख खडा करे तदपीछे गृहीगुरु, त्रितंतुवर्त्तित–तीन तंतुकी बुणी, एकाशीति (८१) हाथ प्रमाण, मुंजकी मेखलाको अपने दोनो हाथोंमें लेके, इस वेदमंत्रको पढे

"॥ ॐ अर्हं आत्मन् देहिन् ज्ञानावरणेन बद्धोऽसि। दर्शनावरणेन बद्धोऽसि। वेदनीयेन बद्धोऽसि। मोहनीयेन बद्धोऽसि। आयुषा बद्धोऽसि। नाम्ना बद्धोऽसि। गोत्रेण बद्धोऽसि। अंतरायेण बद्धोऽसि कर्माष्टकेन प्रकृतिस्थितिरसप्रदेशैश्च बद्धोऽसि । तन्मोचयति त्वां भगवतोर्हतः प्रवचनचेतना तद्बुध्यस्व मामुह'मुच्यतां तव कर्म्मबंधनमनेन मेखलाबंधेन अर्हं ॐ ॥'

ऐसा पढके उपनेयकी कटिमें नवगुणी मेखला को बांधे । तदपीछे उपनेय 'नमोस्तु २' कहता

हुआ, गृहीगुरुके पगोंमें पडे । मेखलाको एकाशी (८१) हाथपणा विप्रको एकाशीतंतुगर्ने जिनोपवीत सूचनकेवास्ते, क्षत्रियको चोपन (५४) हाथ तावत्प्रमाणतंतुगर्ने जिनोपवीत सूचनकेवास्ते, और वैश्यको सत्ताइस (२७) हाथ तद्गर्भसूत्रसूचनके वास्ते है । ब्राह्मणको नवगुणी क्षत्रियको ठगुणी और वैश्यको त्रिगुणी, मेखला बांधनी । तथा मौंजी, कौपीन, जिनोपवीत, इनोंका पूजन, गीतादिमंगल, निशाजागरण, तिसके पूर्वदिनकी रात्रिमें करणा । मेखलाबंधनके पीछे फेर गृहस्थगुरु, उपनेयके विलस्त (वेंत) प्रमाण पृथुल (चौडा) और तीन विलस्त प्रमाण दीर्घ (लंबा) कौपिन दोनों हाथोंमें लेके ॥

" ॥ ॐ अर्हं आत्मन् देहिन् मतिज्ञानावरणेन श्रुतज्ञानावरणेन अवधिज्ञानावरणेन मनःपर्यायावरणेन केवलज्ञानावरणेन इंद्रियावरणेन चित्तावरणेन आवृतोऽसि तन्मुच्यतां तवावरणमनेनावरणेन अर्हं ॐ ॥ "

इस वेदमंत्रको पढता हुआ, उपनेयके अंतःकक्षकों कौपीन पहरावे । तदपीछे उपनेय 'नमोस्तु २' कहता हुआ, फिर जी गुरुके पगोंमें पडे । फिर तीन २ प्रदक्षिणा करके चारों दिशामें शक्रस्तव पाठ करे. ॥

तदनंतर लग्नवेलाके हुए गुरु, पूर्वोक्त जिनोपवीतको अपने हाथमें लेवे पीछे उपनेय फेर खमा होकर हाथ जोमके ऐसें कहे ॥

"॥ जगवन् वर्णोचितोऽस्मि । ज्ञानोचितोस्मि । क्रियोञ्चितो । तज्जिनोपवीतदानेन मां वर्णज्ञानक्रियासु समारोपय ॥ "

ऐसें कहके 'नमोस्तु २, कहता हुआ गुरुके पगों में पडे गुरु फिर पूर्वोक्त उत्थापनमंत्रकरके तिसको उठाके खमा करे । तदपीछे गुरु दक्षिण हाथमें जिनोपवीत रखके ॥

"॥ ॐ अर्हं नवब्रह्मगुप्तीः स्वकरणकारणानुमतीस्थारयेः तदक्षयमस्तु ते व्रतं स्वपरतरणतारणसमर्थो जव अर्हं ॐ ॥ " क्षत्रियको

"॥ करणकारणाज्यां धारयेः स्वस्य तरणसमर्थो जव ॥ " वैश्यको

"॥ करणेन धारयेः स्वस्य तरणसमर्थो जव ॥"

शेषं पूर्ववत् ॥

इस वेदमंत्रकरके पंच परमेष्ठिमंत्र पढता हुआ उपनेयके कंठमे जिनोपवीत स्थापन करे । पीछे उपनेय तीन प्रदक्षिणा करके 'नमोस्तु २' कहता हुआ, गुरुको नमस्कार करे गुरु जी "निस्तारगपारगो जव" ऐसा आशीर्वाद कहे । तदपीछे गुरु पूर्वाजिमुख होके, जिनप्रतिमाके आगे शिष्यको

वामेपासे वैठाके, सर्व जगत्में सार, महा आगम रूप क्षीरोदधिका माखण, सर्ववांछितदायक, कल्प द्रुम कामधेनु चिंतामणिके तिरस्कारका हेतु, निमे षमात्र स्मरण करनेसें मोक्षका दाता, ऐसें पंचपरमे ष्ठिमंत्रको गंधपुष्पपूजित शिष्यके दक्षिणकानमें तीनवार सुणावे पीछे तीनवार तिसके मुखसें उच्चा रण करावे ॥ यथा ॥

"॥ नमो अरिहंताणं । नमो सिद्धाणं । नमो आयरियाणं । नमो उवज्झायाणं । नमो लोए सव्व साहूणं ॥" पीछे उपनेयको मंत्रका प्रभाव सुणावे. ॥ तद्यथा ॥

सोलससु अरकरेसु, इक्किकं अरकरं जगुज्जोअं ॥
नवसयसहस्स महणो, जम्मि छिअं पंच नवकारो ॥१॥
थंभेइ जलं जलणं चिंतियमत्तो इ पंच नवकारो ॥
अरिमारिचोरराउलघोरुवसग्गं पणासेइ ॥ २ ॥

एकत्र पंचगुरुमंत्रपदाक्षराणि । विश्वत्रयं पुनरनं तगुणं परत्र ॥ यो धारयेत्किल तुलानुगतं ततोऽपि । वंदे महागुरुतरं परमेष्ठिमंत्रम् ॥ ३ ॥ ये केचनापि सुखमाघरका अनंता । सत्सर्पिणीप्रभृतयः प्रययुर्वि वर्त्ताः ॥ तेष्वप्ययं परतरः प्रथितः पुराऽपि । लब्ध्वै नमेव हि गताः शिवमत्र लोकाः ॥ ४ ॥ जग्मुर्जि नास्तदपवर्गपदं यदैव । विश्वं वराकमिदमत्र कथं विनास्मान् ॥ एतद्विलोक्य भुवनोद्धरणाय धीरैः ।

मंत्रात्मकं निजवपुर्निहितं तदाऽत्र ॥ ५ ॥ इंदुर्दिवा करतया रविरिंदुरूपः । पातालमंबरमिलासुरलोक एव ॥ किंजल्पितेन बहुना भुवनत्रयेऽपि तन्नास्ति यन्न विषमं च समं च तस्मात् ॥ ६ ॥ सिद्धांतोदधि निर्म्मथान्नवनीतमिवोद्धृतम् ॥ परमेष्टिमहामंत्रं धारयेत् हृदि सर्वदा ॥ ७ ॥ सर्वपातकहर्त्तारं सर्ववांछितदायकम् ॥ मोक्षारोहणसोपाने मंत्रे प्राप्नोति पुण्यवान् ॥ ८ ॥ धार्योयं भवता यत्नात् न देयो यस्य कस्यचित् ॥ अज्ञानेषु श्राविंतोयं शपत्येव न संशय ॥ ९ ॥ * न स्मर्त्तव्योऽपवित्रेण न जने नाऽन्यसंश्रये ॥ नाऽविनीतेन नो दीर्घशब्देनाऽपि कदाचन ॥ १० ॥ न बालानां नाऽशुचीनां नाऽधर्म्माणां नदुर्हृशाम् * नष्प्लुतानां न दुष्टानां दुर्ज्जातीनां न कुत्रचित् ॥ ११ ॥ अनेन मंत्रराजेन भूयास्त्वं विश्वपूजितः ॥ प्राणांतेऽपि परित्यागमस्य कुर्यान्न कुत्रचित् ॥ १२ गुरुत्यागे भवेद्दुःखं मंत्रत्यागे दरिद्रता ॥ गुरुमंत्रपरित्यागे सिद्धोऽपि नरकं व्रजेत् ॥ १३ ॥ इति

---

* न स्मर्त्तव्योपचित्तेन न शब्देनान्यसंश्रये इति पुस्तकांतरे ॥ तथा अन्येषु श्राद्धदिनकृतश्राद्धविधिकौमुदीपचाशकादिषु शास्त्रेष्वेवमुक्त यथा सा काप्यवस्था नास्ति यस्या नमस्कारो न स्मर्त्तव्य इति ॥

* नाऽपूताना न दुष्टाना दुर्जीनाना न कुत्रचित् । इति पुस्तकांतरे ॥

ज्ञात्वा सुगृहीतं कुर्या मंत्रममुं सदा ॥ सेत्स्यंति सर्वकार्याणि तवास्मान्मंत्रतो ध्रुवम् ॥ १४ ॥

गुरुने ऐसे शिक्षा दिया हुआ उपनेय तीन प्रदक्षिणा करके "नमोस्तु २" ऐसें कहता हुआ, गुरुको नमस्कार करे. पीछे गुरुको स्वर्णका जिनोपवीत, सुवर्णमौंजी, श्वेत वस्त्र रेशमी स्वसंपदानुसारें देवे. और सर्वसंघको भी तांबूल वस्त्रादि देवे. ॥ इत्युप नयने व्रतबंधविधिः ॥

अथ व्रतादेशविधि लिख्यते हैं. ॥ तिसही अवसरमें, तिसही संघके संगममें, तिसही गीतवाजंत्रादि उत्सवमें, तिसही वेदचतुष्किकामें प्रतिमास्थापन संयोगमें, व्रतादेशका आरंभ करे. तिसका यह क्रम है. । गृहस्थगुरु, उपनीत पुरुषके कार्पास रेशमी अंतरीय(उत्तरीय)वस्त्र दूर करके मौंजी, जिनोपवीत कौपीन, येह वस्तुयों तिसकी देहमें तैसेंही स्थापके, तिसके ऊपर कृष्णसाराजिन (कालामृगचर्म) वा, वृक्षके वल्कलका वस्त्र पहिरावे. । हाथमें पलाशका दंम देवे. और इस मंत्रको पढे.

"॥ ॐ अर्हं ब्रह्मचार्यसि । ब्रह्मचारिवेषोऽसि अवधिब्रह्मचर्योसि । धृतब्रह्मचर्योसि । धृताजिनदंमोसि । बुद्धोऽसि । प्रबुद्धोऽसि । धृतसम्यक्त्वोऽसि दृढसम्यक्त्वोसि । पुमानसि । सर्वपूज्योऽसि । तदवधिब्रह्मव्रतं आगुरुनिदेशं धारयेः अर्हं ॐ ॥"

ऐसें पढके व्याघ्रचर्ममय आसनके ऊपर, वा कल्पित काष्टमय आसनके ऊपर उपनीतकों बिठलावे तिसके दक्षिण हाथकी प्रदेशिनी अंगुलीमें दर्भसहित कांचनमयी षोडश १६ मासे प्रमाण (पांच गुंजाका एक मासा जाणना) पवित्रिका मुद्रा पहरावे । पवित्रिका परिधापनमंत्रो यथा ॥

"पवित्रं दुर्लभं लोके सुरासुरनृवल्लभम् ॥
सुवर्णं हंति पापानि, मालिन्यं च न संशयः॥ १ ॥

तदपीछे उपनीत, मुखसें पंचपरमेष्टिमंत्र पढता हुआ, गंध पुष्प अक्षत धूप दीप नैवेद्यकरके चारों दिशामें जिनप्रतिमाको पूजे । तदपीछे जिनप्रतिमाको प्रदक्षिणाकरके और गुरुको प्रदक्षणा करके 'नमोस्तु २' कहता हुआ, हाथ जोडके ऐसें कहे ॥ "भगवन् उपनीतोहं" गुरु कहे "सुष्टूपनीतो भव।" फेर उपनीत 'नमोस्तु, कहता हुआ नमस्कार करके कहे । "कृतो मे व्रतबंधः ।" गुरु कहे । "सुकृतोऽस्तु ।" फेर 'नमोस्तु' कहके नमस्कार करके शिष्य कहे । "भगवन् जातो मे व्रतबंधः ।" गुरु कहे । "सुजातोऽस्तु ।" फेर नमस्कार करके शिष्य कहे । "जातोऽहं ब्राह्मणः । क्षत्रियो वा । वैश्यो वा ।" गुरु कहे । "दृढव्रतो भव । दृढसम्यक्त्वो भव ।" फेर शिष्य नमस्कार करके कहे। "भगवन् यदि त्वया कृतो ब्राह्मणोऽहं तदादिश

कृत्यं।" गुरु कहे अर्हंज्जिरा दिशामि। " फेर नमस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयंममादिष्टं।" गुरु कहे। "आदिष्टं। फेर नमस्कार करके शिष्य। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं मम समादिश।" गुरु कहे। "समादिशामि।" फेर नमस्कार करके शिष्य जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं मम समादिष्टं।" गुरु कहे। "समादिष्टं।" फेर नमस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं ममानुजानीहि"। गुरु कहे। "अनुजानामि" फेर नमस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं ममानुज्ञातं।" गुरु कहे। "अनुज्ञातं"। फेर नमस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं मया स्वयं करणीयं।" गुरु कहे। "करणीयं।" फेर नामस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं मया अन्यैः कारयितव्यं।" गुरुकहे"कारयितव्यं" फेरनमस्कार करके शिष्यकहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्ज्ञं रत्नत्रयं कुर्वतोऽन्ये मया अनुज्ञातव्याः" गुरु कहे। "अनुज्ञातव्याः" क्षत्रियको यह विशेष है 'जगवन् अहं क्षत्रियो जातः' आदेश समादेश दोनों कहने, अनुज्ञा न कहनी. करणकारणमें 'कर्त्तव्यं' 'कारयितव्यं' ऐसें कहना, 'अनुज्ञातव्यं' ऐसे न कहना। और वैश्यको

आदेश ही कहना, समादेश अनुज्ञा यह दोनों न कहने.। 'कर्त्तव्यं' कहना, 'कारायितव्यं' अनुज्ञातव्यं यह न कहने.। तदपीछे उपनीत हाथ जोरुके कहे.। 'हे भगवन्! आदिश्यतां व्रतादेशः।' तब गुरु आदेश करे अर्थात् व्रतादेश कथन करे। तहां प्रथम ब्राह्मणप्रति व्रतादेश कहते हैं. यथा॥

॥ मूलम् ॥

परमेष्ठिमहामंत्रो विधेयो हृदये सदा॥
निर्ग्रंथानां मुनीन्द्राणां कार्यं नित्यमुपासनम्॥ १॥
त्रिकालमर्हत्पूजा च सामायिकमपि त्रिधा॥
शक्रस्तवैस्सप्तवेलं वंदनीया जिनोत्तमाः॥ २॥
त्रिकालमेककालं वा स्नानं पूतजलैरपि॥
मद्यं मांसं तथा क्षौद्रं तथोडुंबरपंचकम्॥ ३॥
आमगोरससंपृक्तं द्विदलं पुष्पितौदनम्॥
संधानमपि संसक्तं तथा वै निशि भोजनम्॥ ४॥
शूद्रान्नं चैव नैवेद्यं नाश्नीयान्मरणेऽपि हि॥
प्रजार्थं गृहवासेऽपि संभोगो न तु कामतः॥ ५॥
आर्यवेदचतुष्कं च पठनीयं यथाविधि॥
कर्पणं पाशुपाल्यं च सेवावृत्तिं विवर्जयेः॥ ६॥
सत्यं वचः प्राणिरक्षामन्यस्त्रीधनवर्जनम्॥
कषायविषयत्यागं विदध्याः शौचभागपि॥ ७॥
प्राय. क्षत्रियवैश्यानां न भोक्तव्यं गृहे त्वया॥
ब्राह्मणानामार्हतानां भोजनं युज्यते गृहे॥ ८॥

स्वज्ञातेरपि मिथ्यात्ववासितस्य पलाशिनः ॥
न ज्ञोक्तव्यं गृहे प्रायः स्वयंपाकेन ज्ञोजनम् ॥ ए ॥
आमान्नमपि नीचानां न ग्राह्यं दानमंजसा ॥
भ्रमता नगरे प्रायः कार्यः स्पर्शों न केनचित् ॥१०॥
उपवीतं स्वर्णमुद्रां नांतरीयमपि त्यजेः ॥
कारणांतरमुत्सृज्य नोष्णीषं शिरसि व्यधाः ॥ ११ ॥
धर्मोपदेशः प्रायेण दातव्यः सर्वदेहिनाम् ॥
व्रतारोपं परित्यज्य संस्कारान् गृहमेधिनाम् ॥ १२ ॥
निर्ग्रंथगुर्वनुज्ञातः कुर्याः पंचदशापि हि ॥
शांतिकं पौष्टिकं चैव प्रतिष्टामर्हदादिषु ॥ १३ ॥
निर्ग्रंथानुज्ञया कुर्याः प्रत्याख्यानं च कारयेः ॥
धार्यं च दृढसम्यक्त्वं मिथ्याशास्त्रं विवर्जयेः ॥१४॥
नानार्यदेशे गंतव्यं त्रिशुद्ध्याशौचमाचरेः ॥
पालनीयस्त्वया वत्स व्रतादेशो ज्ञवावधिः ॥ १५ ॥

॥ इतिब्राह्मणव्रतादेशः ॥

(ज्ञाषार्थः) परमेष्टिमहामंत्र सदा हृदयमें धारण करना, निर्ग्रंथ मुनींद्रोंकी नित्य उपासना करनी। तीन कालमें अरिहंतकी पूजा करनी, तीनवार सामायिक करनी, शक्रस्तवमें सातवार चैत्यवंदना करनी. ढाने हुए शुद्ध जलसें त्रिकालमें वा, एककालमें स्नान करना, मदिरा, मांस, मधु, माखण पांच जातिके उडुंबरफल, आमगोरससंयुक्त अर्थात्

कच्चे विना गरम करे गोरस दूध दही छाछके साथ द्विदल अन्न, जिसपर नीली फूली आजावे सो अन्न, जीवोत्पत्तिसंयुक्त संधान अर्थात् तीन दिन उपरांतका आचार, रात्रिभोजन, शूद्रका अन्न, देवके आगे चढा नैवेद्य इन पूर्वोक्त वस्तुयोंको मरणांतमें भी न खाना। संतानोत्पत्तिकेवास्ते गृहवासमें स्त्रीसें संभोग करना न तु कामासक्त होके। चारों आर्य जैन वेद विधिसें पढने खेती, पशुपालपणा और सेवा वृत्ति (नौकरी) येह नही करने। शुचिमान् होके सत्य वचन बोलना, प्राणिकी रक्षा करनी, अन्य स्त्री और अन्य धन येह वर्जने, कषाय विषयको त्यागने, प्राय. क्षत्रिय और वैश्योंके घरमें तेरे भोजन न करना, आर्हत् ब्राह्मणोके घरमें भोजन करना तुझको योग्य है। अपनी ज्ञातिका जो मिथ्या त्ववासित होवे, और मांसाहारी होवे तिसके घरमें भी भोजन नही करणा। प्राय. आपही पकाके भोजन करना। कच्चे अन्नका भी दान नीचोंकेहाथका न ग्रहण करणा, नगरमें भ्रमण करतां किसीका भीप्राय. स्पर्श न करना। उपवीत, स्वर्णमुद्रा और अंतरीय, इनको त्याग न करने कारणांतरको वर्जके शिरके ऊपर उष्णीष (पगडी) धारण न करना। प्राय सर्व मनुष्योंका धर्मोपदेश देना, व्रतारोपको वर्जके निर्ग्रंथ गुरुकी आज्ञासें पंचदश १५ संस्कार

गृहस्थांको करने तथा शांतिक, पौष्टिक, जिनप्रति माकी प्रतिष्ठादि करावने । निर्ग्रंथकी आज्ञासें प्रत्याख्यान करना, और अन्यको करावना; सम्यक्त्वको दृढ धारण करना, मिथ्याशास्त्रकी श्रद्धा वर्जनी। अनार्य देशमें जाना नही, तीनों शुद्धियां गरके शौच आचरण करना; हे वत्स ! तैनें पूर्वोक्त व्रतादेश जवतग संसारमें रहे तवतक पालना ॥ १५ ॥

इतिब्राह्मणव्रतादेशः ॥ अथक्षत्रियव्रतादेशः ॥

॥ मूलम् ॥

परमेष्टिमहामंत्रः स्मरणीयो निरंतरम् ॥
शक्रस्तवैस्त्रिकालं च वंदनीया जिनेश्वराः ॥ १ ॥
मद्यं मांसं मधु तथा संधानोडुंवरादि च ॥
निशि भोजनमेतानि वर्जयेदतियत्नतः ॥ २ ॥
दुष्टनिग्रहयुद्धादिवर्जयित्वा वधोंगिनाम् ॥
न विधेयः स्थूलमृषावादस्त्यक्तव्य एव च ॥ ३ ॥
परनारीं परधनं त्यजेदन्यविकत्थनम् ॥
युक्त्यासाधूपासनं च द्वादशव्रतपालनम् ॥ ४ ॥
विक्रमस्याविरोधेन विधेयं जिनपूजनम् ॥
धारणं चित्तयत्नेन स्वोपवीतांतरीययोः ॥ ५ ॥
लिंगिनामन्यविप्राणामन्यदेवालयेष्वपि ॥
प्रणामदानपूजादि विधेयं व्यवहारतः ॥ ६ ॥
पाच जातिके सर्वकर्म्मं धर्मकर्म्मापि कारयेत् ॥
...र्हदृढसम्यक्त्ववासितः ॥ ७ ॥

रणे शत्रुसमाकीर्णे धार्यो वीररसो हृदि ॥
युद्धे मृत्युभय नैव विधेयं सर्वथापि हि ॥ ८ ॥
गोब्राह्मणार्थे देवार्थे गुरुमित्रार्थ एव च ॥
स्वदेशभंगे युद्धेत्र सोढव्यो मृत्युरप्यलम् ॥ ९ ॥
ब्राह्मणक्षत्रियोर्नैव क्रियाभेदोस्ति कश्चन ॥
विहायान्यव्रतानुज्ञाविद्यावृत्तिप्रतिग्रहान् ॥ १० ॥
दुष्टनिग्रहणं युक्तं लोभं भूमिप्रतापयोः ॥
ब्राह्मणव्यतिरिक्तं च क्षत्रियोदानमाचरेत् ॥ ११ ॥

॥ इतिक्षत्रियव्रतादेशः ॥

अथ क्षत्रियव्रतादेश कहते हैं ॥ परमेष्ठिमहा मंत्र निरंतर स्मरण करना शक्रस्तवोंकरके त्रिकाल जिनेश्वरको वंदन करना । मद्य, मांस, मधु, संधान, पांच उंबरादि, (आदिशब्दसें अमगोरससंयुक्त द्विदल, पुष्पितौदन,) और रात्रिभोजन, इनको यत्नसें वर्जे । दुष्टका निग्रह करना, और युद्धादि वर्जके प्राणियोका वध न करना, स्थूलमृषावाद न बोलना, परस्त्रीका और परधनका त्याग करना, परकी निंदाका त्याग करे, युक्तिसें साधुयोंकी उपासना करे, और बारां व्रत पालन करे । अपनी शक्ति अनुसार जिनपूजन करना चित्तयत्नसें अर्थात् उपयोगसें स्वउपवीत, और अंतरीयको धारण करना । लिंगियोको, अन्य ब्राह्मणोंको, और अन्यदेवालयो मे भी, प्रणाम दान पूजादि काम पडे तो, लोक

स्वसत्त्वस्यापरित्यागो दानं वित्तानुसारतः ॥
आयोचितो व्ययश्चैव काले काले च मोचनम् ॥ ३ ॥
न वासोऽल्पजले देशे नदीगुरुविवर्जिते ॥
न विश्वासो नरेन्द्राणां नागरीयनियोगिनाम् ॥ ४ ॥
नारीणां च नदीनां च लोभिनां पूर्ववैरिणाम् ॥
कार्यं विना स्थावराणामहिंसा देहिनामपि ॥ ५ ॥
नासत्याहितवाक् चैव विवादो गुरुभिर्न च ॥
मातापित्रोर्गुरोश्चैव माननं परतत्त्ववत् ॥ ६ ॥
शुभशास्त्राकर्णनं च तथा नाऽभक्ष्यभक्षणम् ॥
अत्याज्यानां न च त्यागोप्यऽघात्यानामघातनम् ॥ ७ ॥
अतिथौ च तथा पात्रे दीने दानं यथाविधि ॥
दरिद्राणां तथांधानामापन्नारभृतामपि ॥ ८ ॥
हीनाङ्गानां विकलानां नोपहासः कदाचन ॥
समुत्पन्नक्षुत्पिपासाघृणाक्रोधादिगोपनम् ॥ ९ ॥
अरिषड्वर्गविजयः पक्षपातो गुणेषु च ॥
देशाचाराऽऽचरणं च भयं पापापवादयोः ॥ १० ॥
उद्वाहः सदृशाचारैः समजात्यन्यगोत्रजैः ॥
त्रिवर्गसाधनं नित्यमन्योन्याप्रतिबंधतः ॥ ११ ॥
परिज्ञानं स्वपरयोर्देशकालादिचिंतनम् ॥
सौजन्यं दीर्घदर्शित्वं कृतज्ञत्वं सलज्जता ॥ १२ ॥
परोपकारकरणं परपीडनवर्जनम् ॥
पराक्रमः परिभवे सर्वत्र क्षांतिरन्यदा ॥ १३ ॥
जलाशयश्मशानानां तथा दैवतसद्मनाम् ॥

निद्राहाररतादीनां संध्यासु परिवर्जनम् ॥ १४ ॥
प्रवेशोल्लंघनं चैव तटे शयनमेव च ॥
कूपस्य वर्जनं नद्यालंघनं तरणी विना ॥ १५ ॥
गुर्वासनादिशय्यासु तालवृंदे कुभूमिषु ॥
दुर्गोष्ठिषु कुकार्येषु सदैवासनवर्जनम् ॥ १६ ॥
न लंघनं च गर्त्तादेर्नदुष्टस्वामिसेवनम् ॥
न चतुर्थीदुनभस्त्रीशक्रचापविलोकनम् ॥ १७ ॥
हस्त्यश्वनखिनां चापवादिनां दूरवर्जनम् ॥
दिवासंभोगकरणं वृक्षस्योपासनं निशि ॥ १८ ॥
कलहं तत्समीपं च वर्जनीयं निरंतरम् ॥
देशकालविरुद्धं च भोज्यं कृत्यं गमागमौ ॥ १९ ॥
भाषितं व्यय आयश्च कर्त्तव्यानि न कर्हिचित् ॥
चातुर्वर्ण्यस्य सर्वस्य व्रतादेशोयमुत्तमः ॥ २० ॥
॥ इतिचातुर्वर्ण्यस्यसमानोव्रतादेशः ॥

अथ चारों वर्णोका समान व्रतादेश कहते हैं ॥ अपने पूज्य गुरुके कहे देवधर्मादिकापालना, देव पूजा करनी, साधुकी यथायोग्य पूजा करनी, ब्राह्मण और लिंगधारीको प्रणाम करना. । न्यायसें धन उपार्जन करना परकी निंदा वर्जनी, किसीका भी अवर्णवाद न बोलना, राजादिविषयक तो विशेषसें अवर्णवाद न बोलना. । अपने सत्वको छोडना नही, धनके अनुसार दान देना, लाभानुसार खरच करना, भोजनके कालमें भोजन करना. । थोडे जल

करावे. फिर पूर्वाभिमुख होके शक्रस्तव पढे. । उस पीछे गृहस्थगुरु, आसन ऊपर बेठ जावे, और शिष्य 'नमोस्तु' कहता हुआ गुरुके पगोंमें पडके ऐसें कहे, "भगवन् भवद्भिर्मम व्रतादेशो दत्तः" तब गुरु कहे, "दत्तःसुगृहीतोस्तु सुरक्षितोस्तु स्वयं तर परं तारय संसारसागरात्" ऐसें कहके नमस्कार पढता हुवा ऊठके दोनों (गुरु शिष्य) चैत्यवंदन करें. उसपीछे ब्राह्मणने, विप्र क्षत्रिय वैश्यके घरमें भिक्षाटन करना; क्षत्रियने शस्त्र ग्रहण करना; और वैश्यने अन्नदान करना. ॥

इत्युपनयने व्रतादेशः ॥

अथ व्रतविसर्गःकथ्यतेः—अथ व्रतविसर्ग कहते हैं. ॥ ब्राह्मणने आठ वर्षसें लेके सोलां वर्षपर्यंत, दंड और अजिन धारण करके, भिक्षावृत्ति करके भोजन करना, यह उत्तम पक्ष है. क्षत्रियने दंड अजिन धारण करके दश वर्षसें लेके सोलां वर्ष पर्यंत आपहिं पाक करके, देवगुरुकी सेवामें तत्पर होके, भोजन करना; और वैश्यने दंड अजिन धारण करके स्वकृत भोजन करके बारां वर्षसें लेके सोलां वर्ष पर्यंत भोजन करना; यह उत्तम पक्ष है. । यदि कार्यव्यग्रतासें तितने दिन न रह सके तो, छ (६) मास पर्यंत रहना. तदभावे एक मास पर्यंत, तदभावे पक्ष पर्यंत, तदभावे तीन दिन रहना. यदि तीन दिन भी न

रह सके तो, तिसही उपनयनव्रतादेशके दिनमेंही विसर्ग करिये, सोही कहने हैं. । उपनीत, तीन २ प्रदक्षिणा करके चारो दिशायोंमें जिनप्रतिमाके आगे पूर्ववत् युगादिजिनस्तोत्र सहित शक्रस्तव पढे. तदपीछे आसनपर बैठे गुरुके आगे नमस्कार करके हाथ जोडके ऐसें कहे ॥ " भगवन् देशका लाद्यपेक्षया व्रतविसर्गमादिश " ॥ गुरु कहे ॥ " आदिशामि ॥ " फिर नमस्कार करके शिष्य कहे ॥ " भगवन्ममव्रतविसर्गे आदिष्टः ॥ गुरु कहे ॥ " आदिष्ट. ॥ " फिर नमस्कार करके शिष्य कहे ॥ " भगवन् व्रतबंधो विसृष्ट ॥ " गुरु कहे ॥ "जिनोपवीतधारणेन अविसृष्टोस्तु स्वजन्मतः षोडशाब्दी ब्रह्मचारी पाठधर्मेनिरतस्तिष्ठेः ॥ उसपीछे पंचपरमेष्ठिमंत्र पढता हुआ शिष्य, मौंजी, कौपीन, वल्कल, दंड, इनको दूर करके, गुरुके आगे स्थापन करे; और आप जिनोपवीतधारी श्वेतवस्त्र उत्तरीय होके गुरुके आगे नमस्कार करके बैठे, तब गुरु तिस वारां तिलकधारी उपनीतके आगे उपनयनका व्याख्यान करे. ।

तद्यथा ॥ आठ वर्षके ब्राह्मणको दश वर्षके क्षत्रियको, और बारां वर्षके वैश्यको, उपनयन करना तिसमे गर्भमास भी बीचमेंही गणने । तथाच ॥ "जिनोपवीतमिति जिनस्य उपवीतं मुद्रासूत्रमित्यर्थः"

जिनका उपवीत अर्थात् मुद्रासूत्र सो कहावे जिनोपवीत. । नवब्रह्मगुप्ति गर्भरत्नत्रय, येह पुरा, श्रीयुगादिदेवने गृहस्थीवर्णत्रयको अपनी मुद्राका धारण करना यावत् जीवतां२ कहा था. । तदपीछे तीर्थके व्यवछेद हुए, मिथ्यात्वको प्राप्त ब्राह्मणोंनें हिंसा प्ररूपणेसें चारों वेदको मिथ्या पथमें प्राप्त करे हुए, पर्वत और वसुराजासें प्रायः हिंसक यज्ञके प्रवृत्त हुए, 'यज्ञोपवीत' ऐसा नाम धारण करा. मिथ्या दृष्टि यथेछासें प्रलाप करो ! परंतु जिनमतमें तो, जिनोपवीतही नाम है, नतु यज्ञोपवीत. तिसवास्ते तैनें इस जिनोपवीतको अछीतरें धारण करना मासमासपीछे नवीन धारण कराना, प्रमादसें जिनो, पवीत जाता रहे, वा टुट जावे तो, तीन उपवास करके नवीन धारण करना. प्रेतक्रियामें दक्षिण स्कंधके ऊपर, और वाम कक्षाके हेठें, ऐसें विपरीत धारण करना. क्योंकि, सो विपरीत कर्म है. । मुनि जी, मृत मुनिके त्यागनेमें तथाविध विपरीतही वस्त्र पहेनते हैं, जिसवास्ते, तूं जन्मकरके शूद्र आजतक था सांप्रत संस्कारविशेषकरके ब्रह्मगुप्तिके धारणेसें ब्राह्मण, वा क्षतात्राणेन-रक्षणकरनेसें क्षत्रिय, वा न्यायधर्ममें प्रवेश करनेसें वैश्य हुआ है; तिसवास्ते, क्रियासहित इस जिनोपवीतको अछीतरें ग्रहण करना अछीतरें रखना. तेरेको सत्कर्मवासना उपन

यनविधि क्षयरहित हो एसे व्याख्यान करके पर मेष्ठिमंत्र पढकर दोनों गुरु शिष्य खडे होवे पीछे चैत्यवंदन, और साधुवंदन करे. ॥ इत्युपनयने व्रत विसर्गविधिः ॥ अथ गोदानविधिर्यथा ॥

अथ गोदानविधि लिखते हें ॥ तदा व्रतविसर्गके अनंतर शिष्यसहित गुरु, जिनको तीन २ प्रदक्षिणा करके पूर्ववत् चारों दिशामें शक्रस्तवका पाठ करे पीछे गृहस्थगुरु, आसनपर बैठे तब शिष्य गुरुको तीन प्रदक्षिणा करके नमस्कार करके हाथ जोमके खमा होके, गुरुको विज्ञापना करे यथा ॥

"॥ जगवन् तारितोहं, निस्तारितोहं, उत्तमः कृतोहं, सत्तम.कृतोहं, पूत. कृतोहं, पूज्यकृतोहं, तद्भगवन्नादिश, प्रमाद बहुले गृहस्थधर्म्में, मम किंच नापि रहस्यजूतं सुकृतं ॥"

हे जगवान् ! तारा मुझको, निस्तारा मुझको, उत्तम करा मुझको, अतिशयसाधु (श्रेष्ठ) करा मुझको, पवित्रकरा मुजको, पूज्य करा मुझको, तिसवास्ते, हे जगवन् ! प्रमादबहुल गृहस्थधर्ममे मेरेको कुछजी रहस्यजूत सुकृत कथन करो. ॥ तब गुरु कहे ॥

"॥ वत्स ! सुष्ठ्वनुष्ठितं सुष्ठु पृष्टं ततः श्रूयताम् ॥"

हे वत्स ! अच्छा करा, जला पूछा, तिसवास्ते तूं श्रवण कर. ॥

दानं हि परमो धर्म्मो दानं हि परमा क्रिया ॥
दानं हि परमो मार्ग्गस्तस्माद्दाने मनः कुरु ॥ १ ॥
दया स्यादभयं दानमुपकारस्तथाविधः ॥
सर्वो हि धर्म्मसंघातो दानेन्तर्भावमर्हति ॥ २ ॥
ब्रह्मचारी च पाठेन भिक्षुश्चैव समाधिना ॥
वानप्रस्थस्तु कष्टेन गृही दानेन शुध्यति ॥ ३ ॥
ज्ञानिनः परमार्थज्ञा अर्हन्तो जगदीश्वराः ॥
व्रतकाले प्रयच्छन्ति दानं सांवत्सरं च ते ॥ ४ ॥
गृह्णतां प्रीणनं सम्यक् ददतां पुण्यमक्षयम् ॥
दानतुल्यस्ततो लोके मोक्षोपायोऽस्ति नाऽपरः ॥ ५ ॥

अर्थः—दानही परम उत्कृष्ट धर्म है, दानही परमा क्रिया है, दानही परम मार्ग है, तिसवास्ते दान देनेमें मन कर. । अभयदानसें दया होवे है, दानसेंही तथाविध उपकार होवे है, सर्वही धर्म समूह दानमें अंतर्भाव हो सक्ता है। ब्रह्मचारी पाठ करके, साधु समाधि करके, वानप्रस्थ कष्ट करके, और गृहस्थी दान करके शुद्ध होता है. । तीन ज्ञानके धर्त्ता परमार्थके जाणकार, ऐसें अर्हंत भगवंत जगदीश्वर भी व्रतसमयमें सांवत्सर दान देते हैं. । दान ग्रहण करनेवालेको तो, दान तृप्त करता है; और देनेवालेको अक्षय पुण्य प्राप्त करा ता है; तिसवास्ते दानके समान दूसरा कोई मोक्ष का उपाय लोकमें नही है. ॥ ५ ॥ जिसवास्ते हे

वत्स ! तैनें ब्राह्मणपणा, वा क्षत्रियपणा, वा वैश्य पणा प्राप्त करा है, अंगीकार करा है, तिसवास्ते हे वत्स ! तूं गृहस्थधर्ममें मोक्षके सोपानरूप दान देनेका प्रारंभ कर । तब नमस्कार करके शिष्य कहे, हे भगवन् ! मुझको दानका विधी कहो. । गुरु कहे ' आदिशामि ' कहता हूं । यथा ॥

गावो भूमिः सुवर्णं च रत्नान्यन्नं च नक्तकाः ॥
गजाश्वाइति दानं तदष्टधा परिकीर्त्तयेत् ॥ १ ॥
एतच्चाष्टविधं दानं विप्राणां गृहमेधिनाम् ॥
देयं न चापि यतयो गृह्णन्त्येतच्चनिःस्पृहा. ॥ २ ॥
यतिभ्यो भोजनं वस्त्रं पात्रमौषधपुस्तके ॥
दातव्यं द्रव्यदानेन तौ द्वौ नरकगामिनौ ॥ ३ ॥

अर्थः–गौ १, भूमि २, सुवर्ण ३, रत्न ४, अन्न ५, नक्तक वस्त्रविशेष ६, हाथी ७, और घोडा ८, येह आठ प्रकारका दान कहाहे । यह पूर्वोक्त आठ प्रकारका दान, गृहस्थी ब्राह्मणगुरुयोंको देना. और निःस्पृह यति साधु मुनिराज, इस दानको नही लेते हैं । साधवोको तो, भोजन, वस्त्र, पात्र, औषध पुस्तक, इनका दान देना. साधुकों द्रव्य (धन) का दान देनेसें, देनेलेनेवाले दोनोंही नरकगामी होते हैं. ॥ ३ ॥ तिसवास्ते प्रथम गोदान ग्रहण करना उपनीत, वछडेसहित कपिला, वा पाटला, वा श्वेत रंगकी, स्नापित, चर्चित, भूपित, धेनुको, आगे ल्या

यके पूंछसे पकडके, रूप्यमय खुरा है जिसके, स्वर्ण मय शृंग है जिसके, ताम्रमय पृष्ट है जिसकी, कांस्य मय दोहपात्र है जिसका, ऐसी धेनु, गृहस्थगुरुके तांइ देवे । गुरु तिस गौकी पूंछको हाथमें धारण करकें, यह वेदमंत्र पढे । यथा ॥

" ॥ ॐ अर्हं गौरियं धेनुरियं प्रशस्यपशुरियं सर्वोत्तमक्षीरदधि घृतेयं पवित्रगोमयमूत्रेयं सुधास्त्राविणीयं रसोद्भाविनीयं पूज्येयं हव्येयं अभिवाद्येयं तद्दत्तेयं त्वया धेनुः कृतपुण्यो भव प्राप्त पुण्यो भव अक्षयं दानमस्तु अर्हं ॐ ॥ "

यह कहकर गृहीगुरु धेनुको ग्रहण करे. शिष्य तिस गौकेसाथ द्रोणप्रमाण सात धान्य, तुलामात्र षट् (६) रस और पुरुषतृप्तिमात्र षट् (६) विकृती (विगय) देवे ॥ इतिगोदानम् ॥ अन्य सर्व भूमिरत्नादिदानोंविषे यह मंत्र पढना. । यथा ॥

" ॥ ॐ अर्हं एकमस्ति दशमक्कमस्ति शतमस्ति सहस्त्रमस्ति अयुतमस्ति लक्षमस्ति प्रयुतमस्ति कोट्यस्ति कोटिदशकमस्ति कोटिशतक्कमस्ति कोटिसहस्त्रमस्ति कोट्ययुतमस्ति कोंटिलक्षमस्ति कोटिप्रयुतमस्ति कोटाकोटिरस्ति संख्येयमस्ति असंख्येयमस्ति अनंतानंतमस्ति दान फलमस्ति तदक्षयं दानमस्तु ते अर्हं ॐ ॥ " इति परेषां दानानां मंत्रपाठः ॥

यहां उपनयनमें गोदानकाही निश्चय है, शेष दान क्रमकरके अन्यदा भी देना. गोदानादि दान गृहस्थगुरु ब्राह्मणोंकोही देना निःस्पृह यतियोंको न देना तथा तिन यतियोंको, अन्न, पान, वस्त्र, पात्र, भेषज, वसति, पुस्तकादि दानमें 'धर्मलाभः' यही मंत्र जाणना । अथ गृहस्थगुरु, उपनीतसें गोदान लेके, पर्णानुज्ञा देके, चैत्यवंदन, और साधु वंदन करायके, तैसेंही संघके मिले हुए, मंगलगीत वाजंत्रोंके वाजते हुए, शिष्यको साधुयोंकी वसतिमें (उपाश्रयमें) ले जावे. तहां मंडलीपूजा, वासक्षेप, साधुवंदनादि सर्व पूर्ववत् करना । पीछे चतुर्विध संघकी पूजा, और मुनियोको वस्त्र, अन्न, पात्रादि दान करे. ॥ इति गोदानविधिः ॥

संपूर्णोयं चतुर्विधउपनयनविधिः ॥

अथ शूद्रको उत्तरीयक देनेकी विधि लिख हैं ॥ सात दिन तैलनिषेकस्नान पूर्ववत् जाणना. । तदनंतर यथाविधि पौष्टिक, सर्व शिरका मुंडन, वेदिकरण, चतुष्किकाकरण, जिनप्रतिमास्थापन, पूर्ववत्. । पीछे गृहस्थगुरु, जिनेश्वरकी अष्टप्रकारी पूजा करे. चारोंदिशायोंमें शक्रस्तव पाठ करे. पीछे गुरु आसनऊपर बैठ जावे तब शिष्य श्वेत वस्त्र पहिरके, उत्तरासंगकरके समवसरण और गुरुको, प्रदक्षिणा करके. 'नमोस्तु २' कहता हुआ, गुरुको

नमस्कार करके हाथ जोमके, खमा होयके कहे. "॥ जगवन् प्राप्तमनुष्यजन्मार्यदेशार्यकुलस्य मम बोधिरूपां जिनाज्ञां देहि ॥" गुरु कहे "॥ ददामि ॥" शिष्य फिर नमस्कार करके कहे "॥ नयोग्योहमुपनयनस्य तज्जिनाज्ञां देहि ॥" गुरु कहे ददामि ॥" पीछे द्वादश (१२) गर्जतंतुरूप, जिनोपवीतप्रमाण दीर्घ (लंबा) कार्प्पासका, वा रेशमका, उत्तरीयक, परमेष्ठिमंत्र पढता हुआ, जिनोपवीतवत् पहिरावे. पीछे गुरु, पूर्वाजिमुख शिष्यको चैत्यवंदन करावे. । पीछे शिष्य 'नमोस्तु २" कहता हुआ, सुखसें बैठे गुरुके पगोंमें पमके, फिर खडा होके, हाथ जोमके, ऐसें कहे. "॥ जगवन् उत्तरीयकन्यासेन जिनाज्ञामारोपितोहं ॥" गुरु कहे "सम्यगारोपितोसि तर जवसागरम् ॥" पीछे गुरु सन्मुख बैठे शूद्रके आगे व्रतानुज्ञा देवे. ॥ यथा ॥

सम्यक्त्वेनाधिष्ठितानि व्रतानि द्वादशैव हि ॥
धार्याणि जवता नैव कार्यः कुलमदस्त्वया ॥ १ ॥
जैनर्षीणां तथा जैनब्राह्मणानामुपासनम् ॥
विधेयं चैव गीतार्थाचीर्णं कार्यं तपस्त्वया ॥ २ ॥
न निंद्यः कोपि पापात्मा न कार्यं स्वप्रशंसनम् ॥
ब्राह्मणेज्यस्त्वया मानं दातव्यं हितमिछता ॥ ३ ॥
शेषं चतुर्वर्णशिक्षाश्लोकव्याख्यानमाचरेत् ॥
उत्तरीयपरिभ्रंशे जंगे वाप्युपवीतवत् ॥ ४ ॥

कार्यं व्रतं प्रेतकर्मकरणं वृषल त्वया ॥
युक्तिरेषोत्तरासंगानुज्ञायां च विधीयते ॥ ५ ॥
क्षात्राणामथ वैश्यानां देशकालादियोगतः ॥
त्यक्तोपवीतानां कार्यमुत्तरासंगयोजनम् ॥ ६ ॥
धर्मकार्ये गुरोर्दृष्टौ देवगुर्वालयेऽपि च ॥
धार्यस्तथोत्तरासंगः सूत्रवत् प्रेतकर्मणि ॥ ७ ॥
अन्येषामपि कारूणां गुर्वानुज्ञां विनापि हि ॥
गुरुधर्मादिकार्येषु उत्तरासंग इष्यते ॥ ८ ॥

अर्थः—सम्यक्त्वके संयुक्त द्वादश व्रत तैने धारण करने, और कुलका मद न करना. । जैन ब्राह्मणोंकी उपासना करनी; तथा गीतार्थाचीर्ण तप करना. । किसी पापात्माको निंदना नही, अपनी प्रशंसा नकरनी, हित इच्छके ब्राह्मणको मान देना । शेष चतुर्वर्णशिक्षाश्लोकमें कहे आचारको आचरण करना, (उत्तरीयके परिभ्रंशमें, वा नंगने उपवीतवत् जाणना । व्रत करना, प्रेतकर्म करना,) हे वृषलशूद्र ! उत्तरासंगकी अनुज्ञामें तैने यह युक्ति करनी । देशकालादियोगसें त्याग किया है उपवीत जिनोंनें, वैसे क्षत्रिय और वैश्योंको, उत्तरासंग योजन करना । धर्मकार्यमे,. गुरुकी दृष्टिमें, देव और गुरुके मकानमें, तथा प्रेतकर्ममें, सूत्रकी तरें उत्तरासंग धारण करना. । और नी कारुओंको गुरुकी आज्ञाके विना नी गुरुधर्मादिकार्योंमें उत्त

रासंग इच्छते हैं. । ऐसा व्याख्यान करके गुरु शिष्य को चैत्यवंदन करावे. । परमेष्टिमंत्रका उच्चार और मंत्रव्याख्यान पूर्ववत्. । इतना विशेष है. शूद्रादि कोंको 'नमो' के स्थानमें 'णमो' उच्चारण कराना. इतिगुरुसंप्रदायः । पीछे शिष्यसहित गुरु, उत्सव करते हुए धर्मागारमें जावे. तहां मंगलीपूजा, गुरु नमस्कार, वासक्षेपादि पूर्ववत्. । पीछे मुनियोंको अन्न, वस्त्र, पात्र दान देवे. और चतुर्विध संघकी पूजा करे. ॥ इति उपनयने शूद्रादीनां उत्तरीयक न्यासोत्तरासंगानुज्ञोविधिः ॥

अथ बटूकरणविधिः—अथ बटूकरणविधि लिखते हैं. ॥ जिसवास्ते सम्यक् उपनीत, वेदविद्यासंयुक्त, दुष्प्रतिग्रहवर्जित, अशूद्रान्नभोजन करनेवाले, माह नोंके आचारमें रक्त, सर्व गृहस्थोकेसंस्कारप्रतिष्ठादिक मोंके करानेवाले, ऐसें ब्राह्मण, पूज्य होते हैं. । परंतु त्रियादि राजायोंको, सेवा, अन्नपाक, तिसकी आज्ञा करनी, अभ्युत्थान, चाटुः—मनोहर वचन, प्रशंसा, विना नमस्कारके आशीर्वाद देना, विज्ञानकर्म, कृषि वाणिज्यकरण, तुरंगवृषभादि शिक्षाकरण, इत्यादि कर्म करनेवाले ब्राह्मणयोग्य नहीहै. इसवास्ते एसे ब्राह्मणो वा हरकोइ को शुद्ध ब्राह्मण बनानेके लिए "बटू करण" विधि करनाचहिये. सो बतातेंहै. उक्तं च यतः ॥

च्युतव्रतानां व्रात्यानां तथा नैवेद्यभोजिनाम् ॥
कुकर्म्मणामवेदानामजपानां च शस्त्रिणाम् ॥ १ ॥
ग्राम्याणां कुलहीनानां विप्राणां नीचकर्म्मणाम् ॥
प्रेतान्नभोजिनां चैव मागधानां च वंदिनाम् ॥ २ ॥
घांटिकानां सेवकानां गंधतांबूलजीविनाम् ॥
नटानां विप्रवेषाणां पर्शुरामान्वयायिनाम् ॥ ३ ॥
अन्यजात्युद्भवानां च वदिवेषोपजीविनाम् ॥
इत्यादिविप्ररूपाणां वटूकरणमिष्यते ॥ ४ ॥

अर्थः—व्रतसे भ्रष्ट हुए, संस्कारहीन, नैवेद्यका भोजन करनेवाले, कुकर्मके करनेवाले, जैन वेदको नही जाणनेवाले, वेद मंत्रोंका जप न करनेवाले, शस्त्रको धारण करनेवाले, कुग्रामके वसनेवाले, कुलहीन, नीच कर्मके करनेवाले, प्रेतके अन्नका भोजन करनेवाले, मागध—स्तुतिपाठ पढनेवाले वंदीराजादिकी स्तुति पढनेवाले, घंटिका वजानेवाले, सेवा करनेवाले, गंधतांबूलकरके आजीविका करनेवाले, विप्रवेष धारण करनेवाले नट, पर्शुरामके संतानीय, अन्य जातिसें उत्पन्न हुए, वंदिवेषसे आजीविका करनेवाले, इत्यादि विप्ररूपको वटूकरण इच्छते हे । तिस का यह विधि है प्रथम तिसके घरमे गृहस्थगुरु, यथोक्त विधिसें पौष्टिक करे पीछे तिसको शिखा वर्जके मुंडन करावे, पीछे तिसको तीर्थोदक

वाणिज्ये स्वामिसेवायां कपटं मा कृथाः क्वचित् ॥
ब्रह्मस्त्रीभ्रूणगोरक्षां देवर्षिगुरुसेवनम् ॥ २ ॥
अतिथीनां पूजनं च कुर्याद्दानं यथा धनम् ॥
अथात्मघातं मा कुर्या मा वृथा परतापनम् ॥ ३ ॥
उपवीतमिदं स्थाप्यमाजन्मविधिवत्त्वया ॥
शेषः शिक्षाक्रमः कथ्यश्चातुर्वर्ण्यस्य पूर्ववत् ॥ ४ ॥

अर्थः—परनिंदा, परद्रोह, परधनकी वांछा, मांस भक्षण, म्लेच्छकंद"लशुनादिभक्षण, इनको वर्जना.। वाणिज्यमें स्वामीकी सेवामें, कदापि कपट न करना; ब्राह्मण, स्त्री, गर्भ और गौ, इन चारोंकी रक्षा करनी देव ऋषि और गुरुकी सेवा करनी.। अतिथीयोंका पूजन करना, धनके अनुसार दान देना, आत्मघात नही करना, परको पीडा न करनी. । जन्मपर्यंत यावज्जीवे तबतक विधिपूर्वक उपवीत धारण करना, शेष शिक्षाक्रम पूर्ववत् चारों वर्णोंका कथन करना. ॥ पीछे सो बटुकृत, गुरुको स्वर्ण, वस्त्र, धेनु, अन्न, दान करे.। यहां बटुकरणमें वेदी, चतष्किका, समवसरण, चैत्यवंदन, व्रतानुज्ञा, व्रतविसर्ग, गोदान, वासक्षेपादि नही है.॥ इति बटुकरणविधिः॥

इति द्वादशमोपनयनादिसंस्कारवर्णं समाप्तम् ॥



॥ अथ अध्ययनारंभ संस्कार लिख्यते ॥

अश्विनी, मूल, पूर्वा ३, मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, हस्त, शतभिषा, स्वाति, चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा, येह नक्षत्र और बुध, गुरु, शुक्र, येह वार विद्यारंभमें शुभ है. अर्थात् इनोंमें प्रारंभ करी विद्या प्राप्त होती है रवि और चंद्र, मध्यम है मंगल और शनिवार, त्यागने योग्य है । अमावास्या, अष्टमी, प्रतिपत् (एकम,) चतुर्दशी, रिक्ता, षष्ठी, नवमी, येह तिथियें विद्यारंभमें सदाही वर्जनी. ।

अथ उपनयनसदृश दिन और लग्नमें विद्यारंभ संस्कारका आरंभ करिये, तिसका यह विधि है. । गृहस्थगुरु प्रथम विधिसें उपनीत पुरुषके घरमें पौष्टिक करे; पीछे गुरु, मंदिरमें, वा उपाश्रयमें, वा कदंबवृक्षकेतले, कुशाके आसनउपर आप बैठके, शिष्यको वामेपासे कुशासनोपरि बिठलाके तिसके दक्षिण कानको पूजके तीनवार सारस्वत मंत्र पढे. पीछे गुरु, अपने घरमें, वा पाठ शालामे वा पौषधागारमें, शिष्यको पालखी, वा घोडेपर चढायके मंगलगीतोंके गाते हुए, दान देते हुए, वाजंत्र वाजते हुए, यति गुरुकेपास लेजाके मंडलीपूजापूर्वक वास क्षेप करवाके, पाठशालामें लेजावे पीछे गुरु शिष्यको आगे येह शिक्षाश्लोक पढे. । यथा ॥

अज्ञानतिमिरांधानां, ज्ञानांजनशलाकया ॥
नेत्रमुन्मीलितं येन, तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ १ ॥
यासां प्रसादादधिगम्य सम्यक्, शास्त्राणि विंदन्ति परं पदंज्ञाः ॥ मनीषितार्थप्रतिपादकाभ्यो नमोस्तु ताभ्यो गुरुपा डुकाभ्यः ॥ २ ॥
सत्येतस्मिन्नरतिरतिदं गृह्यते वस्तु दूरा, दप्यासन्नेप्य सति तु मनस्याप्यते नैव किंचित् ॥ पुंसामित्यप्यवग तवतामुन्मनीभावहेता, विच्छा वाढं भवति न कथं सद्गुरूपासनायाम् ॥ ३ ॥
इति मत्वा त्वया वत्स ! त्रिशुध्धोपासनं गुरोः ॥
विधेयं येन जायंते गोधीकीर्तिधृतिश्रियः ॥ ४ ॥

ऐसें शिष्यको शिक्षा देके, और तिससें स्वर्ण वस्त्र दक्षिणा लेके, गुरु अपने घरको जावे. पीछे उपाध्याय, सर्वको पहिले मातृका पढावे; पीछे विप्रको प्रथम आर्यवेद पढावे, पीछे षडंगी, पीछे न्याय व्याकर्ण धर्मशास्त्र पढावे; क्षत्रियको भी ऐसेंही चतुर्दश विद्या पढावे. पीछे आयुर्वेद, धनुर्वेद, दंड नीति और आजीविकाशास्त्र पढावे. वैश्यको धर्म शास्त्र, नीतिशास्त्र, कामशास्त्र और अर्थशास्त्र पढावे. शूद्रको नीतिशास्त्र और आजीविकाशास्त्र पढा वे, कारुयोंको तिनके उचित विज्ञानशास्त्र पढावे. पीछे सा धुयोंको चतुर्विध आहार वस्त्र पात्र पुस्तक दान देवे.।

इति त्रयोदशमविद्यारंभसंस्कारवर्णनं समाप्तं ॥

अथ विवाह संस्कार विधिलिख्यते ॥

विवाह जो है सो समानकुलशीलवालोंकाही होता है. यतउक्त ॥

ययोरेव समं शीलं, ययोरेव समं कुलम् ॥
तयोर्मैत्री विवाहश्च, न तु पुष्टविपुष्टयोः ॥ १ ॥

तिसवास्ते समकुलशील, समजाति, जाने है देशकृत्य जिनोंके, तिनका विवाहसंवध जोडना योग्य है, तिसवास्ते जो अविकृत है, तिसनें विकृतकुलकी कन्या ग्रहण नही करनी । विकृतकुलं यथा । जिनकेकुलमें शरीरऊपर रोम वहुत होवे, अर्शरोग होवे, दाद होवे, चित्रकुष्टि होवे, नेत्ररोग होवे, उदररोग होवे, ऐसे वंशोंकी कन्या न ग्रहण करनी विकृत कुल होनेसें । कन्या विकृता यथा । वरसें लंवी होवे, हीन अंगवाली होवे, कपिला होवे, ऊची दृष्टिवाली होवे, जिसका जापण और नाम भयानक होवे, ऐसी कन्या विचक्षणोंको त्यागने योग्य है. तथा देवता, ऋषि, ग्रह, तारा, अग्नी नदी, वृक्षादिकके नामसें जो कन्या होवे, तथा जिसके शरीरऊपर वहुत रोम होवे, पिंगाक्षी और घरघरास्वरवाली, ऐसी कन्या भी पाणिग्रहणमे वर्जनी. ॥ कन्यादाने वरस्य विकृतं कुलं यथा ॥ हीन होवे, क्रूर होवे, बधूसहित होवे, दरिद्री होवे,

समें, गुरु शुक्रके अस्त हुए, मलमासमें, और जन्म मासमें, विवाहादि न करना. । मासांतमें, संक्रांति में, संक्रांतिके दूसरे दिनमें, ग्रहणादि सात दिनोंमें जी, पूर्वोक्त कार्य नही करना. । जन्मके तिथि वार, नक्षत्र, लग्नमें; राशि और जन्मके ईश्वरके अस्त हुए, और क्रूर ग्रहोकरके हत हुए जी, विवाह नही करणा. । जन्मराशिमें, जन्मराशि और जन्मलग्नसें बारमें और आठमेमें, और लग्नके अंशके अधिपके छठे, और आठमे घरमें गए हुए, लग्न नही करना. । स्थिर लग्नमें, वा द्विस्वजावलग्नमें, वा सद्गुण करी संयुक्त चर लग्नमें, उदयास्तके विशुद्ध हुए, विवाह करना. परंतु उत्पातादिकरके विदूषितमें नही करना. । लग्न और सप्तम घर, ग्रहकरके वर्जित होवे; तीसरे, छठे, और इग्यारमे घरमें, रवि, मंगल और शनि होवे. । छठे और तीसरे घरमें, तथा पापग्रहवर्जित पांचमें घरमें राहु होवे; लग्नमें तथा पांचमे, चौथे, दशमे, और नवमे घरमें बृहस्पति होवे. । ऐसेंही शुक्र, बुध, होवे; लग्न, छठे, आठमे, बारमे घरसें, अन्यत्र चंद्रमा होवे, सो जी पूर्ण होवे. । क्रूरकरके दृष्ट, और क्रूरसंयुक्त चंद्र वर्जना; क्रूर, और अंतस्थ लग्न और चंद्र वर्जने. । इत्यादि गुणसंयुक्त, दोष विवर्जित लग्नमें, शुज अंशमें शुज ग्रहोंकर दृष्ट हुए, पाणिग्रहण शुज है. ॥ इत्यादि

श्रीजद्रबाहु, वराह, गर्ग, लल्ल, पृथुयशः, श्रीपति, विरचितविवाहशास्त्रके अवलोकनसें शुज लग्न देख के विवाहका आरंज करना. ॥

श्लोकः ॥

ततश्च कुलदेशादि गुरुवाक्यविशेषतः ॥
अनुज्ञातं विवाहादि गर्ग्गादिमुनिजिः पुरा ॥१॥

वृत्तम् ॥

सूर्यः षट् त्रिदशस्थितस्त्रिदशषट्ससाद्यगश्चंद्रमा
जीवः ससनवद्विपंचमगतो वक्रार्कजौ षट्त्रिगौ ॥
सौम्यः षट्द्विचतुर्दशाष्टमगतः सर्वेप्युपांते शुजाः
शुक्रः ससमषट्दशाष्टरहितः शार्दूलवत्रासकृत् ॥ १ ॥

स्त्रीयोंको बृहस्पति बलवान् होवे, पुरुषोको सूर्य बलवान् होवे, और दंपतीको चंद्र बलवान् होवे तो, लग्न शोधना ॥

प्रथम कन्यादानविधि कहते हैं.—पूर्वोक्त समान कुलशीलवाले, अन्य गोत्रीसें कन्या मांगनी. । पूर्वोक्त गुणविशिष्ट वरकेतांइ कन्या देनी. । कन्याके कुलज्येष्ठने वरके कुलज्येष्ठको, नालियर, क्रमुक (सुपारी) जिनोपवीत, व्रीही, दूर्वा, हरिद्रा अपने २ देशकुलोचित वस्तु दानपूर्वक कन्यादान करना. तदा गृहस्थगुरु वेदमंत्र पढे । स यथा ॥

"॥ ॐ अर्हं परमसौजाग्याय, परमसुखाय, परम जोगाय, परमधर्म्माय, परमयशसे, परमसन्तानाय,

जोगोपजोगांतरायव्यवच्छेदाय, इमां अमुकनाम्नीं कन्यां अमुकगोत्रां अमुकनाम्ने वराय अमुकगोत्राय ददाति गृहाण अर्हं ॐ ॥"

पीछे सर्व लोकोंकेतांइ कन्याके पक्षी तांबूल देवे. । तथा दूर रहे विवाहकालमें वरके जीते हुए, सो कन्या अन्यको न देवे.

उक्तंच ॥

"सकृज्जल्पन्ति राजानस्सकृज्जल्पन्ति पण्डिताः ॥
सकृत् प्रदीयते कन्या त्रीण्येतानि सकृत् सकृत्॥१॥"

राजाओं एकवार बोलते हैं, पंडित जन एक वार बोलते हैं, कन्या एकवार दिइजाती हैं. पूर्वोक्त तीन कार्य एकएकहीवार होते हैं. ॥ तथा वर जी, तिस कन्याको वस्त्र, आजरण, गंधादिउत्सवसहित, तिसके पिताके घरमें देवे. । कन्याका पिता जी, परिजनसंयुक्त वरको, महोत्सवसहित वस्त्र मुद्रिकादिक देवे. ॥

लग्नदिनसें पहिले मासमें. वा पक्षमें, अवकासानुसारें दोनों पक्षोंके स्वजनोंको एकठे करके, सांवत्सर–ज्योतिषिकको उत्तम आसनऊपर बिठलाके, तिसके हाथसें विवाहलग्न जूमिके ऊपर लिखवावे; और रूप्य, स्वर्णमुद्रा, फल, पुष्प, दूर्वा करके जन्मलग्नवत् विवाहलग्नको पूजे. । पीछे ज्योतिषिको

दोनों पक्षोंके वृद्धनें वस्त्रालंकार तांबूलदान देना इति विवाहारंजः ॥

पीछे कोरे शरावलोंमें यव वोवने। पीछे कन्याके घरमें मातृस्थापना, और षष्ठीस्थापना, षष्ठी पूजनविधिके प्रकारसें करना । वरके घरमें मातृ स्थापन, और कुलकरस्थापन करना. । परमतमें गण पति, कंदर्प स्थापन करते हैं. सो सुगम, और लोक प्रसिद्ध है. ॥

अथ कुलकर स्थापनविधि कहते हैं. ॥ गृहस्थ गुरु जूमिपर नही पडे गोमय (गोवर) करके लीपी हुई जूमिमें, स्वर्णमय, रूप्यमय, ताम्रमय, वा श्रीप र्णीकाष्ठमय, पट्टा, स्थापन करे । पट्टकस्थापन मंत्रः

"॥ ॐ आधाराय नमः आधारशक्तये नमः ।

इस मंत्रकरके एकवार मंत्रके पट्टेको स्थापन करके, तिस पट्टेको अमृतामंत्रकरके तीर्थजलोंसें अजिपिंचन करके. । पीछे चदन, अक्षत, दूर्वाकरके पट्टेको पूजे. । पीछे आदिमें.

"॥ ॐ नमः प्रथमकुलकराय, कांचनवर्णाय, श्यामवर्ण चंद्रयशः प्रियतमासहिताय, हाकारमात्रोच्चारख्यापितन्याय्यपथाय, विमलवाहनाजिधानाय, इह विवाहमहोत्सवादौ आगछ २, इह स्थाने तिष्ट २, सन्निहितो जव २, क्षेमदो जव २, उत्सवदो जव २, आनंददो जव २, जोगदो जव २, कीर्तिदो जव २,

अपत्यसंतानदो भव २, स्नेहदो भव २, राज्यदो भव २, इदमर्घ्यं पाद्यं बलिं चर्चां आचमनीयं गृहाण २, सर्वोपचारान् गृहाण ॥ " २, पीछे ॥

" ॥ ॐ गंधं नमः । ॐ पुष्पं नमः । ॐ धूपं नमः । ॐ दीपं नमः । ॐ उपवीतं नमः । ॐ भूषणं नमः । ॐ नैवेद्यं नमः । ॐ तांबूलं नमः ॥ "

पूर्वोक्त मंत्रकरी आव्हान संस्थापन करके, इस मंत्रसे अर्घ्य, पाद्य, बलि, चर्चा, आचमनीय, दान देवे. यह छोटे मंत्रोंसें गंधके दो तिलक, दो पुष्प, दो धूप, दो दीप, एक उपवीत, दो स्वर्णमुद्रा, दो नैवेद्य, दो तांबूल, चढावे. ॥१॥ पीछे दूसरे स्थानमें ॥

" ॥ ॐ नमो द्वितीयकुलकराय, श्यामवर्णाय, श्यामवर्णचंद्रकांता प्रियतमासहिताय, हाकारमात्रख्यापितन्याय्यपथाय, चक्षुष्मदभिधानाय, ॥ " शेषं पूर्ववत् ॥ २ ॥

" ॥ ॐ नमस्तृतीयकुलकराय, श्यामवर्णाय, श्यामवर्णसुरूपाप्रियतमासहिताय माकारमात्रख्यापितन्याय्यपथाय, यशस्वअभिधानाय ॥ " ॥ शेषं पूर्ववत् ॥

" ॥ ॐ नमश्चतुर्थकुलकराय, श्वेतवर्णाय, श्यामवर्णप्रतिरूपाप्रियतमासहिताय, माकरमात्रख्यापितन्याय्यपथाय, अभिचंद्राभिधानाय ॥ " शेषं पूर्ववत् ॥

" ॥ ॐ नमः पंचमकुलकराय, श्यामवर्णाय, श्यामवर्णचक्षुःकांताप्रियतमासहिताय, धिक्कारमात्रख्या

पितन्याय्यपथाय प्रसेनजिदभिधानाय ॥" शेषं पूर्ववत् ॥ ५ ॥

"॥ ॐ नम षष्ठकुलकराय, स्वर्णवर्णाय, श्यामवर्णश्रीकांताप्रियतमासहिताय, धिक्कारमात्रख्यापितन्याय्यपथाय मरुदेवाभिधानाय, ॥" शेषं पूर्ववत् ॥ ६ ॥

"॥ ॐ नमः सप्तमकुलकराय, कांचनवर्णाय, श्यामवर्णमरुदेवाप्रियतमासहिताय, धिक्कारमात्रख्यापितन्याय्यपथाय, नाभीअभिधानाय ॥" शेषं पूर्ववत् ॥ ॥ ७ ॥ इतिकुलकरस्थापन पूजनविधिः ॥

यह कुलकरस्थापना और परसमयमें गणेशमदन स्थापना, विवाहके पीछे भी सात अहोरात्रपर्यंत रखनी चाहिये । पीछे वरके घरमें शांतिक, पौष्टिक करे. और कन्याके घरमें मातृपूजा पूर्ववत् । पीछे विवाहकालसें पूर्व सात, नव, इग्यारह, वा तेरह, दिनोंमें वधूवरको अपने २ घरमें, मंगलगीतवाजंत्र पूर्वक, तैलाभिषेक और स्नान, नित्य विवाहपर्यंत कराना. । प्रथमतैलाभिषेकदिनमें, वरके घरसें कन्याके घरमें, तैल, शिरःप्रसाधनगंधद्रव्य, द्राक्षादि खाद्य, शुष्कफल, भेजने । नगरकी औरतें वरके घरमें और कन्याके घरमें, तैल, धान्य, ढौकन करें । वधूवरके घरकी वृद्ध नारीयों तिन तैल धान्यढौकने वाली नारीयोंको, पूडे आदि पक्वान्न देवें । तहां धारणादि देशाचार, कुलाचारोंसें करना. । तैलाभि

षेक, कुलकर गणेशादि स्थापन, कंकणबंध, अन्य विवाहके उपचारदिक सर्व, वधूवरको चंद्रबलके हुए, विवाहवाले नक्षत्रमें करना. । तथा धूलिभक्त, कौर भक्त, सौभाग्यजलल्यावन प्रमुख, कर्म, मंगलगीत वाजंत्रादिसहित देशाचार कुलार विशेषसें करना. । पीछे जेकर, वर, अन्य ग्रामांतर, नगरांतर, वा देशांतरमें होवे तो, तिसकी गमनयात्रा (जान जनेत वरात) कन्याके निवासस्थानप्रति करनी; तिसका विधि यह है. ॥

प्रथम एक दिनमें मातृपूर्वक सर्व लोकोंको भोजन देना; पीछे दूसरे दिन सुस्नात होके, चंदन का लेपन करके, वस्त्रगंधमाल्यादिकरके अलंकृत होके, मुकुट भूषित शिरको करके, घोडेपर, वा हाथी पर, वा पालखीमें आरूढ होके, वर चले. । तिसके समीप, अच्छे वस्त्रोंवाले, प्रमोदसहित, पानबीडे चावे हुए, संबंधी ज्ञातिजन, अपनी २ संपदानु सार घोडेआदि ऊपर चढे हुवे, वा पगोंसें चलते हुए, वरकेसाथ चलें. । दोनों पासे, मंगलगानमें तत्पर ऐसी ज्ञातिकी नारीयां चलें और आगे जैन ब्राह्मणलोक, गृहशांतिमंत्र पढते हुए चलें. ॥

"ॐ अर्हं आदिमोर्हन्, आदिमो नृपः, आदिमो यंता, आदिमो नियंता, आदिमो गुरुः, आदिमः स्रष्टा, आदिमः कर्त्ता, आदिमो भर्त्ता, आदिमो

जयी, आदिमो नयी, आदिमः शिल्पी, आदिमो विद्वान्, आदिमो जल्पकः, आदिमः शास्ता, आदिमो रौद्रः, आदिमः सौम्य, आदिमः काम्यः, आदिमः, शरण्यः, आदिमो दाता, आदिमो वंद्यः, आदिमः स्तुत्यः, आदिमो ज्ञेयः, आदिमो ध्येयः, आदिमो भोक्ता, आदिमः सोढा, आदिम एकः, आदिमोऽनेकः, आदिमः स्थूलः, आदिमः कर्म्मवान् आदिमोऽकर्म्मा, आदिमो धर्म्मवित्, आदिमोऽनुष्टेयः, आदिमोऽनुष्ठाता, आदिमः सहजः, आदिमो दशावान् आदिमः सकलत्रः, आदिमो निःकलत्रः, आदिमो विवोढा, आदिमः ख्यापकः, आदिमो ज्ञापकः, आदिमो विदुरः, आदिमः कुशलः, आदिमो वैज्ञानिक., आदिमः सेव्यः, आदिमोगम्यः, आदिमो विमृश्यः, आदिमो विस्रष्टा, सुरासुरनरोरग प्रणतः, प्राप्तविमलकेवलो यो गीयते, सकलप्राणिगणहितो, दयालुरपरापेक्षापरात्मा, परंज्योतिः, परं ब्रह्मा, परमैश्वर्यभाक्, परंपर, परापरो, जगदुत्तम, सर्वगः, सर्ववित्, सर्वजित्, सर्व्वीयः, सर्व्वप्रकास्य सर्ववंद्यः, सर्वपूज्यः, सर्वात्माऽसंसारोऽव्ययोऽवार्यवीर्यः, श्रीसंश्रयः, श्रेय, संश्रयः, विश्वावश्यायहृत्, संशयहृत्, विश्वसारो, निरंजनो, निर्मम्मो, निःकलंको, निःपाप्मा, निःपुण्यः, निर्मना, निर्वाचा, निर्देहो, निःसंशयो, निराधारो, निरवधिः प्रमाण, प्रमेयं, प्रमाता,

जीवाजीवाश्रवबंधसंवरनिर्जरावंधमोक्षप्रकाशकः, स एव भगवान्, शान्तिं करोतु, तुष्टिं करोतु, पुष्टिं करोतु, ऋद्धिं करोतु, वृद्धिं करोतु, सुखं करोतु, सौख्यं करोतु, श्रियं करोतु, लक्ष्मीं करोतु अर्हं ॐ ॥

ऐसें आर्यवेदके पाठी ब्राह्मण, आगे चलें. । पीछे इसी विधिसें महोत्सवकरके, चैत्यपरिपाटी, गुरुवंदन, मंडलीपूजन, नगरदेवतादिपूजन, करके, नगरके समीप रहे; पीछे पंथमें चलें. । तथा इसी रीतिसें कन्याधिष्ठित नगरमें प्रवेश करना. । तिसही नगरमें विवाहकेवास्ते चले हुए वरका भी, यही विधि जाणना. । तथा नित्यस्नानके अनंतर कौसुंभ सूत्रकरके वधूवरके शरीरका माप करना. । पीछे विवाहदिनके आये हुए, विवाहलग्नसें पहिले, तिस ही नगरका वासी, वा अन्यदेशसें आया वर, तिस ही पूर्वोक्त विधिसें, पाणिग्रहणकेवास्ते चले. तिस की बहिन विशेषकरके लूंणआदि उत्तारण करे. । पीछे वर, आडंबर और गृहस्थगुरुसहित कन्याके घरके द्वारमें आवे. तहां खडे हुए वरको, तिसके सासुजन, कर्पूरदीपकादिकरके आरात्रिक (आरति) करे. । पीछे अन्य स्त्री, जलते हुए अंगारे, और लवणकरके संयुक्त, त्रड त्रड ऐसे शब्द करते हुए, सरावसंपुटको, वरको निरुंछन करके, प्रवेशमार्गके वामे पासे स्थापन करे. । पीछे अन्य स्त्री कौसुं

नसूत्रसें अलंकृत, मंथानको लाके, तिससें, तीन वार वरके ललाटको स्पर्श करे । पीछे वर, वाहन सें नीचे उतरके, वामे पगसे तिस अग्निलवण संयुतसंपुटको खंमित करे (तोडे.) पीछे वरकी सासु, वा कन्याकी मामी, वा कन्याका मामा, कौसुं नवस्त्रको वरके कंठमें मालके, खेंचता हुआ वरको मातृघरमें ले जावे. तहां विभूषाकरके, कौतुकमंग लकरके, प्रथम आसनऊपर बैठी हुई कन्याके वामे पासे, मातृदेवीके सन्मुख, वरको बिठलावे । पीछे गृहस्थगुरु लग्नवेलामे शुभांशके हुए, पीसी हुई समी (खेजमी) की ठाल, और पीपलिकी ठाल, चंदनद्रव्यमिश्रितकरके, तिससें लीपे हुए, वधूवरके दोनों दक्षिण हाथ जोडे. । ऊपर कौसुंनसूत्रसें बांधे ॥ हस्तवधनमंत्रः ॥

"॥ ॐ अर्हं आत्मासि, जीवोसि, समकालोसि, समचित्तोसि, समकर्म्मासि, समाश्रयोसि, समदेहोसि, समक्रियोसि, समस्नेहोसि. समचेष्टितोसि, समाभिला षोसि, समेच्छोसि, समप्रमोदोसि, समविपादोसि, समावस्थोसि, समनिमित्तोसि, समवचाअसि, सम क्षुत्तृष्णोसि, समगमोसि, समागमोसि, समविहा रोसि, समविषयोसि, समशब्दोसि, समरूपोसि, समगंधोसि, समस्पर्शोसि, समेंद्रियोसि, समाश्रवो सि, समबंधोसि, समसंवरोसि, समनिर्जरोसि, सम

मोक्षोसि, तत् एहि एकत्वमिदानीं अर्हं ॐ ॥"
इति हस्तबंधनमंत्रः ॥

यहां समयांतरमें (वैदिक मतमें) मधुपर्क जक्षण, देशांतरमें वरको दो गौयां देनी, और कुलांतरमें कन्याको आनरण पहिरावणे, इत्यादि करते हैं। पीछे वधुवरको मातृघरमें वैठे हुए, कन्याके पक्षी, वेदिकी रचना करें; तिसका विधि यह है. ॥ कितनेक काष्टस्तंन काष्टाच्छादनोंकरके चौकूणी वेदी करते हैं; और कितनेक चारों कूणोंमें स्वर्ण, रूप्य, ताम्र, वा माटीके सात सात कलशोंको ऊपर लघु, लघु, अर्थात् प्रथम वमा उसके ऊपर गेटा, उसके ऊपर फिर गेटा, एवं स्थापन करके चारों पासे चार चार आर्द्र वांसोंसें वांधके वेदि करते हैं. चारों वारणोंमें वस्त्रमय, वा काष्टमय तोरण, और चंदन मालिका वांधते हैं; और अंदर त्रिकोण अग्निका कुंम करते हैं. । वेदी वनाया पीछे गृहस्थगुरु, पूर्वोक्त वेष धारण करके वेदिकी प्रतिष्टा करे. । तिसका विधि यह है. ॥

वास पुष्प अक्षतों सें हाथ जरके ॥

"॥ ॐ नमः क्षेत्रदेवतायै शिवायै क्षाँ क्षीं क्षुँ क्षौँ क्षः इह विवाहमंडपे आगच्छ २ इह वलिपरिज्नोग्यं गृह्ण २ जोगं देहि, सुखं देहि, संततिं देहि यशोदेहि,

ऋद्धिं, देहि, वृद्धिं देहि, बुद्धिं देहि, सर्वसमीहितं देहि, २ स्वाहा ॥"

ऐसें पढके चारों कोणोंमें न्यारेन्यारे वास, माल्य, अक्षत, क्षेप करना; तोरणकी प्रतिष्ठाभी ऐसेंही करनी. तन्मंत्रो यथा ॥

"ॐ ह्रीं श्रीं नमो द्वारश्रिये, सर्वपूजिते, सर्व मानिते, सर्वप्रधाने, इह तोरणस्थासर्वसमीहितं देहि २ स्वाहा ॥"॥ इतितोरणप्रतिष्ठा ॥

पीछे वेदिके मध्यमें अग्निकोणेमें अग्निकुंडमें मंत्रपूर्वक अग्निको स्थापन करे. । अग्निस्थापन मंत्रो यथा ॥

"॥ ॐ रं रां रीं रूं रौं रः नमोऽग्नये, नमो बृह ज्ञानवे, नमोनंततेजसे, नमोनंतवीर्याय, नमोनंतगु णाय, नमो हिरण्यरेतसे, नमछागवाहनाय, नमो हव्यासनाय, अत्र कुंडे आगच्छ २ अवतर २ तिष्ट २ स्वाहा ॥"

समयांतरमें, देशांतरमें वा कुलांतरमें, वेधंतर मेंही, हस्तलेपन करते है. देश कुलाचारादिमें मधु पर्क प्राशनके अनंतर, वेदि, और हस्तलेपसें पहि ले परस्पर कंयायुरू, वधूवरास्फालन, वेमानयन, मणिग्रथन, स्नान, चाष्टकर्म, पर्याणकर्म्म, वस्त्रकौसुं जसूत्रांतःकर्पणप्रमुख, कर्म्म करते है. वे देशविशे पलोकोसें जाण लेने व्यवहार शास्त्रोंमें नही कहे

हें परंतु स्त्रीयोंको सौजाग्यप्राप्तिवास्ते, शौक आदि न होवे तिसके वास्ते, वरको वशीजूत करनेके वास्ते करते हें. ॥

पीछे युक्त हाथवाले, नारी और नरकी कटी ऊपर चढे हुए वधूवर दोनोंको, गीतवाजंत्रादि बहुत आमंवरसें दक्षिण द्वारसें प्रवेश कराके वेदिके मध्यमें लावे. । पीछे देशकुलाचारसें काष्टासनोंके ऊपर, वा वेत्रासनोंके ऊपर, वा सिंहासनके ऊपर, वा अधोमुखी शरमय खारीके ऊपर, वधूवरको पूर्व सन्मुख बिठलावे. । तथा हस्तलेपमें, और वेदिकमें कुलाचारके अनुसार दसियां सहित कौरवस्त्र, वा कौसुंजवस्त्र, वा स्वजाववस्त्र वधूवरको पहिरावे पीछे गृहस्थगुरु, उत्तरसन्मुख मृगचर्म ऊपर बेठाहुआ, शमी, पिप्पल, कपित्थ (कवठ—एतवेल) कुटज (कुडची—जिस वृक्षका फल इंद्रयव होता है,) बिल्व, आमलकके इंधनकरके अग्निको जगाके, इस मंत्रकरके घृत मधु तिल यव नाना फलोंका हवन करे ॥ मंत्रो यथा ॥

“॥ ॐ अर्हं अग्ने प्रसन्नः, सावधानो जव, तवायमवसरः, तदाहारयेंद्र यमं नैरुतं वरुणं वायुं कुबेरमीशानं नागान् ब्रह्माणं लोकपालान् ग्रहांश्च सूर्यशशिकुजसौम्यबृहस्पतिकविशनिराहुकेतून् सुरांश्चअसुरनागसुपर्णविद्युदग्निद्वीपोदधिदिक्कुमारान् जुवनपतीन्

पिशाचभूतयक्षराक्षसकिन्नरकिंपुरुषमहोरगगंधर्वान् व्यंतरान् चंद्रार्कग्रहनक्षत्रतारकान् ज्योतिष्कान् सौधर्मेशान् सनत्कुमारमाहेंद्रब्रह्मलांतकशुक्रसहस्रारान तप्राणतारणाच्युतग्रैवेयकानुत्तरभवान् वैमानिकान् इंद्रसामानिकपार्षद्यत्रायस्त्रिंशल्लोकपालानीकप्रकीर्णक लौकांतिकाभियोगिकभेदभिन्नांश्चतुर्णिकायानपि स भार्यान् सायुधबलवाहनान् स्वस्वोपलक्षितचिह्नान् अप्सरसश्च परिगृहितापरिगृहितभेदभिन्नाः सस खिकाः सदासिकाः साभरणा रुचकवासिनीर्दिक्कुम रिकाश्च सर्वाः समुद्रनदीगिर्याकरवनदेवतास्तदेतान् सर्वान् सर्वाश्च इदमर्घ्यं पाद्यमाचमनीयं बलि चरुं हुतं न्यस्तं ग्राह्य २ स्वयं गृहाण २ स्वाहा अर्हं ॐ॥"

पीछे अष्टीतरें हुत करके प्रदीप्त अग्निके हुए, गृहस्थगुरु, तहांसें उठके दक्षिणपासे स्थित हुई वधूके सन्मुख बैठके, ऐसा कहे ॥

"॥ ॐ अर्हं इदमासनमध्यासीनौ, स्वध्यासीनौ, स्थितौ, सुस्थितौ, तदस्तु वां, सनातन संगमः, अर्हं ॐ ॥"

ऐसें कहके कुशाग्रतीर्थोदककरके दोनोंको सींचन करे । पीछे वधूका पितामह, वा पिता, वा चाचा, वा भाइ वा मातामह, वा कुलज्येष्ठ, धर्मानुष्टान करके उचित वेषवाला, वधूवरके आगे बैठे. । शांतिक पौष्टिकसें आरंभके विवाहसें मासपर्यंत मंगल

गान, वादित्रवादन, भोजन तांबूल वस्त्र सामग्री सदैव करनेचहिये ॥ पीछे गुरु ॥

"॥ ॐ नमोर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यः ॥"

ऐसें कहके, प्रथम अक्षतपूर्ण हाथवाला होके वधूवरके आगे ऐसा कहे. ॥

"विदितं वां गोत्रं संबंधकरणेनैव ततःप्रका श्यतां जनाग्रतः"

जाना है तुमारा गोत्र, संबंध करनेसेंही; तिस वास्ते प्रकाश करो, लोकोंके आगे. । तब प्रथम वरके पक्षीय, अपने गोत्र, अपनी प्रवर, ज्ञाति और अपने अन्वय–वंशको प्रकाश करे, । पीछे वरकी माताके पक्षीय, गोत्र, प्रवर, ज्ञाति, और वंशको प्रकाश करे. । पीछे कन्याके पक्षीय, अपने गोत्र, प्रवर ज्ञाति, वंशको प्रकाश करे. । फिर कन्याकी माताके पक्षीय, गोत्र, प्रवर, ज्ञाति, वंशको प्रकाश करे. । पीछे गुरु. ॥

"॥ ॐ अर्हँ अमुकगोत्रीयः, इयत्प्रवरः, अमुकज्ञातिः, अमुकान्वयः, अमुकप्रपौत्रः, अमुकपौत्रः अमुकपुत्रः, अमुकगोत्रीयः, इयत्प्रवर अमुकज्ञातीयः, अमुकान्वयः, अमुकप्रदौहित्रः, अमुकदौहित्रः, अमुकः सर्ववरगुणान्वितो, वरयिता, अमुकगोत्रीया, इयत्प्रवरा, अमुकज्ञातीया, अमुकान्वया, अमुकप्रपौत्री, अमुकपौत्री, अमुकपुत्री, अमुकगोत्रीया, इयत्प्रवरा, अमुक

ज्ञातीया,अमुकान्वया, अमुकप्रदौहित्री, अमुकदौहित्रीअमुका वर्य्या तदेतयोर्वर्य्यावरयोर्वरवर्य्ययोर्नि विका विवाहसंबंधोस्तु शांतिरस्तु, तुष्टिरस्तु, पुष्टिरस्तु, धृतिरस्तु, बुद्धिरस्तु, धनसंतानवृद्धिरस्तु, अर्हं ॐ ॥' ऐसें कहे ॥

पीछे गुरु, वरवधूके पाससें गंध, पुष्प, धूप, नैवेद्य करके अग्निकी पूजा करावे । पीछे वधू लाजांजलिको अग्निमें निक्षेप करे. । पीछे फिर तैसेंही दक्षिण पासे वधू, और वामे पासे वर बैठे. । पीछे गुरु वेदमंत्र पढे.

" ॥ ॐ अर्हं अनादिविश्वमनादिरात्मा, अनादिकालः, अनादिकर्म्म, अनादिसंबंधो, देहिनां, देहानुमतानुगतानां, क्रोधोहंकारछझलोभैः, संज्वलनप्रत्याख्यानावरणाप्रत्याख्यानानंतानुबंधिभिः शब्दरूपरसगंधस्पर्शैरिछानिछापरिसंकलितै संबंधो अनुबंधः प्रतिबंधः संयोगः सुगमः सुकृतः स्वनुष्ठित. सुनिवृत्तः सुप्रास. सुलब्धो द्रव्यभावविशेषेण अर्हं ॐ॥ 'यह मंत्र पढके फेर ऐसा कहे

" ॥ तदस्तु वां सिद्धप्रत्यक्षं केवलिप्रत्यक्षं चतुर्णिकायदेवप्रत्यक्षं विवाहप्रधानाग्निप्रत्यक्षं नागप्रत्यक्षं नरनारीप्रत्यक्षं नृप्रत्यक्षं जनप्रत्यक्ष मातृप्रत्यक्षं पितृप्रत्यक्षं मातृपक्षप्रत्यक्ष पितृपक्षप्रत्यक्षं ज्ञाति

स्वजनबंधुप्रत्यक्षं संबंधः सुकृतः सदनुष्ठितः सुप्राप्तः
सुसंगतः तत्प्रदक्षिणी क्रियतां तेजोराशिर्विभावसुः॥"

ऐसें कहके तैसेंही ग्रथित अंचल वरवधू, अग्निकी प्रदक्षिणा करें. तैसें प्रदक्षिणाकरके तैसेंही पूर्वरी तिसें बैठे. लाजांजलीकी तीनों प्रदक्षिणामें आगे वधू और पीछे वर हो. दक्षिण पासे वधूका आसन, औरवामे पासे वरका आसन. ॥ इति प्रथमलाजाकर्म॥

पीछे वरवधूके आसन ऊपर बैठे हुए, वेद मंत्र पढे.

"॥ ॐ अर्हं कर्मास्ति मोहनीयमस्ति दीर्घस्थित्यस्ति निबिडमस्ति दुःछेद्यमस्ति अष्टाविंशतिप्रकृत्यस्ति क्रोधोस्ति मानोस्ति मायास्ति लोभोस्ति संज्वलनोस्ति प्रत्याख्यानावरणोस्ति अप्रत्याख्यानोस्ति अनंतानुबंध्यस्ति चतुश्चतुर्विधोस्ति हास्यमस्ति रतिरस्ति अरतिरस्ति भयमस्ति जुगुप्सरस्ति शोकोस्ति पुंवेदोस्ति स्त्रीवेदोस्ति नपुंसकवेदोस्ति मिथ्यात्वमस्ति मिश्रमस्ति सम्यक्त्वमस्ति सप्तति कोटाकोटि सागरस्थित्यस्ति अर्हं ॐ ॥" यह वेदमंत्र पढके ऐसा कहे.

"॥ तदस्तु वां निकाचितनिबिडबद्धमोहनीयकर्मोदयकृतः स्नेहः सुकृतोस्तु सुनिष्ठितोस्तु सुसंबंधोस्तु आभवमक्षयोस्तु तत् प्रदक्षिणी क्रियतां विभावसुः॥"

फेर भी तैसेंही अग्निकी प्रदक्षिणा करे॥ इति द्वितीयलाजाकर्म्म ॥

चारोंही लाजामें प्रदक्षिणाके प्रारंभमें वधू, अग्निमें लाजामुष्टि प्रक्षेप करे पीछे तिन दोनोंके तैसेंही बैठे हुए, गुरु, ऐसा वेदमंत्र पढे.

"॥ ॐ अर्हं कर्म्मास्ति, वेदनीयमस्ति, सातमस्ति, असातमस्ति, सुवेद्यं सातं, दुर्वेद्यमसातं, सुवर्गणाश्रवणं सातं, दुर्वर्गणाश्रवणमसातं, शुभपुद्गलदर्शनं सातं, दुःपुद्गलदर्शनमसातं, शुभपद्रसास्वादनं सातं, अशुभपद्रसास्वादनमसातं, शुभगंधाघ्राण सातं, अशुभगंधाघ्राणमसातं, शुभपुद्गलस्पर्शः सातं, अशुभपुद्गलस्पर्शोऽसातं, सर्वं सुखकृत् सातं, दुःखकृद सातं, अर्हं ॐ इस वेदमंत्रको पढके ऐसें कहे

"॥ तदस्तु वां सातवेदनीय माभूदसातवेदनीयं तत् प्रदक्षिणीक्रियतां विभावसु. ॥"

इति पुनः अग्निको प्रदक्षिणा करके वधूवर दोनों तैसेंही बैठ जावे ॥ इति तृतीयलाजाकर्म ॥

पीछे गुरु ऐसा वेदमंत्र पढे

"॥ ॐ अर्हं सहजोस्ति, स्वभावोस्ति, संबंधोस्ति, प्रतिबद्धोस्ति, मोहनीयमस्ति, वेदनीयमस्ति, नामास्ति, गोत्रमस्ति, आयुरस्ति, हेतुरस्ति, आश्रवबद्धमस्ति, क्रियाबद्धमस्ति, कायबद्धमस्ति, सांसारिकसंबध. अर्हं ॐ ॥

ऐसा वेदमंत्र पढके, कन्याके पिताके, चाचेके, भाइके वा कुलज्येष्टके, हाथको तिलयवकुशदूर्वासें युक्त जलसें पूरके, ऐसे कहे

"॥ अद्य अमुकसंवत्सरे, अमुकायने, अमुकऋतौ, अमुकमासे, अमुकपक्षे, अमुकतिथौ, अमुकवारे, अमुकनक्षत्रे, अमुकयोगे, अमुककरणे, अमुकमुहूर्त्ते, पूर्वकर्मसंबंधानुबद्धवस्त्रगंधमाल्यालंकृतां सुवर्णरूप्यमणिभूषण भूषितां ददात्ययं प्रतिगृह्णीष्व ॥"

ऐसें कहके वधूवरके योजित हाथमें जलक्षेप करे.। तब वर कहे. "प्रतिगृह्णामि" तदनंतर गुरु कहे.

"सुप्रतिगृहीतास्तु, शांतिरस्तु, पुष्टिरस्तु, ऋद्धिरस्तु, वृद्धिरस्तु, धनसंतानवृद्धिरस्तु, ॥"

पीछे प्रथम तीन लाजामें कन्याके हाथ ऊपर थे अब कन्याके हाथको नीचे करे, और वरके हाथको ऊपर करे, पीछे वरवधूको आसनसें ऊठाकर वरको आगे करे, और वधूको पीछे करे. । पीछे लाजाकी मुष्टि अग्निमें प्रक्षेप करकेगुरु ऐसें कहे. "प्रदक्षिणीक्रियतां विभावसुः" वर वधूको प्रदक्षिणा करते हुए, कन्याका पिता, यावत् कन्याका कुलज्येष्ट, वरवधूके देनेयोग्य वस्त्र, आभरण, स्वर्ण, रूप्य, रत्न, ताम्र, कांस्य, भूमि, निष्क्रय, हाथी, घोडा, दासी, गौ, बैल, पल्यंक, तूलिका, उत्सीर्षक, दीप, शस्त्र, पाकके भांडे, आदि सर्व वस्तुको वेदिमें ल्यावे. । और भी तिसके भाइ, संबंधी, मित्रादि, स्वसंपदाके अनुसारसें देने योग्य वस्तुयें वेदिमें ल्यावे. । पीछे प्रदक्षिणाके अंतमें वरवधू, तैसेंही आसन

ऊपर बैठे. नवरं इतना विशेष है कि, चतुर्थ लाजा के अनंतर वरका आसन दक्षिण पासे, और वधू, का आसन वामे पासे करणा. । पीछे गुरु, कुश दूर्वा अक्षत वासकरके हस्त पूर्ण हुआ थका, ऐसें कहे.

"॥ शक्रादिदेवकोटिपरिवृतो जोग्यफलकर्मजोगाय संसारिजीवव्यवहारमार्गसंदर्शनाय, सुनंदासुमंगले पर्यणैषीत्, ज्ञातमज्ञातं वा तदनुष्ठानमनुष्ठितमस्तु"

ऐसें कहके वास, दूर्वा, अक्षत, कुशको वरवधूके मस्तक ऊपर क्षेप करे. । पीछे गुरुके कहनेसें वधूका पिता, जल, यव, तिलका तेल हाथमें लेके, ऐसें कहे सुदायंददामि, प्रतिग्रहाण तब वर कहे "प्रतिगृह्णामि प्रतिगृहीतं परिगृहीतं" गुरु कहे "सुगृहीतमस्तु सुपरिगृहीतमस्तु" पुनः तैसेंह। वस्त्र, भूषण, हस्ति, अश्वादि दाय, देनेमें वधूके पिताका, और वरका यही वाक्य, और यही विधि है. । पीठे सर्व वस्तुके दीए हुए गुरु ऐसें कहे.

"॥ वधूवरौवां, पूर्वकर्म्मानुबंधेन, निबिडेन, निकाचितबद्धेन, अनुपवर्त्तनीयेन, अपातनीयेन, अनुपायेन, अश्लथेन, अवश्यजोग्येन, विवाह प्रतिबद्धो बभूव, तदस्त्वखंडितोऽक्षयोऽव्ययो, निरपायो, निर्व्याबाधः, सुखदोस्तु, शांतिरस्तु, पुष्टिरस्तु, ऋद्धिरस्तु, वृद्धिरस्तु, धनसंतान वृद्धिरस्तु ॥"

ऐसा कहके तीर्थोदकोकरके कुशाग्रसें सिंचन

करे. । फेर गुरु तैसेंही वधूवरको उठाके मातृघरमें ले जावे, तहां ले जाके वधूवरको ऐसें कहे.

" ॥ अनुष्ठितो वां, विवाहो, वत्सौ, सस्नेहौ सभोगौ, सायुषौ, सधर्मौ, समदुःखसुखौ, समशत्रुमित्रौ, समगुणदोषौ, समवाङ्मनःकायौ, समाचारौ, समगुणौ, भवतां ॥ "

पीछे कन्याका पिता, करमोचनकेवास्ते गुरुप्रतें कहे. । तव गुरु ऐसा वेदमंत्र पढे.

" ॥ ॐ अर्हं जीवत्वं कर्मणा बद्धः, ज्ञानावरणेन बद्धः, दर्शनावरणेन बद्धः, वेदनीयेन बद्धः, मोहनीयेन बद्धः, आयुषा बद्धः, नाम्ना बद्धः, गोत्रेण बद्धः, अंतरायेण बद्धः, प्रकृत्या बद्धः, स्थित्या बद्धः, रसेन बद्धः, प्रदेशेन बद्धः, तदस्तु ते मोक्षो गुणस्थानारोहक्रमेण अर्हं ॐ ॥ "

इस वेदमंत्रको पढके फेर ऐसें कहे.

मुक्तयोः करयोरस्तु वां स्नेहसंबंधोऽखंडितः ॥ "

ऐसें कहके करमोचन करे. । कन्याका पिता करमोचनपर्वमें जामातृ (जमाइ) के मांगेप्रमाण, स्वसंपत्तिके अनुसार बहुत वस्तु देवे. । दानविधि, पूर्व मंत्रसेंही जानना. । पीछे मातृघरसें उठके, फेर वेदिघरमें आवें. पीछे गुरु, आसनऊपर बैठे दोनोंको ऐसें कहे.

" ॥ वृत्तम् । पूर्वं युगादिभगवान् विधिनैव येन,

विश्वस्य कार्यकृतये किल पर्यणैपीत् ॥ भार्याद्वयं तद मुना विधिनास्तु युग्म,मेतत्सुकामपरिभोगफला नुवधि ॥ १ ॥"

ऐसें कहके पूर्वोक्त विधिसे अंचलमोचन करके "वत्सौ लब्धविषयौ भवतां" ऐसें गुरुअनुज्ञात दोनो दंपती–स्त्रीभर्त्ता, विविध विलासिनीयोंके गणसें वेष्टित, शृंगारगृहमें प्रवेश करे. । तहां पूर्वस्थापित मदनकी कुलवृद्धानुसार पूजा करे । पीछे तहां वधूवरको समहीकालमें क्षीरान्नभोजन कराना. पीछे यथायुक्तिकरके शयन गृहमें जावे । *

पीछे तिसही आगमनरीतिकरके उत्सवसहित अपने घरको जावे. । पीछे वरके मातापिता, वरको निरुंछनमंगलविधी स्वदेशकुलाचारकरके करे. । कंकणबंधन, कंकणमोचन, द्यूतक्रीडा, वेणीग्रंथनादि, सर्व कर्म भी, तिस २ देशकुलाचारकरके करणे चाहिये. । विवाहसें पहिलें वधूवर दोनोंके पक्षमें भोजन देना । तदनंतर धूलिभक्त, जन्यभक्त, आदि देशकुलाचारसें करणे । पीछे सात दिनके अनंतर वरवधू विसर्जन करना, तिसका विधि यह है. । सात दिनतक विविध भक्तिसे पूजित जमाइको,

---

* इस कथनसें यो यही सिद्ध होता है कि यौवनमाप्तोकाही विवाह होना चाहिये. क्योंकि उसहि समय कामक्रीडा करनेका विधि इस ग्रथमें लिखा है

पूर्वोक्त रीतिसें अंचलग्रंथन करके अनेक वस्तुदा
पूर्वक तिसही आडंबरसें स्वगृहको पहुंचावे.। पीर
सात रात्रिपर्यंत, वा मासपर्यंत, वा ७ मासपर्यंत, व
वर्षपर्यंत स्वकुलसंपत्तिदेशाचारानुसार महोत्सव क
ना. सात रात्रिके अनंतर, वा मासअनंतर, कुल
चारानुसारकरके कन्याके पक्षमें पूर्वोक्त रीतिकरवे
मातृविसर्जन करना.—गणपतिमदनादिविसर्जन विधि
लोकमें प्रसिद्ध है.—और वरपक्षमें कुलकर विसर्ज
नविधि लिखते हैं.। कुलकरस्थापनानंतर, नित्य कुल
करकी पूजा करनी.। विसर्जनकालमे कुलकरोंका
पूजन करके, गुरु पूर्ववत् "ॐ अमुककुलकराय"
इत्यादि संपूर्णमंत्र पढके "पुनरागमनाय स्वाहा"
ऐसें सर्वकुलकरोंको विसर्जन करे.॥ पीछे यह पढे.

"आज्ञाहीनं क्रियाहीनं मंत्रहीनं च यत्कृतं॥
तत्सर्वं कृपया देव क्षमस्व परमेश्वर ॥ १ ॥"

इतिकुलकरविसर्जनविधिः॥

पीछे मंडलीपूजा, गुरुपूजा, वासक्षेपादि पूर्ववत्.। साधूओंको वस्त्र पात्र देना.। ज्ञानपूजा करणी.। जैन ब्राह्मणोंको याचकोकों अपर मागनेवालोंको यथासंपत्तिसें दान करणा.।

तथा देशकुलसमयांतरमें विवाहलग्नके प्राप्त हुए, वरको श्वशुरके घरको प्राप्त हुए, षट् (६) आचार करते हैं. प्रथम अंगणमें आसन देना.। श्वशुर कहे

"विष्टरं प्रतिगृह्याण" तव वर कहे "ॐ प्रतिगृ ह्लामि" ऐसें कहके आसन ऊपर बैठे ॥ १ ॥ पीछे श्वशुर वरके पग प्रक्षालन करे ॥ २ ॥ पीछे दहि चंदन अक्षत दूर्वा कुश पुष्प श्वेतसरसो और जल करके श्वशुर जमाइको अर्घ देवे ॥ ३ ॥ पीछे आच मन देवे ॥ ४ ॥ पीछे गंधअक्षतसें तिलक करे ॥५॥ पीछे वरको मधुपर्क प्राशन करावे ॥ ६ ॥ पीछे गृहके अंदर वधूवरका परस्पर दृष्टिसंयोग और परस्पर दोनोंका नामग्रहण, शेष पूर्ववत् ॥

इति चतुर्दशमः विवाह संस्कार· समाप्तः ॥

अथ पंचदशम व्रतारोप संस्कार· प्रारभ्यते ।

इहां जैनमतमें गर्भा धानसें लेके विवाहपर्यंत चतुर्दश १४ संस्कारोंकरके संस्कृत भी पुरुष, व्रतारो पसंस्कारविना इस जन्ममें प्रशंसा पात्र नही होता है. और परलोकमें आर्यदेशादिभावपवित्रित मनुष्य जन्म स्वर्गमोक्षादिका भाजन नही होता है. इस वास्ते व्रतारोपही, मनुष्योंको परमसंस्कार है यत उक्तमागमे ।

"बंभणो खत्तिउ वावि, वेसो सुद्दो तहेवय ॥
पयई वादि धम्मेण, जुत्तो मुक्खस्स भायणं॥१॥"

अर्थ.—ब्राह्मण, वा क्षत्रिय, वा वैश्य, वा शूद्र, धर्मसें युक्त हुआ, मोक्षका भाजन होता है. ॥ १ ॥

बहत्तर कलाकुशल भी, विवेकसहित भी होवे, तो भी वो नर कुशल नहीं हैं; जो, सर्वकलायोंमें प्रधान जो धर्मकला तिसको नही जाणताहो. ॥ १ ॥ परमतमें भी कहा है । 'उपनीतोपि पूज्योपि कलावानपि भार्गव । न परत्रेह सौख्यानि प्राप्नोति च कदाचन ॥ १ ॥' इसवास्ते सर्वसंस्कार मे प्रधान व्रतसंस्कार कहते हैं. । तिसका विधि यह है.

पीछले विवाहपर्यंत संस्कार गृहस्थगुरु जैन ब्राह्मणने वा क्षुल्लकने कराने. परंतु व्रतारोपसंस्कार तो, निर्ग्रंथ यतिनेही करावणा.प्रथम गुरुकी गवेषणा करणी.

गुरू कैसे होना !

पांच महाव्रतयुक्त, ५, पांच प्रकारके आचार पालनेमें समर्थ, ५, पांच समिति, ५, और तीन गुप्ति सहित, ३, एवं छत्तीस गुणोंवाला गुरु होता है. । प्रतिरूप, तेजस्वी, युग प्रधान, आगमका जानकार, मधुर वाक्यवाला, गंभीर, बुद्धिमान्, उपदेश देनेमें तत्पर, ऐसा आचार्य होता है. । किसीका आलोचित दूषण अन्यआगे प्रकाशे नहीं, सोमप्रकृतिवाला होवे, शिष्यादिका संग्रह करनेवाला होवे, इत्यादि अभिग्रहमें जिसकी मति होवे, किसीके दूषण न बोले; चपल न होवे, प्रशांतहृदयवाला होवे, ऐसे गुणोंयुक्त गुरु होता है. । कितनेही जिनवरेंद्र अजरामर पदका पंथ दिखाके मोक्षको प्राप्त

हुए है, परं संप्रति कालमें तो, जिनप्रवचन, आचार्य नेही धारण करा है. ॥

अव प्रकारांतरकरके गुरुके छत्तीस गुण कहते है । आचारविनय, श्रुत विनय, विक्षेपनाविनय, दोषका परिघात, एवं चार प्रकारके विनयकी प्रतिपत्ति करनेवाले गुरु होवे.। अथवा सम्यक्त्व, ज्ञान, चारित्र, इनप्रत्येकके आठ ८ नेद हैं; एवं २४, और तपके द्वादश १२ नेद है, ऐसें आचार्यके छत्तीस गुण होते हैं ।

अथवा आचारादि आठ ८, और दश प्रकारका स्थितकल्प १० द्वादश १२ तप और षडावश्यक ६ ये बत्तीस गुण आचार्यके हैं ।

अथवा संविग्न १, मध्यस्थ २, शांत ३, मृदु--कोमलस्वनाववाला ४, सरल ५, पंडित ६, सुसंतुष्ट ७, गीतार्थ ८, कृतयोगी ९, श्रोताके नावको जाननेवाला १०, व्याख्यानादिलब्धिसंपन्न ११, उपदेशदेनेमें निपुण १२, आदेयवचन १३, मतिमान् १४, विज्ञानी १५, निरुपपाति १६, नैमित्तिक १७, शरीरका वलिष्ठ १८, उपकारी १९, धारणाशक्तिवाला २०, वहुत कुछ जिसने देखा २१, नैगमादि नयमतमें निपुण २२, प्रियवचनवाला २३, अच्छे मधुर गंनीर स्वरवाला २४, तप करणेमें रक्त २५, सुंदर शरीरवाला २६, शुन नली प्रतिनावाला २७, वादियोंको

जीतनेवाला २७, परिषदादिको आनंदकारक २९, शुचि–पवित्र ३०, गंभीर ३१, अनुवर्त्ती ३२, अंगीकार करेका पालनेवाला ३३, स्थिरचित्तवाला ३४, धीर ३५, उचितका जाननेवाला ३६, ये पूर्वोक्त ३६, गुण आचार्यके सूत्रमें कहे हैं. ॥

ऐसें पितापरंपरायसें माने गुरुके प्राप्त हुए, वा, तिसके अभावमें पूर्वोक्त गुणयुक्त अन्यगच्छीय गुरुके प्राप्त हुए, गृहस्थको व्रतारोपणविधि योग्य है, सो विधि यह है. ॥ चतुर्दश संस्कारोंकरके संस्कृत ऐसा गृहस्थी गृहस्थधर्मको अंगीकार करने योग्य होता है.।

कहा है की.

अक्षुद्र १, रूपवान् २, प्रकृतिसौम्य ३, लोकप्रिय ४, अक्रूरचित्त ५, भीरु ६, अशठ ७, सुदाक्षिण्य ८, लज्जालु ९, दयालु १० मध्यस्थ सोमदृष्टि ११, गुणरागी १२, सत्कथी १३, सुपक्षयुक्त १४, सुदीर्घदर्शी १५, विशेषज्ञ १६, वृद्धानुग १७, विनीत १८, कृतज्ञ १९, परहितार्थकारी २०, और लब्धलक्ष २१ इकीस गुणोंवाला श्रावक धर्मरत्नके योग्य होता है; अर्थात् इकीस गुण जिस जीवमें होवे, अथवा प्रायः नवीन उपार्जन करे, तिस जीवमें उत्कृष्ट योग्यता माननी. और थोडेसें थोडे इकीस गुणोंमेंसें चाहे कोइ दश गुण जीवमें होवे, तिसको जघन्य योग्य

तावाला जानना, ११–१२–१३–१४–१५–१६–१७–१८–१९–२० शेष गुणवालेको मध्यमयोग्यतावाला जानना. इन इकीस गुणोंका विस्तारसहित वर्णन अज्ञानतिमिरज्ञास्करके द्वितीय खंमके ४६ पृष्ठसें लेके ७३ पृष्ठपर्यंतहे उहांसें देख लेना.

योगशास्त्रमे श्रीहेचंद्राचार्यनेंजी एसाहि कहाहे की.

न्यायसें धन उपार्जन करनेवाला, शिष्टाचारकी प्रशंसा करनेवाला, जिनका कुलशील अपने समान होवे, ऐसे अन्य गोत्रवालेके साथ विवाह किया है जिसने, पापसें मरनेवाला, प्रसिद्ध देशाचारको करनेवाला, अर्थात् देशाचारका उल्लंघन नही करनेवाला, किसी जगे जी अवर्णवाद नही बोलनेवाला, राजादिकोमें विशेषसें अवर्णवाद वर्जनेवाला, । अतिप्रकट, वा अति गुप्त स्थानमें नही रहनेवाला, अछा पामोसी होवे तिस घरमें रहनेवाला, जिस मकानके अनेक आनेजानेके रस्ते होवे तिस घरको वर्जनेवाला, । सदाचारोंसें संग करनेवाला, मातापिताकी पूजा जक्ति करनेवाला, उपद्रवसंयुक्त स्थानको त्यागनेवाला, जगत्मे जो कर्म निदनीक होवे तिसमें प्रवृत्त नही होनेवाला; । अपनी आमदनीअनुसार खर्च करनेवाला, अपने धनके अनुसार वेष रखनेवाला; बुद्धिके आठ गुणोंसें संयुक्त निरंतर धर्मोपदेश श्रवण करनेवाला; अजीर्णमें जोजनका त्यागी

वखतसर साम्यतासें भोजन करनेवाला, एक दूसरेकी हानी न होवे इस रीतिसं धर्म अर्थ कामको सेवने वाला;। यथायोग्य अतिथि साधु और दीनकी प्रति पत्ति करनेवाला, सदा आग्रहरहित, गुणोंका पक्ष पाती;। देशकालविरुद्धचर्या त्यागनेवाला,।कोइ भी कार्य करनेमें अपना बलाबल जाननेवाला, जे पांच महाव्रतमें स्थित होवे और ज्ञानवृद्ध होवे तिनकी पूजा भक्ति करनेवाला, पोषणेयोग्यका पोषण करने वाला,। दीर्घदर्शी, विशेषज्ञ, कृतज्ञ, लोकवल्लभ, ल ज्जालु, दयालु, सौम्य, परोपकार करणेमें समर्थ, काम, क्रोध, लोभ, मान, मद, हर्ष, इन षट ६ अंत रंग बैरियोंके त्याग करनेंमें तत्पर, पांच इंद्रियोंके समूहको वश करनेवाला, ऐसा पुरुष गृहस्थधर्मके वास्ते कल्पता है ॥ १० ॥

ऐसे पुरुषको व्रतारोप करना चहिये। प्रायःकरके व्रतारोपमें गुरु शिष्यके वचन प्राकृत भाषामें होते हैं, क्यों कि गर्भाधानादि विवाहपर्यंत संस्कारोंमें प्रायः करके गुरुकेही वचन है, शिष्यके नहीं और गुरु प्रायः शास्त्रविद् होते है, इसवास्ते संस्कृतही बोलते है.। इहां व्रतारोपमें बाल, स्त्री, मूर्ख शिष्यों का क्षमाश्रमणदानपूर्वक वचनाधिकार है, तिस वास्ते तिनको संस्कृत उच्चार असामर्थ्य होनेसें प्राकृत वाक्य है. तिसकी साहचर्यतासें तिसके

प्रबोधवास्ते, गुरुके वचन भी, प्राकृतही है ॥ यत उक्तमागमे ॥

"॥मुत्तूण दिठ्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं ॥
थीबालवायणत्थंपाइयमुइयं जिणवरेहिं ॥ १ ॥"

अर्थ.—दृष्टिवादको वर्जके कालिक उत्कालिक अंगसिद्धांतको स्त्रीबालकोंके वाचनार्थ जिनवरोंने प्राकृत कथन करे है ॥ यथाच ॥

बालस्त्रीवृद्धमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम् ॥
अनुग्रहाय तत्त्वज्ञैः सिद्धांत. प्राकृतः कृतः ॥ १ ॥

और दृष्टिवाद बारमा अंग, परिकर्म १ सूत्र २ पूर्वानुयोग ३, पूर्वगत ४, चूलिकारूप ५ पंचविध संस्कृतमेंही होता है, सो बालस्त्रीमूर्खको पठनीय नही है. संसारपारगामी तत्त्वउपन्यासके वेत्ता गीतार्थोंकोंही पठनीय है शेष एकादशांग कालिक उत्कालिकादिशास्त्र योगवाहि साधु साध्वी और संयमी बालकोंके पढने योग्य हैं इसवास्तेही अरिहंत भगवंतोंनें एकादशांगादि शास्त्र प्राकृतमें करे है तिसवास्ते व्रतारोपमें भी, गृहस्थ बाल स्त्री मूर्ख जनोके उपकारार्थ और, तेसें यतियोंकेभी, वचन, प्राकृतमें कहे है. ॥

अथ मृदु, ध्रुव, चर, क्षिप्र नक्षत्रोंमें प्रथम भिक्षा, तप, नंदी, आलोचनादि कार्य करणे शुभ है. और मंगल, शनि, विना सर्व वारोंमें. । वर्षे,

मास, दिन, नक्षत्र, लग्न शुद्धिके हुए, विवाहदीक्षा प्रतिष्ठावत्, शुभ लग्नमें गुरु तिसके घरमें शांतिक पौष्टिक करके, फेर देवघरमें, शुभ आश्रममें, अन्यत्र, वा, यथाकल्पित समवसरणको स्थापन करे. । पीछे स्नान करके स्वघरमें महोत्सवसहित आये हुए श्रावकको पूर्वाभिमुख गुरु, अपने वामे पासें स्थापके ऐसें कहे—कैसे श्रावकको—सकक्ष श्वेत वस्त्र और श्वेत उत्तरासंग धारण किया है जिसने, तथा मुखवस्त्रिका हाथमें धारण करी है जिसने, तथा जिसकी चोटी वांधी हुई है, चंदनका मस्तकमें तिलक करा है जिसने, स्ववर्णानुसार जिनोपवीत वा उत्तरीय, वा उत्तरासंग धारण किया है जिसने ऐसे श्रावकको—क्या कहे सो कहते हैं ।

" सम्मत्तंमि उलद्धे, थइयाइं नरयतिरियदाराइं ॥
दिव्वाणि माणुसाणि अ, मुक्खसुहाइं सहीणाइं ॥ १ ॥"

अर्थः—सम्यक्त्वके लाभ हुए, नरकतिर्यंचगतिके द्वार ढांके है, और देवता मनुष्य मोक्षके सुख स्वाधीन है. । पीछे गुरुकी आज्ञासें श्राद्धजन, नालिकेर अक्षत सुपारीसें पूर्ण हस्त करके परमेष्ठिमंत्र पढता हुआ समवसरणको तीन प्रदक्षिणा करे. । पीछे गुरुके पास आयकर, गुरु श्राद्ध दोनोही इर्यापथिकीपडिक्कमे. । पीछे आसन उपर बैठे गुरुके आगे, श्राद्धजन ऐसें कहे ॥

"इच्छामि खमासमणो वंदिउं जावणिज्जाए निसीहिआए मत्थएण वंदामि ॥ भगवन् इच्छाकारेण तुम्हे अह्मं सम्मत्ताइतिगारोवणिअंनंदिकड्ढावणियं वासखेवं करेह ॥"

पीछे गुरु, वासांको, सूरिमंत्रसे, वा, गणिविद्या अर्थात् वर्द्धमान विद्यासें, अभिमंत्रके, परमेष्ठि और कामधेनु दोनों मुद्राकरके, पूर्वाभिमुख खडा होके, वामे पासे रहे श्रावकके शिरमें निक्षेप करे. । तिसके मस्तकके उपर हाथ रखके, गणधर विद्यासें रक्षा करे गुरु आसनउपर बैठ जावे, और श्राद्ध पूर्ववत् समवसरणको प्रदक्षिणा करके, गुरु आगे क्षमाश्रमण देके कहे

"॥ इच्छाकारेण तुम्हे अह्मं सम्मत्ताइतिगारोवणिअं चेइआइं वंदावहे ॥"

पीछे गुरु और श्रावक दोनो, चार वर्द्धमानस्तुतियो करके चैत्यवंदन करें.। जो छंदसें वर्द्धमान होवे, और चरम जिनकी प्रथम स्तुतिवाली होवे, तिनको वर्द्धमानस्तुति कहते है. । पीछे चारस्तुतिके अंतमें "श्रीशांतिदेवाराधनार्थं करेमि कासग्गं वंदणवत्तियाए पूअणवत्तियाए सकारव० स० जावअप्पाणं वोसिरामि" सत्ताइस उछ्वासप्रमाण अर्थात् 'सागरवरगम्भीरा' तक चतुर्विंशतिस्तव चिंतवन करे । पीछे 'नमो अरिहंताणं' कहके पारे । पार

जावंतिचेइयाइं० " और " अर्हणादिस्तोत्र " पढे सो लिखते हे.

अरिहाण नमो पूअं, अरहंताणं रहस्स रहिआणं।
पयओ परमिट्ठिणं, अरुहंताणं धुअरयाणं ॥ १ ॥
निद्दड्ढ अट्ठकम्मिंधणाण, वरनाणदंसणधराणं ॥
मुत्ताण नमो सिद्धाणं, परमपरमिट्ठिभूयाणं ॥ २ ॥
आयारधराण नमो, पंचविहायारसुट्ठियाणं च ॥
नाणीणायरियाणं, आयारुवएसयाण सया ॥ ३ ॥
बारसविहं अपूव्वं, दिंताण सुअं नमो सुअहराणं
सययमुवज्झायाणं, सज्झायज्झाणजुत्ताणं ॥ ४ ॥
सव्वेसिं साहूणं, नमो तिगुत्ताण सव्वलोएवि ॥
तवनियमनाणदंसण, जुत्ताणं बंभयारीणं ॥ ५ ॥
एसो परमिट्ठीणं पंचन्हवि भावओ नमुक्कारो ॥
सव्वस्स कीरमाणो, पावस्स पणासणो होइ ॥ ६ ॥
भुवणेवि मंगलाणं, मणुयासुरअमरखयरमहियाणं ॥
सव्वेसिमिमो पढमो, होइ महामंगलं पढमं ॥ ७ ॥
चत्तारि मंगलं मे, हुंतु अरहा तहेव सिद्धा य ॥
साहू य सव्वकालं, धम्मो य तिल्लोयमंगल्लो ॥ ८ ॥
चत्तारि चेव ससुरा, सुरस्स लोगस्स उत्तमा हुंति ॥
अरिहंत सिद्ध साहू, धम्मो जिणदेसियमुयारो ॥९॥
चत्तारिवि अरिहंते, सिद्धे साहू तहेव धम्मं च ॥
संसारघोररक्कस, भएण सरणं पवज्जामि ॥ १० ॥
अह अरहओ भगवओ, महइ महा वद्धमाणसामिस्स

पणयसुरेसरसेहर, चियलिकुसुमुच्चयकमस्स ॥ ११ ॥
जस्स वरधम्मचक्कं, दिणयरविंचव्व भासुरच्छायं ॥
तेएण पज्जलंतं, गच्छइ पुरओ जिणंदस्स ॥ १२ ॥
आयासं पायालं, सयलं महिमंडलं पयासंतं ॥
मिच्छत्तमोहतिमिरं, हरेइ तिएहंपि लोयाणं ॥ १३ ॥
सयलंमिवि जियलोए, चिंतियमित्तो करेइ सत्ताणं ॥
रक्खं रक्खसडाइणि, पिसायगहजूअजक्खाणं ॥ १४ ॥
लहइ विवाए वाए, ववहारे भावओ सरंतो अ ॥
जूए रणे अ रायं, गणे अ विजयं विसुद्धप्पा ॥ १५ ॥
पच्चूसपओसेसुं, सययं भव्वो जणो सुहज्झाणो ॥
एअं झाएमाणो, मुक्ख पइ साहगो होइ ॥ १६ ॥
वेआलरुद्ददाणव, नरिंदकोहंडिरेवईणं च ॥
सव्वेसि सत्ताण, पुरिसो अपराजिओ होइ ॥ १७ ॥
विज्जुव पज्जलंती, सवेसुवि अक्खरेसु मत्ताओ ॥
पंचनमुक्कारपए, इक्किक्के उवरिमा जाव ॥ १८ ॥
ससिधवलसलिलनिम्मल,आयरसहं च वन्नियं विंडु॥
जोयणसहप्पमाण, जालासयसहस्सदिप्पंतं ॥ १९ ॥
सोलससु अक्खरेसु, इक्किक्क अक्खरं जगज्जोअं ॥
भवसयसहस्समहणो, जमि ठिओ पच नवकारो॥२०॥
जो गुणइ ह इक्कमणो, भविओ भावेण पंच नवकारं ॥
सो गच्छइ सिवलोयं, उज्जोअतो दसदिसाओ ॥२१॥
तवनियमसंजमरहो, पंचनमोक्कारसारहिनिउत्तो ॥
नाणतुरंगमजुत्तो, नेइ फुडं परमनिवाणं ॥ २२ ॥

सुरूप्पा सुरूमणा, पंचसु समिईसु संजय तिगुत्तो ॥
जे तम्मि रहे लग्गा, सिग्घं गछंति सिवलोअं ॥२३॥
थंभेइ जलं जलणं, चिंतियमित्तोवि पंच नवकारो ॥
अरिमारिचोरराउल, घोरुवसग्गं पणासेइ ॥ २४ ॥
अठेवय अठसयं, अठसहस्सं च अठकोमीओ ॥
रकंतु मेसरीरं, देवासुरपणमिआ सिद्धा ॥ २५ ॥
नमो अरहंताणं, तिलोयपुज्जो अ संथुओ नयवं ॥
अमरनररायमहिओ, अणाइनिहणो सिवं दिसउ॥२६॥
निठा विअ अठ कम्मो, सिवसुहनूओ निरंजणो सिद्धो
अमर नरराय महिओ, अणाइ निहणो सिवं दिसउ। २७
सव्वे पओसमछर, आहिअहिअया पणासमुवयंति ॥
डुगुणीकयधणुसद्धं, सोउपि महाधणुसहस्सं ॥ २७ ॥
इय तिहुअणप्पमाणं, सोलसपत्तं जलंतदित्तसरं ॥
अठारअद्धवलयं, पंचनमुक्कारचक्कमिणं ॥ २ए ॥
सयलुज्जोइअनुवणं, निद्दाविअसेससत्तुसंघायं ॥
नासिअमिछत्ततमं, विअलियमोहं गयतमोहं ॥ ३०॥
एयस्स य मज्जठो, सम्मदिठीवि सुद्धचारित्ती ॥
नाणी पवयणनत्तो, गुरुजणसुस्सूसणापरमो ॥ ३१ ॥
जो पंच नमुक्कारं, परमो पुरिसो पराइ नत्तीए ॥
परियत्तेइ पइदिणं, पयओ सुद्धप्पओगप्पा ॥ ३२ ॥
अठेवय अठसया, अठसहस्सं च अठलरकं च ॥
अठेवय कोडीओ, सो तइयनवे लहइ सिद्धिं ॥३३॥
एसो परमो मंतो, परमरहस्सं परंपरं तत्तं ॥

नाणं परमं णेअं, सुक्कं ज्झाणं परं ज्झेयं ॥ ३४ ॥
एवं कवयमनेयं, खाश्यमच्छ पराजुवणरक्खा ॥
जोईसुन्नं विंडु, नाओ तारालवो मत्ता ॥ ३५ ॥
सोलसपरमक्खरवीअविंडुगवो जगुत्तमो जोओ ॥
सुअवारसंगसायर, महृछपुवछपरमछो ॥ ३६ ॥
नासेइ चोरसावय, विसहरजलजलणवधणसयाइं ॥
चिंतिज्जतो रक्खस, रणरायजयाइं जावेण ॥ ३७ ॥
॥ इति अरिहणादिस्तोत्रम् ॥

इस अरिहणादि स्तोत्रको पढके "जय वीयराय जगगुरु०" इत्यादि गाथा पढे पीछे आचार्य उपाध्याय गुरु साधुओंको वंदना करे । यह शक्रस्तव विधि, गुरु और श्रावक दोनोंही करे. । चैत्यवंदनके अनंतर श्राद्ध, क्षमाश्रमणदानपूर्वक कहे

"॥ जगवन् सम्यक्त्वसामायिकश्रुतसामायिकदेशविरतिसामायिकआरोवणिअ नंदिकढ्ढावणिअं काउसग्गं करेमि ॥"

गुरु "कहे करेह" तब श्रावक "सम्मत्ताइतिगारोवणिअ करेमि काउसग्ग अनछ०" इत्यादि कहके सत्ताइस उश्वास प्रमाण अर्थात् 'सागरवरगंजीरा लग कायोत्सर्ग करे । पीछे नमो अरिहंताण कहके पारके चतुर्विंशतिस्तव अर्थात् लोगस्स संपूर्ण पढे । पीछे मुखवस्त्रिका प्रतिलेखनपूर्वक श्रावक द्वादशावर्त्त वंदन करे, फिर क्षमाश्रमण देके कहे "जग

वन् सम्मत्ताइतिगं आरोवेह" गुरु कहे "आरो वेमि" पीछे श्रावक गुरुके आगे खमा होके, अंजलि करके, मुखवस्त्रिकासें मुखाछादन करके, तीनवार परमेष्ठिमंत्र पढे । पीछे सम्यक्त्वदंरूक पढे. सयथा ॥

"॥ अहणं नंते तुझाणं समीवे मिछत्ताओ पडीक्कमामि सम्मत्तं उवसंपज्जामि । तंजहा दवओ खित्तओ कालओ नावओ । दवओणं मिछत्तकारणाइं पच्चक्खामि सम्मत्तकारणाइं उवसंपज्जामि नो मे कप्पइ अद्यप्पनिई अन्नउछिए वा अन्नउछिअदेवयाणि वा अन्नउछियपरिग्गहियाणि अरिहंतचेइआणि वंदित्तए वा नमंसित्तए वा पुविं अणालत्तेणं आलवित्तए वा संलवित्तए वा तेसिं असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा दाउं वा अणुप्पयाउं वा । खित्तओणं इहेव वा अन्नछ वा । कालओणं जाव जीवाए । नावओणं जाव गहेणं न गहिज्जामि जाव छलेणं न छलिज्जामि जाव सन्निवाएणं नान्निनविस्सामि जाव अन्नेण वा केणइ परिणामवसेण परिणामो मे न परिवडइ ताव मे एअं सम्मद्दंसणं अन्नछ रायानिओगेणं बलानिओगेणं गणानिओगेणं देवयानिओगेणं गुरुनिग्गहेणं वित्तीकंतारएणं वोसिरामि ॥"

ऐसें तीनवार दंडक पाठ कहना ॥ अन्ये तु दंडकमिछमुच्चारयंति यथा ॥

"॥ अहण्णं भंते तुह्माणं समीवे मिछत्ताओ पडिक्कमामि सम्मत्तं उवसंपज्जामि नो मे कप्पइ अज्जप्पभिइं अन्नउछिए वा अन्नउछियदेवयाणि वा अन्नउछियपरिग्ग हियाणि चेइआणि वंदित्तए वा नमंसित्तए वा पुविं अणालत्तेणं आलवित्तए वा संलवित्तए वा तेसिं असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा दाउं वा अणुप्पयाउं वा अन्नत्थ रायाभिओगेणं गणाभिओगेणं बलाभिओगेणं देवयाभिओगेणं गुरुनिग्गहेणं वित्तीकंतारेणं तं चउव्विहं। तंजहा। दवओ खित्तओ कालओ भावओ। दवओ णं दंसणदवाइं अंगीकयाइं। खित्तओणं उड्ढलोए वा अहोलोए वा तिरिअलोए वा। कालओणं जाव जीवाए। भावओणं जाव गहेणं न गहिज्जामि जाव छलेणं न छलिज्जामि जाव सन्निवाएणं नाभिभविस्सामि अन्नेण वा केणइ परिणामवसेण परिणामो मे न परिवडइ ताव मे एसा दंसणपडिवत्ती॥

इति गुरुविशेषेण द्वितीयो दंडकः॥ प्रथम दंडक दोनोमेंसें कोइ एक दंडक तीन वार उच्चारण करे. पीछे गाथा॥

"इअ मिछत्ताओ विरमिअ सम्मं उवगम्म भणइ गुरुपुरओ॥ अरिहंतो निस्संगो, मम देवो दक्खणा साहू॥ १॥"

गुरु तीन वार यह गाथा पढके श्राद्धके मस्तको

परि वासक्षेप करे. । पीछे गुरु, आसन ऊपर वैठके गंध अक्षत वासांको सूरिमंत्रसें, वा गणिविद्यासें मंत्रे. । पीछे गंधाक्षत वासांको हाथमें लेके जिन चरणोंको स्पर्श करावे. । पीछे साधु, साध्वी, श्राव क, श्राविकाओंको देवे. ते साधुआदि, मुठीमें लेले वे. । पीछे श्राद्ध गुरुके आगे क्षमाश्रमण देके कहे ॥ "भयवं तुम्हे अह्मं सम्मत्ताइयतीअंआरोवेह ।" गुरुकहे "आरोवेमि" फिर श्रावक क्षमाक्षमण देके कहे "संदिसह किं भणामि" गुरु कहे "वंदित्तु पवेयह" फिर श्रावक क्षमाश्रमण देके कहे "भयवं तुज्झेहिं अह्मं सामाइयतिअमारोविअं" गुरु कहे "आरोवियं २ खमासमणेणं हछेणं सुत्तेणंअछेणं तडुभएणं गुरुगुणेहिं वड्ढाहि निछारगपारगो होहि" श्रावक कहे "इछामो अणुसहिं" पुनः श्रावक क्षमाश्रमण देके कहे "तुह्माणं पवेइयं संदिसह साहूणं पएवेमि" गुरु कहे "पवेयह" पीछे श्रावक परमेष्ठिमंत्र पढता हुआ, समयसरणको प्रदक्षिणा करे. । और संघ पूर्वे दिये हुए वासांको, तिसके मस्तकोपरि क्षेपण करे. । गुरु आसनऊपर वैठे, वहांसें लेके वासक्षेपपर्यंत क्रिया, तीन वार इसहि रीतिसें करना. । फिर श्रावक क्षमाश्रमण देके कहे "तुह्माणं पवेइयं" फिर क्षमाश्रमण देके कहे "साहूणं पवेइयं संदिसह काउसग्गं करेमि" गुरु कहे

"करेह" पीछे श्रावक–सम्मत्ताइतिगरस्सथिरीकर णढं करेमि काउसग्गं अन्नछ०–सागरवरगंभीरातक कायोत्सर्ग करे पारके संपूर्ण लोगस्स कहे. । पीछे चारथुइवर्जित शक्रस्तवसें चैत्यवंदन करे । पीछे श्रावक, गुरुको तीन प्रदक्षिणा देवे पीछे आसन ऊपर बैठा हुआ गुरु, श्रावकको आगे बिठाके निय म देवे. ॥ नियमयुक्तिर्यथा ॥

गुलर, पूलक्षण, काकोडुंवरि, वट और पिप्पल, ये पांच जातिके फल ५ मांस, मदिरा, माखण और मधु, ये चार विकृति ४–एवं ९–अज्ञात फल १० , अज्ञात पुष्प ११, हिम (वरफ) १२, विष १३, करहे (ओले–गडे) १४, सर्वसचित्तमट्टी १५, रात्रिभोजन १६, घोलवडा–काचे दूध दहि छाछमें गेरा हुआ विदल १७. बइगण १८, पंपोटा–खसख सका दोडा १९, सिंघाडे २०, वायगण २१, और कायंवाणि २२, येह वावीस द्रव्य श्रावकोंको भक्ष ण करने योग्य नहीं हैं. अन्य प्रकारसे २२ अभक्ष्य यह है की पांच जातिके उवरादि फल ५ चार महा विगइए, हिम १०, विष ११, करह १२, सर्व मृत्तिका १३, रात्रि भोजन १४, बहुबीज वाले फल १५, अनं त काय १६, अचार १७, घोलवडा १८, वेइंगण १९, अज्ञात फल फूल २०, तुछ फल २१, चलितरस २२ ऐसें नियम देके यह गाथा उच्चारण करावे ॥

"अरिहंतो मह देवो, जावज्जीवं सुसाहुणो गुरुणो ॥
जिणपण्णत्तं तत्तं, इअ समत्तं मए गहिअं ॥ १ ॥"

तदनंतर अरिहंतको वर्जके अन्यदेवको नमस्कार करनेका, जैनयति महाव्रतधारी गुरू प्ररूपकको वर्जके अन्य लिंग विप्रादिकोंको नावसें अर्थात् मोक्षलान जानके वंदना करनेका, और जिनोक्त सप्त तत्वको वर्जके तत्वांतरकी श्रद्धा करनेका, नियम करना.

अन्य देव और अन्य लिंगि विप्रादिकोंको नमस्कार और दान,लोकिकव्यवहारकेवास्ते करना.और अन्यमतके शास्त्रका श्रवण पठन नी, ऐसेंही जानना. । पीछे गुरु सम्यक्त्वकी देशना करे. ॥ सोबताते हे. ॥

मानुष्यमार्यदेशश्च जातिः सर्वाङ्गपाटवम् ॥
आयुश्च प्राप्यते तत्र कथंचित्कर्मलाघवात् ॥ १ ॥
प्राप्तेषु पुण्यतः श्रद्धा, कथकः श्रवणेष्वपि ॥
तत्त्वनिश्चयरूपं तद्बोधिरत्नं सुदुर्लभम् ॥ २ ॥

॥ गाथा ॥

कुसुमयसुईण महणं सम्मत्तं जस्स सुठिअं हियए ॥
तस्स जगुज्जोयकरं नाणं चरणं च नवमहणं ॥ १ ॥

अर्थः—मनुष्यजन्म १, आर्यदेश २, उत्तमजाति ३, सर्वइंद्रि संपूर्ण ४, आयुः ५, ये कथंचित् कर्मकी लाघवतासें प्राप्त होतें है. । पुण्योदयसें पूर्वोक्त

प्राप्ति हुये जी श्रद्धा १, शुद्ध प्ररूपकका योग २, और सुणनेसें तथानिश्चयरूप बोधिरत्न सम्यक्त्व ३, ये अतिही डुर्लज्ञ हैं. ॥ कुत्सितसमयएकांतवादि ोंके शास्त्र और तिनकी श्रुतियोंको मथन करनेवाला म्यक्त्व, जिसके हृदयमे अछीतरें स्थित है, तिस ुरुपको जगत्के उद्योत करनेवाले, और जव–संसा को मथनेवाले, ज्ञान और चारित्र प्राप्त होते हैं. ॥

॥ श्लोका. ॥

ा देवे देवताबुद्धिर्गुरौ च गुरुतामतिः ॥
र्मे च धर्मधीः शुद्धा सम्यक्त्वमिदमुच्यते ॥ १ ॥
अदेवे देवबुद्धिर्या गुरुधीरगुरौ च या ॥
अधर्म्मे धर्म्मबुद्धिश्च मिथ्यात्वं तद्विपर्ययात् ॥ २ ॥
सर्वज्ञो जितरागादिदोपस्त्रैलोक्यपूजित. ॥
यथास्थितार्थवादी च देवोऽर्हन् परमेश्वरः ॥ ३ ॥
ध्यातव्योयमुपास्योयमय शरणमिष्यताम् ॥
अस्यैव प्रतिपत्तव्यं शासनं चेतनाऽस्ति चेत् ॥ ४ ॥
ये स्त्रीशस्त्राद्सूत्रादिरागाद्यंककलंकिताः ॥
निग्रहानुग्रहपरास्ते देवा स्युर्न मुक्तये ॥ ५ ॥
नाट्याट्टहाससंगीताद्युपप्लवविसंस्थुलाः ॥
लंजयेयु पदं शांतं प्रपन्नान् प्राणिन' कथं ॥ ६ ॥
महाव्रतधरा धीरा जैक्ष्यमात्रोपजीविन' ॥
सामायिकस्था धर्मोपदेशका गुरवो मताः ॥ ७ ॥
सर्वाजिलापिण. सर्वजोजिन. सपरिग्रहा. ॥

अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥ ८ ॥
परिग्रहारंभमग्नास्तारयेयुः कथं परान् ॥
स्वयं दरिद्रो न परमीश्वरी कर्तुमीश्वरः ॥ ९ ॥
दुर्गतिप्रपतत्प्राणिधारणाद्धर्म उच्यते ॥
संयमादिर्दशविधः सर्वज्ञोक्तो विमुक्तये ॥ १० ॥
अपौरुषेयं वचनमसंभवि भवेद्यदि ॥
न प्रमाणं भवेद्वाचां ह्याप्ताधीना प्रमाणता ॥ ११ ॥
मिथ्यादृष्टिभिराख्यातो हिंसाद्यैः कलुषीकृतः ॥
स धर्म इति वित्तोपि भवभ्रमणकारणम् ॥ १२ ॥
सरागोपि हि देवश्चेद्गुरुरब्रह्मचार्यपि ॥
कृपाहीनोपि धर्मः स्यात् कष्टं नष्टं हहा जगत्॥ १३ ॥
शमसंवेगनिर्वेदानुकंपास्तिक्यलक्षणैः ॥
लक्षणैः पंचभिः सम्यक् सम्यक्त्वमुपलक्ष्यते ॥ १४ ॥
स्थैर्यं प्रभावनाभक्तिः कौशलं जिनशासने ॥
तीर्थसेवा च पंचास्य भूषणानि प्रचक्ष्यते ॥ १५ ॥
शंका कांक्षा विचिकित्सा मिथ्यादृष्टिप्रशंसनम् ॥
तत्संस्तवश्च पंचापि सम्यक्त्वं दूषयंत्यमी ॥ १६ ॥

अर्थः—साचे देवमें जो देवपणेकी बुद्धि, साचे गुरुके विषे गुरुपणेकी बुद्धि और साचे धर्मके विषे धर्मकी बुद्धि, कैसी बुद्धि ? शुद्धा सूधी निश्चल संदेहरहित, इसको सम्यक्त्व कहतें हैं. । ऐसी सम्यक्त्वकी बुद्धि थोड़े वखत भी जिसको आजा वेगी, सो प्राणि अर्द्धपुद्गलपरावर्तकालमेंही संसार

सें निकलके मोक्षको प्राप्त होगा, यह निश्चय जाणना. यत उक्तम् ॥
अंतोमुहुत्तमित्तंपि फासियं जेहिं हुज्ज सम्मत्तं ॥
तेसिं अवट्ठ पुग्गलपरिअट्टो चेव संसारो ॥ १ ॥
भावार्थः-अंतर्मुहूर्तमात्र भी जिनोंनें सम्यक्त्व स्पर्श किया है, तिनोंका अर्द्धपुद्गलपरावर्त्तही उत्कृष्ट संसार जाणना, तदनंतर अवश्यमेव मोक्षको प्राप्त होवे. इति सम्यक्त्वस्वरूपम् ॥ १ ॥

अथ मिथ्यात्वस्वरूपमाह ॥ जिसमें देवके गुण नही हैं, ऐसे अदेवमें देवकी बुद्धि—जैसें तममे उद्योतकी बुद्धि । जिसमे गुरुके गुण नहीं है, ऐसें अगुरुमें गुरुकी बुद्धि—जैसें नीवमे आम्र की बुद्धि । अधर्म यागादि, जीवहिंसादिक के विषे धर्म की बुद्धि—जैसें सर्पके विषे पुष्पमालाकी बुद्धि, सो मिथ्यात्व है. सम्यक्त्वसें विपर्यय होनेसें, अर्थात् साचे देवके ऊपर अदेवपणेकी बुद्धि, जैसें कौशिक (घूअड) की सूर्यके तेजऊपर अधकारकी बुद्धि, साचे गुरुऊपर अगुरुपणेकी बुद्धि, जैसें श्वेतशखके ऊपर काचकामलरोगवालेकी नीलशंखकी बुद्धि । तिसको मिथ्यात्व कहतेहै. । सो मिथ्यात्व पांच प्रकारका है. १ आभिग्रहिक, २ अनाभिग्रहिक, ३ आभिनिवेशिक, ४ सांशयिक, ५ अनाभोगिक. ॥
(१) प्रथम आभिग्रहिकमिथ्यात्व, सो, जिस्को

मिथ्या कुशास्त्रोंके पढनेसें कुदेव कुगुरु कुधर्मके ऊप र आस्था दृढ है, जिससें ऐसा जानता है कि, जो कुछ मैने समझा है सोही सत्य है, औरोंकी समझ ठीक नही है, जिसको सत्यासत्यकी परीक्षा करने का अब मन भी नहीं है, और जो सत्यासत्यका विचार भी नही करता है. यह मिथ्यात्व, दीक्षित शाक्यादि अन्यमतममत्वधारीयोंको होता है. वे अपने मनमें ऐसें जानते हैं कि, जो मत हमने अंगिकार किया है, वोही सत्य है; और सर्व मत झूठे हैं. ऐसें जिसके परिणाम होवे, सो आभिग्र हिक मिथ्यात्व है.

(२) दूसरा अनाभिग्रहिकमिथ्यात्व, सो सर्व मतोंको आच्छा जाणे, सर्व मतोंसें मोक्ष है, इस वास्ते किसीको बुरा न कहना सर्व देवोंको नम स्कार करना, ऐसी जो बुद्धि, तिसको अनाभिग्र हिक मिथ्यात्व कहते हैं. यह मिथ्यात्व जिनोंने कोइ दर्शन ग्रहण नहीं करा ऐसें जो गोपाल बाल कादि तिनको है. क्योंकि, यह अमृत और विषको एकसरिखे जाननेवाले हैं.

(३) तीसरा अभिनिवेशिक मिथ्यात्व, सो जो पुरुष जानकरके झूठ बोले, प्रथम तो अज्ञानसें किसी शास्त्रार्थको भूल गया, पीछे जब कोइ विद्वा न् कहे कि, तुम इस विषयमें भूलते हो, तब अप

ने मनमें सत्य विषयको जाणता हुआ नी, जूठे पक्षका कदाग्रह, ग्रहण करे, जात्यादि अजिमानसें कहना, न माने, उलटी स्वकपोलकल्पित कुयुक्तियों बनाकरके अपने मनमाने मतको सिद्ध करे, वादमें हार जावे तो नी न माने, ऐसा जीव, अतिपापी, और बहुल संसारी होता है. ऐसा मिथ्यात्व, प्रायः जो जैनी, जैन मतको विपरीतकथन करता है, उस में होता है, गोष्ठमाहिलादिवत् ॥

(४) चौथा सांशयिकमिथ्यात्व, सो देव गुरु धर्म जीव काल पुद्गलादिक पदार्थोंमें यह सत्य है कि, यह सत्य है ? ऐसी बुद्धि, तिसको सांशयिक मिथ्यत्व कहते हैं तथा क्या यह जीव असंख्य प्रदेशी है ? वा नहीं है ? इसतरें जिनोक्त सर्व पदार्थमें शंका करनी । " सांशयिकं मिथ्यात्वं तदशेषया शंका संदेहो जिनोक्ततत्त्वेष्वितिवचनात् ॥ "

(५) पांचमा अनाजोगिकमिथ्यात्व, सो जिन जीवोंको उपयोग नही कि, धर्म अधर्म क्या वस्तु है ? ऐसें जे एकेंद्रियादि विशेषचैतन्यरहित जीव, तिनको अनाजोगमिथ्यात्व होता है. ॥ २ ॥

अथदेवलक्षणमाह ॥ देव सो कहिये, जो सर्वज्ञ होवे, परंतु जैसें लौकिक मतमें विनायकका मस्तक ईश्वरने छेदन कर दिया, पीछे पार्वतीके आग्रहसे सर्वत्र देखने लगा, परं किसी जगे नी

मस्तक न देखा, तब हाथीके मस्तकको लायके विनायकके मस्तकके स्थानपर चेप दिया, जिसवास्ते विनायकका (गणेशका) नाम " गजानन " प्रसिद्ध हुआ. इत्यादि–यदि ईश्वर (महादेव) सर्वज्ञ होता तो, पार्वतीका पुत्र जाणके विनायकका मस्तक कभी न छेदन करता. यदि छेदा, तो जगत्में विद्यमान तिस मस्तकको क्यों न देखा ? इसवास्ते ऐसें अधूरेज्ञानवालेको देव न कहिये. । तथा ' जित रागादिदोषः ' जे संसारके मूलकारण राग द्वेष काम क्रोध लोभ मोहादिक दोष, तिन सर्वको जिसने जीते हैं, निर्मूल कियें हैं, तिसको देव कहिये. जिसमें रागादि दोष होवे, तिसको अस्मदादिवत् संसारी जीवही कहियें, तिसमें देवपणा न होवे. । तथा ' त्रैलोक्यपूजितः ' स्वर्गमर्त्यपातालके स्वामी इंद्रादिक परम भक्तिकरके जिसको वांदे, पूजे, नमस्कार करे, सेवे, सो देव कहिये. परंतु कितनेक इसलोकके अर्थीयोंके वांदनेसें, वा पूजनादिकसें देवपणा नही होता है. । तथा ' यथा स्थित सत्यपदार्थका वक्ता, सो देव कहिये, परंतु जिसका कथन पूर्वापरविरोधि होवे, और विचारते हुए सत्य २ मिले नही, सो देव न कहिये. ॥ देवो र्हत् परमेश्वरः ये पूर्वोक्त चार गुण पूर्ण जिसमें

होवे, सो अरिहंत, वीतराग, परमेश्वर, देव, कहिये, इससें अन्य कोइ देव नही है. ॥ ३ ॥

ऐसा पूर्वोक्त साचा देव, पिछानके आराधना, सोही कहते हैं । ध्यातव्योयमित्यादि–पूर्वे जो देवके लक्षण कहे, तिन लक्षणो संयुक्त जो देव, तिसको एकाग्र मनसें ध्यावना, जैसें श्रेणिक महाराजने श्रीमहावीरजीका ध्यान किया. । तिस ध्यानके प्रजावसें आगमी चउवीसीमें श्रेणिक, वर्ण, प्रमाण,संस्थान, अतिशयादिकगुणोंकरके श्रीमहावीरस्वामिसरिखा 'पद्मनाज,' नाम प्रथम तीर्थंकर होगा. इसीतरें औरोनें जी तल्लीनपणे देवका ध्यान करना, तथा 'उपास्योयम्' ऐसे पूर्वोक्त देवकी सेवा करनी श्रेणिकादिवत्. । तथा इसी देवका, संसारके जयको टालनहार जाणके, शरण वांछना. । इसी देवका शासन, मत, आज्ञा, धर्म, अंगीकार करना. । 'चेतनास्ति चेत्' जो कोइ चेतना चैतन्यपणा है तो, सचेतन सजाण जीवको उपदेश दिया सार्थक होवे, परंतु अचेतन अजाणको दिया उपदेश क्या काम आवे? इसवास्ते 'चेतनास्ति चेत्' ऐसें कहा. ॥ ४ ॥

अथादेवत्वमाह ॥ अथ अदेवके लक्षण कहते है. ॥ ये स्त्री० ॥ जिनके पास स्त्री (कलत्र) होवे तथा खड्ग धनुष्य चक्र त्रिशूलादिक शस्त्र (हथियार) होवे, तथा अक्षसूत्र जपमाला आदि शब्द

सें कमंडलुप्रमुख होवे, ये कैसें है ? रा० रागादि
कके अंक–चिन्ह है, सोही दिखावे हैं. स्त्री रागका
चिन्ह है, । जो पासे स्त्री होवे तो जाणना कि,
इसमें राग हैं. । शस्त्र द्वेषका चिन्ह है, जो पासे
हाथियार देखीए तो, ऐसा जाणिये कि तिसने
किसी वैरीको मारना चूरना है, अथवा किसीका
जय हैं, जिस वास्ते शस्त्रधारण किये हैं. । अक्ष
सूत्र असर्वज्ञपणाका चिह्न है. यदि होवे तो, मणके
विना गिणतीकी संख्या जाणलेवे. अथवा तिससें
अधिक वडा अन्य कोइ है, जिसका वो जाप करता
है ? । कमंडलु अशुचिपणेका चिन्ह है, यदि हाथ
में कमंडलु पाणीका भाजन देखीए तो, ऐसा जाणि
ये की, यह अशुचि है. शौच करणेके वास्ते यह
कमंडलु धारण करता है. यतउक्तं ॥
स्त्रीसंगः काममाचष्टे द्वेषं चायुधसंग्रहः ॥
व्यामोहं चाक्षसूत्रादिरशौचं च कमंडलुः ॥ १ ॥
इन पूर्वोक्त दोषोंकरके जे दूषित है, तथा निग्र
हा० जिसके उपर रुष्टमान होवे, तिसको निग्रह
(बंधनमरणादिक) करें, और, जिसके उपर तुष्ट
मान होवे, तिसको अनुग्रह (राज्यादिकके वर)
देवें; तेदेवा० वे देव, मुक्तिके हेतु नही होते हैं.॥५॥
ऐसे पूर्वोक्त देव अपने सेवकोंको मोक्ष नही दे
सकते हैं, सोही वात फिर कहते हैं. । नाट्याट्ट० जे

देव नाटकके रसमें मग्न हे, अट्टाट्टहास करते हैं, इत्यादि संसारकी चेष्टा जो अस्थिर है; तन्नयेयुः—जे आपही ऐसे हैं, वे देव, अपने आश्रित सेवकोंको शांतपद, (ससार चेष्टारहित मुक्ति, केवलज्ञानादि कपद,) कैसें प्राप्त कर सकते हैं? जैसें एरंमवृक्ष कल्प वृक्षकीतरें इछा नही पूर सकता हे, यदि किसी मूढ पुरुषने एरंमको कल्पवृक्ष मान लिया तो, क्या वो कल्पवृक्षकीतरें मनोवांछित दे सकता हे? ऐसेंही कीसी मिथ्या दृष्टीनें पूर्वोक्त दूषणोवाले कुदेवोंको देव मान लिये तो, क्या वे देव परमेश्वर मोक्ष दाता हो सकते हे? कदापि नही हो सकते हैं.॥८॥

अथगुरुलक्षणमाह ॥ अथ गुरुके लक्षण कहते हैं ॥ महाव्र० अहिंसादि पांच महाव्रतके धारने पालनेवाले और आपदामें नी धीर साहसिक होके अपने व्रतोंको विराधे नहीं बेंतालीश (४२) दूषण रहित निक्षावृत्ति (माधुकरी वृत्ति) करके अपने चारित्रधर्मके तथा शरीरके निर्वाहवास्ते नोजन करे, नोजन नी ऊनोदरतासयुक्त करे, नोजनकेवास्ते अन्न पाणी रात्रिको न राखे, धर्मसाधनके उपकरण विना और कुछ नी संग्रह न करे, तथा धन, धान्य, सुवर्ण, रूपा, मणि मोती, प्रवालादि परिग्रह, न राखे. । सामा० रागद्वेषके परिणामरहित मध्यस्थ वृत्ति होकर सदा सामायिकमें वर्त्ते. । धर्मोप० जो

धर्मी जीवोंके उद्धारवास्ते सम्यग् ज्ञानदर्शनचारित्ररूप जगवंतके स्याद्वाद अनेकांतस्वरूप निरूपण किया है, तिस धर्मका उपदेश करे, परंतु ज्योतिषशास्त्र, अष्टप्रकारका निमित्त शास्त्र, वैद्यकशास्त्र, धन उत्पन्न करनेका शास्त्र, राजसेवादि अनेकशास्त्र, जिनसें धर्मको वाधा पहुंचे तिनका उपदेश न करे; ऐसे गुरु कहियें. । काष्ठमय वेडीसमान आप जी तरें, और औरोंको जी तारें. ॥ ७ ॥

अथ अगुरुलक्षणमाह॥ अथ अगुरुके लक्षण कहते हैं ॥ सर्वा० स्त्री, धन, धान्य, हिरण्य, रूपादि सर्व धातु, क्षेत्र, हाट, हवेली, चतुःपदादिक अनेक प्रकारके पशु, इन सर्वकी अजिलाषा है जिनको, सर्व जोजिनः । मधु, मांस, मांखण, मदिरा, अनंतकाय, अजक्ष्यादिक सर्व वस्तुके जोजन करनेवाले, सपरिग्रहाः । जे पुत्र, कलत्र, धन, धान्य, सुवर्ण, रूपा, क्षेत्रादि सहित हैं, । अब्रह्म० तथा अब्रह्मचारी हैं । मिथ्यो० मिथ्या धर्मका उपदेश करें, ज्योतिष, निमित्त, वेदक, मंत्र तंत्रादिकका उपदेश देवें, वे गुरु नही. लोहमय वेडी (नावा) समान, आप जी डुबें, औरोंको जी डुबावे ॥ ७ ॥

पूर्वोक्त वातही कहते हैं ॥ परिग्रहा० स्त्री, घर, लक्ष्मी आदि परिग्रह, और क्षेत्र, कृषी, व्यवसायादि आरंज इनमें जे मग्न है, आपही जवसमु

डूमें डुवे हुए, हैं, ता० वे, किसतरेंसें दूसरे जीवोंको संसारसागरसे तार सकते है ? इसवातमें दृष्टांत कहते हैं. । जो पुरुप आपही दरिद्री है, सो परको ईश्वर लक्ष्मीवंत करनेको समर्थ नही है; तैसेंही वे कुगुरु, आपही ससारमें डुवे हुए, पर अपने सेवकोको कैसें तार सके ? ॥ ए ॥

धर्मलक्षणमाह ॥ सत्य धर्मका स्वरूप कहते हैं ॥ डुर्गति० नरक, तिर्यंच, कुमनुष्य, कुदेवत्वादि डुर्गति में गिरते हुए प्राणिकी रक्षा करे, गिरने न देवे, इस वास्ते धारण करनेसें धर्म कहिये, सो, संयमादि दशप्र कार सर्वज्ञ कथित धर्म, पालनेवालेको मोक्षकेवास्ते होता है । संयमादि दश प्रकार ये है. सयम जीवदया १, सत्यवचन २, अदत्तादानत्याग ३, ब्रह्म चर्य ४, परिग्रहत्याग ५, तप ६, क्षमा ७, निरहंका रता ७, सरलता ए, निर्लोजता १०, ॥ इससें उलटा हिंसादिमय असर्वज्ञोक्त धर्म, डुर्गतिकाही कारण है ॥ १० ॥

अधर्मत्वमाह ॥ अपौरुपेयं० अपौरुपेय वचन, असंजवि–संजवरहित है क्योंकि, जो वचन है सो किसी पुरुपके बोलनेसेंही है, विना बोले नही वचू परिनापणे इति वचनात् और अक्षरोत्पत्तिके आठ स्थान नियत है, सो जी पुरुपकोंही होते हैं. इस वास्ते वचन पुरुपके विना संजवे नही. । जवेद्य

दि–न प्रमाणं । यहि होवे तो, वेदको प्रमाणता नही. क्योंकि, । नवेद्वाचां ह्याप्ताधीना प्रमाणता । वचनोंकीप्रमाणता, आप्त पुरुषोंके आधीन है. ॥ ११ ॥

असर्वज्ञोक्त धर्म प्रमाण नही यही कहते हैं. ॥ मिथ्यादृष्टि असर्वज्ञोंने अपनी बुद्धिसें कहा हुआ, पशुमेध, अश्वमेध, नरमेधादि यज्ञोंके कथनसें, और अपुत्रस्य गतिर्नास्ति इत्यादि कथनसें, जीववधादि कोंकरके जो धर्मही है, ऐसा अजाण लोकोंमें विशेष प्रसिद्ध है. तो नी, नवत्रमण (संसारत्रमण) का कारण है. यथार्थ धर्मके अनावसें ॥ १२ ॥

कुदेवकुगुरुकुधर्मनिंदामाह ॥ सरागोपि॰ यदि जगत्में सरागः रागद्वेषादि सहित नी देव होवे, अब्रह्मचारी मैथुनानिलाषी नी गुरु होवे, और दया हीन नी धर्म होवे, तो, हाहा ! इति खेदे बमा नारी कष्ट है, संसारलक्षण जगत् नष्ट हुआ, डुर्गतिमें पमनेसें. क्योंकि, पूर्वोक्त देव गुरु धर्मकरके मुबनाही होवे. यतः उक्तं ॥

रागी देवो दोसी देवो तामिसूमंपि देवो रत्ता मत्ता कंता सत्ता जे गुरू तेवि पुज्जा । मज्जे धम्मो मंसे धम्मो जीव हिंसाइ धम्मो हाहा कष्टं नठो लोओ अट्टमट्टं कुणंतो ॥ १ ॥ १३ ॥

ऐसें पूर्वोक्त अदेव, अगुरु, अधर्मका परित्याग करके, सत्य देव, गुरु, धर्मकी, आस्था करनी, तिसका नाम

सम्यक्त्व है. सो सम्यक्त्व हृदयमे है, ऐसा पांच लक्षणोंकरके मालुम होता है, वे पांच लक्षण कहते हैं.॥

शमसं०—जिस जीवमें अनंतानुबधि क्रोध मान माया लोनका उपचय देखिये, अर्थात् अपराध करनेवालेके ऊपर जिसको तीव्र कषाय उत्पन्न होवेही नही, यदि उत्पन्न होवे तो, तिस क्रोधादिको निष्फल करदेवे, इस शमरूप लक्षणसें जाणिये कि, इस जीवमें सम्यक्त्व है । १ । सवेग—जिसके हृदयमें संवेग संसारसें वैराग्यपणा होवे, तिस जीवमे संवेगरूप लक्षणसें सम्यक्त्व जाणना । २ । संसारके सुखो ऊपर द्वेषी, वैराग्यवान्, परवशपणेसें कुटुंबादिकके डु:खसें गृहस्थपणेमें रहा हुआ मोक्षाभिलाषी, जो जीव है, तिसमे निर्वेदरूप लक्षणसें सम्यक्त्व हैं. । ३ । जिसके हृदयमें डुःखिजीवोंको देखके अनुकंपा (दया) उत्पन्न होवे, डु.खिजीवोंके डुःखोंको दूर करनेका जिसका मन होवे, जो डुःखिजीवको देखके अपने मनमें डु.खी होवे, शक्तिअनुसार डु खिजीवके डु खोंको दूर करे, तिसमें अनुकंपारूप लक्षणसें सम्यक्त्व उपलब्ध होता है. । ४ । जिनोक्त तत्वोंमें अस्तिजाव का होना, सो आस्तिक्य । ५ । एतावता शम १, संवेग २, निर्वेद ३, अनुकंपा ४, और आस्तिक्य ५, इन पांचों लक्षणों सें हृदयगत सम्यक्त्व जाणना, ॥ १४ ॥

॥ अथ सम्यक्त्वके पांच भूषण कहते हैं. ॥ स्थैर्यं०—स्थैर्य जिनधर्मकेविषे स्थिरता । १ । जिन धर्मकी प्रभावना । २ । जिनधर्ममें भक्ति । ३ । जिन शासनमें कुशलता । ४ । और तीर्थसेवा । ५ । ये पांच सम्यकत्व के भुषण हैं. ॥ १५ ॥

अथ सम्यक्त्वके पांच दूषण कहते है. ॥ शंका० शंका धर्म. है, वा नही ? इत्यादि संदेह । १ । आकांक्षाअन्य २ धर्मकी अभिलाषा । २ । विचिकित्साधर्मके फलका संदेह । ३ । मिथ्यादृष्टिकी प्रशंसा । ४ । और मिथ्यादृष्टियोंका परिचय । ५ । ये पांच सम्यक्त्वको डुषित करते हैं. ॥ १६ ॥
ऐसें पूर्वोक्त उपदेशकरके श्रेणिक, संप्रति, दशार्ण भद्रादि सम्यक्त्वमें दृढ राजायोंके व्याख्यान करे. । उस दिनमें श्रावक एकभक्त आचाम्लादि तप करे. । साधुयोंको अन्न, वस्त्र, पुस्तक, वसति, यथायोग्य देवे. । मंगलीपूजा करनी. । चतुर्विधसंघवात्सल्य करना. । और संघपूजा करनी. ॥

इतिव्रतारोपसंस्कारे सम्यक्त्वसामायिकारोपणविधिः ।

देशविरतिसामायिकारोपणविधिः

सम्यक्त्व सामायिकारोपणानंतर तत्कालही, तिस की वासनानुसारें, वा मास वर्षादिके अतिक्रम हुए,

देशविरतिसामायिक आरोपण करना हैं । तहां नंदि, चैत्यवंदन, कायोत्सर्ग, क्षमाश्रमणआदि, सर्व विधि पूर्ववत् जाणनी.

परंतु सर्वत्र सम्य क्त्वसामायिकके स्थानमें देशविर तिसामायिककानाम ग्रहण करना । सर्वत्र तैसे करके फिर दूसरी नंदि दंडकोच्चारकालमे नमस्कार तीन पाठानंतर, हाथमें ग्रहण करे परिग्रह परि माण टिप्पनक(फहरिस्त–नोंध) ऐसे श्रावकको गुरु, देशविरतिसा मायिकदंडक उच्चरावे ॥ सयथा ॥

" ॥ अहण्णं भंते, तुह्माणं समीवे, थुलगं, पाणा इवायं, संकप्पओ, वीइंदिआइजीवनिकायनिग्गहनि यट्टिरूवं, निरावराहं, पच्चक्खामि जावज्जीवाए, दु विहं तिविहेण, मणेणं, वायाए, काएणं, न करेमि, न कार वेमि, तस्स भंते पडिक्कमामि, निंदामि, गरि हामि, अप्पाणं, वोसिरामि, ॥ '

यह पाठ तीनवार कहना ॥ १ ॥ इसीतरें सर्व व्रतोंमें तीन २ वार पाठ पढना. ॥

" ॥ अहण्णं भंते, तुह्माण, समीवे, थूलगं, मुसा वाय, जीहाछेयाइनिग्गहहेऊअं, कन्ना, गोभूमि, निक्खेवावहार, कूड सरकाइ, पंचविहं, दक्खिन्नाइ अविसए, अहागहिअ भंगएण, पच्चक्कामि, जावज्जीवाए, दुविहं तिविहेणं, मणेणं वायाए, काएणं० ॥ २ ॥ "

" ॥ अहणं, नंते, तुह्माणं, समीवे, थूलगं, अदिन्नादाणं, खत्तखणणाइचोरकारकरं, रायनिग्गहकरं, सच्चित्ताचित्त वत्थुविसयं, पच्चरकामि, जावज्जीवाए, ङुविहं तिविहेणं० ॥ ३ ॥ "

" ॥ अहणं, नंते, तुह्माणं, समीवे, थूलगमेहुणं, उरालिय, वेउव्वियनेअं, अहागहिअ नंगएणं, तब ङुविहं तिविहेणं दिव्वं, एगविहं तिविहेणं तेरिछं, एगविहमेगविहेणं माणुस्सं, पच्चक्खामि, जावज्जीवाए, ङुविहं तिविहेणं० ॥ ४ ॥ "

" ॥ अहणं नंते तुह्माणं, समीवे, अपरिमिअं, परिग्गहं, धणधन्नाइनवविहवत्थुविसयं, पच्चरकामि, इछापरिमाणं, अहागहिअ नंगएणं, उवसंपज्जामि, जावज्जीवाए, ङुविहं, तिविहेणं० ॥ ५ ॥ "

"अहणं नंते, तुह्माणं, समीवे, पढमं गुणव्वयं, दिसिपरिमाणरूवं, पडिवज्जामि, जावज्जीवाए, ङुविहं, तिविहेणं ॥ ६ ॥ "

" ॥ अहणं नंते, तुह्माणं, समीवे, उवनोगपरिनोगवयं, नोयणउं, अणंतकाय, बहुबीय राइनोयणाइबावीसवत्थुंरूवं, कम्मणा, पन्नरस, कम्मादाण, इंगालकम्माइबहुसावज्जं, खरकम्माइ, रायनिउंगं च, परिहरामि, परिमिअं, नोगउवनोगं, उवसंपज्जामि, जावज्जीवाए, ङुविहं, तिविहेणं० ॥ ७ ॥"

" ॥ अहणं नंते, तुह्माणं समीवे, अणत्थदंमगु

णवयं, अट्टरुद्दझ्राण, पावोवएस, हिंसोवयारदाण,पमा यकरणरूवं, चउव्विहं, जहासत्तीए, पडिवज्जामि, डुविहं तिविहेण ॥ ७ ॥ "

" ॥ अहणं जंते तुह्माणं समीवे, सामाइयं, जहासत्तीए, पडिवज्जामि, जावज्जीवाए, डुविहं, तिविहेणं ॥ ए ॥ "

" ॥ अहणं जंते, तुह्माणं समीवे, देसावगासिअं, जहासत्तीए पडिवज्जामि, जावज्जीवाए, डुविहं तिविहेणं० ॥ १० ॥ "

" ॥ अहणं जंते, तुह्माणं समीवे, पोसहोववासं, जहासत्तीए, पडिवज्जामि, जावज्जीवाए, डुविहं, तिविहेणं० ॥ ११ ॥ "

" ॥ अहणं जंते, तुह्माणं समीवे, अतिहिसंविजागं, जहासत्तीए, पडिवज्जामि' जावज्जीवाए, डुविहं' तिविहेणं० ॥ १२ ॥ "

" ॥ इच्चेयं सम्मत्तमूलं पंचाणुवइयं, तिगुणवइयं, चउसिरकावइय, डुवालसविहं, सावगधम्मं, उवसंपज्जित्ताणं, विहरामि ॥ इति ॥

दंमकोच्चारणानंतर कायोत्सर्ग, वंदनक, क्षमाश्रमण, प्रदक्षिणा, वासक्षेपादिक पूर्ववत् ॥

परिग्रहप्रमाणटिप्पनकयुक्तिर्यथा ॥

जावार्थ –अमुक जिनेंद्रको नमस्कार करके, अमु

क श्राविका, वा अमुकश्रावक अमुक गुरुके पास, गृहस्थ धर्मको अंगीकार करता है. ॥ १ ॥

श्री अरिहंतको वर्जके अन्य देवको नमस्कार न करुं, जिनमतके सुसाधुकों छोडके अन्य लिंगिकों धर्मार्थे नमस्कार न करुं. ॥ २ ॥ जिन वचन स्याद्वादयुक्त सप्त वा नव तत्त्व को सत्य कर जानता हुं, मिथ्याशास्त्रोंके श्रवण पठन लिखनेका मुझको नियम हो. । ३ । परतीर्थिको प्रणाम, गुणानुवाद, स्तवन, भक्ति, राग, सत्कार, सन्मान, दान, विनय, वर्जुं—न करुं. । ४ । धर्मकेवास्ते अन्य तीर्थमें तप, स्नान, होमादिक नही करुं. तिनके उचित करने योग्य कर्ममें जयणा मुझको हो. । ५ । तीन, वा पांच, वा सातवार यथाशक्तिसें चैत्यवंदन करुं; एक, वा दो वा तीन वार, प्रतिदिन सुसाधुको नमस्कार करुं, और तिसकी सेवा करुं. । ६ । एक, वा दो, वा तीनवार प्रतिदिन जिनपूजा करुं; और पर्व दिनमें स्नात्रादि अधिक अधिकतर पूजा करुं. इति सम्यक्त्वम् ।

कुलाचार विवाहादि कृत्यमें जीवबध होते जयणा करुं । ७ । विना प्रयोजन एकेंद्रियका भी बध न करुं, प्रयोजनके हुए जयणा करुं, । इतिप्रथमव्रतम् ।

कन्या आदि पांच प्रकारका मृषावाद, नियमकरके वर्जता हुं. । इतिद्वितीयव्रतम् ।

जिससें चोर नाम पडे, और राजदंम होवे, ऐसा धन वर्जुं, अर्थात् चोरी वर्जुं । इतितृतीयव्रतम् ।

दो करण तीन योगसें देवतासंबंधि, एकविध त्रिविधें करी तिर्यंच संबंधि, मैथुनका नियम करता हुं. । ए । अनुनव करके स्तंजसमान ब्रह्मव्रतको अपने मनमें धारण करुं, और जावजीव मनुष्य संबंधि मैथुनकायाकरके वर्जुं । १० । परनारीको, और परपुरुषको (स्त्री व्रतग्राहिता आश्रित) वर्जुं इनके उपरांत अन्यक्रियाकी मुफको जयणा. । इति चतुर्थव्रतम् ॥

नव प्रकारके परिग्रहमें परिग्रहकी संख्याका प्रमाण यह है. । ११ । इतने मात्र रूपय्ये, इतने मोहोर, इतने मात्र गिणतिमें. । १२ । इतने गिण तिमे रूपय्ये, यह गणिमवस्तुका ग्रहण है. इतनी वस्तु तोलमे और मापसें इतनी वस्तु. ।१३। हाथ अंगु लसें मेय वस्तुका इतने प्रमाण मात्रसें मुफको संग्र ह करना कल्पे, तथा दृष्टिसें देखके जिनका मोल करा जावे ऐसे पदार्थ इतने रूपइयोंके मोलके रखने. । १४ । इतनी खांमी अन्नकी एक वर्षमें रख नी, इतनी मुफको परिग्रहमें नूमि रखनी कल्पे, इतने पुर, इतने गाम, इतने हाट, इतने घर, और इतने प्रमाण क्षेत्र, मुफको कल्पे । १५ । इतने सेर, वा इतने तोले प्रमाण सोना, इतना मात्र रूपा,

इतना कांसा, इतना तांबा, इतना लोहा, इतना तरुया, इतना सीसा, अपने घरमे रखना. । १६ । इतने दास, इतनी दासी, इतने सेवक—नौकर और इतने दासचेटकोंकी संख्यां मुझको रखनी कल्पे. । १७ । इतने हाथी, इतने घोडे, इतने बलद, इतने ऊंट, इतने गाडे, इतनी गौ, इतनी महिषी (भैंस) । १८ । इतनी बकरी, इतनी भेडें, और इतने हल रखने मुझको कल्पे. और अमुक अमुक कर्मका मुझको नियम हो. । १९ । इति पंचमव्रतम् ॥

दसोंही दिशायोंमें अपने वशसें इतने योजन प्रमाण जावजीव गमन करना, और तीर्थयात्रामें जानेकी जयणा. । २० । इतिषष्ठव्रतम् ।

कर्ममें भोगोपभोगमें, खरकर्ममें, पंदरा कर्मादानमें, दुप्पोल आहार अज्ञात फूल फल इनको वर्जुं. । २१ । पांच ऊंबर ५, चार महाविगइ ४, हिम १८, विष ११, कारक १२, सर्व जातकी मट्टी १३, रात्रिभोजन १४, बहुबीजा १५, अनंतकाय १६, संधान (बोल आचार) १७. । २२ । घोलवडां (विदल) १८, वृंताक १९, अज्ञात फल फूल २० तुछ फल २१ और चलितरस २२, ये बावीस वस्तुओको वर्जुं. । २३ । वर्जके अन्य फल फूल पत्रमेसें अमुक अमुक प्राणांतमें भी, भक्षण न करूं. २४ । इतने मात्र प्रासुक अनंतकायकी मुझको जयणा हो, इतने

अपक्क फल और अखंडित नी नक्षण न करुं. ।२५। आ जन्मतक इतनी सच्चित्त वस्तुओं मेरेको नक्षण करने योग्य है, इतने पुष्टिकारक डव्य और इतने व्यंजन शाकादि मुझको कल्पे, तथा घृत, छुग्ध दहि प्रमुख ।२६। इतनी विगइ मुझको कल्पे. इतने पियादे, इतने गज, इतने तुरग और इतने प्रधान रथोंकी मुझको जयणा हो. ।२७। इतनी सुपारी, इतने लवंग, इतने एलाफल (इलायची) जायफल आदि मेरेको नित्य इतने प्रमाण कल्पे सूतके, रेशमके, ऊनके, औरके, इन चार प्रकारके।२८। वस्त्रोंमें नी इतने वस्त्र पहिरने मुझको कल्पे; और इतनी जातिके फूल मेरे अंगके नोगवास्ते कल्पे. । २९ । आसन, सिंहासण, पीठ, पट्टे, वाजोठ, पल्लंक, गदेला, रजाइ, और खाट आदि ये सर्व इतने प्रमाण मुझकों कल्पे. । ३० । कर्पूर, अगर, कस्तूरी, चंदन केशरादि मात्र मेरे अंगके वास्ते इतने कल्पे, और पूजामें जयणा । ३१ । इतनी नारी मेरे संनोगमे इतने कालमात्र, इतने घडे, ठाणे हुए जलके और प्रासुक जलके मेरेकों स्नान वास्ते कल्पे. । ३२। इतनी वार दिनमें इतनी जातिके तेल मर्दन के वास्ते, इतने प्रकारके नात रोटी आदिक नोजन, और दिनमें इतनी वार नोन न करना. । ३३ । यह सच्चित्तादिका नोग परिनोग

जावजीवतक है, इनका भी फेर प्रमाण दिनदिनमें करुं, ✽ । ३४ । इतने मात्र मणि, कनक, रूपा, मोती भूषण, अंगऊपर धारण करुं. इतने मात्र गीत, नृत्य, वाजंत्र, मुझको उपभोगवास्ते कल्पे. । ३५ । इतिसप्तमव्रतम् ॥

वैरिका घात, वैर लेना, इत्यादिक आर्त्त, रौद्र, ध्यान, अदाक्षिण्यताविषे पापोपदेशका देना, इनको वर्जुं. । ३६ । अदाक्षिण्यताविषे हिंसाकारी गृहोपकरणादि देना तथा कामशास्त्रकापढना, जूआ खेलना, मद्य पीना, इनको परिहरुं. । ३७) हिंमोलेका विनोद, भक्त (भोजन), स्त्री, देश, और राजा, इनकी स्तुति, वा निंदा; पशु पक्षीका युद्ध, अकालमें नींद लेनी, संपूर्ण रात्रिमें सोना, । ३८ । इत्यादि प्रमाद स्थानक, अनर्थादंडनामक गुण व्रत में वर्जुं. । इति अष्टमव्रतम् ॥

एक वर्षमें इतने सामायिक करुं. । इतिनवमव्रतम् ॥

इतने योजन मेरेको दिन, वा रात्रिमें दशोदिशाओंमें जाना आना कल्पे. । इतिदशमव्रतम् ।

एक वर्षमें इतने पौषध करुं. इत्येकादशव्रतम् ॥

साधुओंको संविभाग भोजन वस्त्र आदिकसें करुं. ४० । प्रथम यतिको देके और नमस्कार करके पीछे

✽ दिन २ में जो प्रमाण करना है, सो दशम देसावकाशिकव्रतांतर्गत जाणना. ॥

आप पारणा करुं, जो सुविहित साधुओंका योग न होवे तो, दिशावलोकन करके भोजन करुं । ४१ । इतिद्वादशव्रतम् ॥

यह द्वादश व्रतरूप श्रावकधर्म, पूर्वोक्त विधिसें पालुं, विना गलएया जलका पान और स्नान, मरणांतमें भी न करुं. । ४२ । कंदर्प, दर्प, थूकना, सोना, चार प्रकारका आहार करना, विकथा, कलह, इत्यादि जिनमंरूपमें वर्जुं. । ४३ ।

अमुक महागछमें, अमुक गुरु सूरिके संतानमें, अमुकके शिष्यके पास, अमुक सूरिके पादांतमें ४४ ।अमुक संवत्सरमें, अमुक मासमें, अमुक पक्षमें, अमुक तिथिमे, अमुक वारमें, अमुक नक्षत्रमें, अमुक नगरमे । ४५ ।अमुकका पुत्र, अमुक नामका श्रावक, यहां गृहस्थधर्म ग्रहण करता है अमुककी पुत्री आमुककी भार्या, अमुक नामकी श्राविका, वा व्रत ग्रहण करती है । ४६ ।

नवरं क्षत्रियकेवास्ते प्राणातिपात स्थानमें प्रथम व्रतमे ४७ । ४८ । यह दो गाथा, अधिक जाननी. । युद्धमें, कोइ गौको चुरा लेजाता होवे तिसके हटानेमें, चैत्य, गुरु, साधु, संघको उपसर्ग देनेवालेको हटानेमें, तथा दुष्टके निग्रहमें, जीवके वध हुए मुझको दोष नहीं । ४९ । जनोंके, और देशके रक्षणवास्ते सिंह, व्याघ्र, शत्रुओंके हननेमें मुझको

दोष नही; अर्थात् इन कामोंके लिए हिंसा करनेसें मेरा व्रत भंग न होवे.। जल पीनेमें गणना, अन्यत्र स्नाना दिमें यथाशक्ति.। ४७। इनमें प्रमादके होनेसें, गुरुके वचनसें यह तप करुं; अल्प बहुत भांगेसें, तिससें मेरी विशुद्धि होवे.। ४ए॥ इति परिग्रह प्रमाणटिप्पनकविधिः॥

इन बारह व्रतोंमेंसें कोइ कितनेही व्रत अंगी कार करे, तिसको तितनेही उच्चार करावने.। जिस को ब मासिक सामायिक व्रत अरोपतें हैं, तिसका यह विधि है.॥ चैत्यवंदना, नंदि, क्षमाश्रमणादि सर्वपूर्ववत् सामायिकके अभिलाप करके;। और विशे षयह हैं;। कायोत्सर्गके अनंतर तिसके हस्तगत नूतन मुखवस्त्रिकाके ऊपर वासक्षेप करना.। तिसही मुखवस्त्रिकाकरके षट् (६) मासपर्यंत उभयकाल सामायिक ग्रहण करे.। पीछे तीनवार नमस्कारका पाठ करके दंडक पढावे. सयथा॥

"॥ करेमि भंते सामाइयं, सावज्जं जोगं पच्च क्खामि, जावनियमं पज्जुवासामि, डुविहं तिविहेणं, मणेणं वायाए काएणं, न करेमि, न कारवेमि, तस्स भंते पडिक्कमामि, निंदामि, गरिहामि अप्पाणं, वोसि रामि,। से सामाइए चउव्विहे तंजहा दव्वउ खित्तउ कालउ भावउ दव्वउणं सामाइअं पडुच्च, खित्तउणं इहेव वा अन्नह वा, कालउणं जाव छम्मासं, भाव

उणं जाव गहेणं न गहिज्जामि,जाव ठलेणं न ठलिज्जामि, जाव सन्निवाएणं नाभिन्नविज्जामि, ताव मे एसासामाइय पमिवत्ती ॥ "

ऐसें तीनवार पढावना. । मस्तकोपरि वासक्षेप करना, अक्षतवासाको अभिमंत्रणा, और संघके हाथ में वासक्षेप देना, यहां नही है परंतु प्रदक्षिणा तीन, करावनी. । इतिपाएमासिक सम्यक्त्वारोपणविधिः ॥

इसीतरें सम्यक्त्वका, और द्वादश व्रतोंका नी इसही दंमकसें तिस २ अभिलापसें मास, षट्ट (६) मास वा वर्ष पर्यंत, सम्यक्त्व व्रतोंका उच्चारण करना. । नवरं सम्यक्त्वका सम्यक्त्वदंडसें उच्चार करना. नवरं इतना विशेष है कि, सम्यक्त्वकी अवधिमें 'जावज्जीवाए' यह पाठ न कहना. किंतु, 'मासं ठम्मासं वरिसं' इत्यादि कहना शेष व्रतोंमें नी जावज्जीवाएके स्थानमे 'मासं ठम्मासं वरिसं' इत्यादि कहना ॥

अथ प्रतिमोद्वहनविधि· ॥ यावज्जीवतक नियम स्थिरीकरण प्रतिज्ञा जो है, तिसको प्रतिमा कहते हैं. तिनमे कालादिमें नियमव्यवछेद नही है. । ते प्रतिमा एकादश (११) गृहस्थोंकी हैं. । तद्यथा ॥

" ॥ दंसण १, वय २, सामाइय ३, पोसह ४ पमिमाय ५, बंन्न ६, अचित्ते ७, ॥ आरंन्न ८, पेस ए, उद्दिठ, वज्जाए १०, समणन्नूए य ११, ॥ १ ॥ "

अर्थः—तहां जिस प्रतिमामें मासतक श्रावक निःशंकितादि सम्यग् दर्शनवाला होवे, सा प्रथम दर्शनप्रतिमा १. व्रतधारी द्वितीया २. कृतसामायिक तृतीया ३. अष्टमी चतुर्दश्यादिमें चतुर्विध पौषध करना, चतुर्थी ४. पौषधकालमें, रात्रिकी आदि प्रतिमा, अंगीकार करनी, अस्नान, प्रासुकभोजी, दिनमें ब्रह्मचारी, रात्रिमें परिमाण करे और कृत पौषध तो, रात्रिमें भी ब्रह्मचारी, इति पंचमी ५. सदा ब्रह्मचारी षष्ठी ६. सच्चित्ताहारवर्जक सप्तमी ७. आप आरंभ नही करना, अष्टमी ८. नौकरोंसें आरंभ नही करावना, नवमी ९. उद्दिष्टकृताहारव र्जक, क्षुरमुंडित, शिखासहित, वा निराधारीकृतध नका, पुत्रादिकोंको बतलानेवाला, इति दशमी १०. क्षुरमुंडित, लुंचितकेश, वा रजोहरणपात्रधारी, साधु समान, निर्ममत्व, अपनी जातिमें आहारादिकेवास्ते विचरे, इतिएकादशी. ॥ ११ ॥

यहां पहिली एक मास, दूसरी दो मास, तीस री तीन मास, एवं यावत् इग्यारहमी इग्यारह मास पर्यंत. तथा जो अनुष्ठान, पूर्व प्रतिमामें कहा है, सोही अनुष्ठान, आगेकी सर्व प्रतिमायोंमें जानना. इनमें वितथ प्ररूपणा श्रद्धानादि करना, सो अति चार है. । तिनमें पहिली 'दर्शन प्रतिमा' तिसमें नंदि, चैत्यवंदन, क्षमाश्रमण, वासक्षेप, इनोंका विधि

दर्शनप्रतिमाके अभिलापसें सोही पूर्वोक्त रीतीसें जानना और दंडक ऐसें है।

"॥अहणं भंते तुह्माणं समीवे, मिछत्तं, दव्वभा वभिन्नं,पच्चरकामि, दंसणपडिमं, उवसंपज्जामि, नो मे कप्पइ,अप्पभिई अन्नउत्थिए वा, अन्नउत्थिअदेवयाणि वा, अन्नउत्थिअपरिग्गहिआणि वा, अरिहंतचेइआणि वा, वंदित्तए वा, नमंसित्तए वा, पुव्विअणालत्तेणं आलवित्तए वा, संलवित्तए वा, तेसिं असणं वा पाणं वा खाइमं वा दाउं वा, अणुप्पयाउं वा, तिविहं तिविहेणं, मणेणं वायाए काएणं, न करेमि न कारवेमि, करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि, तहा अईअं निंदामि, पडुप्पन्नं संवरेमि, अणागयं पच्चख्खामि, अरिहंतसख्किअं, सिद्धसख्किअं, साहुसख्किअं, अप्पसख्किअं, वोसिरामि, तहा दव्वओ खित्तओ कालओ भावओ, दव्वओणं एसा दंसणपडिमा, खित्तओणं इहेव वा अन्नत्थ वा, कालओणं जाव मास, भावओणं जाव गहेणं न गहिज्जामि, जाव छलेणं न छलिज्जमि, जाव सन्निवाएणं नाभिभविजामि, ताव मे एसा दंसणपडिमा ॥"

शेषं पूर्ववत्। प्रदक्षिणात्रयादिक, दर्शनप्रतिमा स्थिरीकरणार्थ कायोत्सर्गादि. यहां अभिग्रह मासातिक यथाशक्ति आचाम्लादि प्रत्याख्यान करना, तीनों संध्यामे विधिसें देवपूजन करणा. पार्श्व

स्यादिवंदनका परिहार करना. शंकादि पांच अतिचारोंका त्याग करना. राजाभियोगादि ७ (६) कारणोंसें भी यह दर्शन प्रतिमा नही त्यागनी. ॥ इतिदर्शनप्रतिमा. ॥ १ ॥

अथ दूसरी व्रतप्रतिमा, सा, मास दो तक यावत् निरतिचार पांच अणुव्रत पालनविषया, गुणव्रत ३, शिक्षाव्रत ४, इनका पालना भी साथही जानना. अर्थात् दो मासपर्यंत निरतिचार द्वादश (१२) व्रतोंका पालना. यहां नंदिक्षमाश्रमणादि तिसतिस प्रतिमाके अभिलापसें पूर्ववत् । प्रत्याख्यान नियम चर्यादि सर्व तेसेंही जानने. दंडक भी तिसके अभि लापसें सोही जानना. ॥ इतिव्रतप्रतिमा ॥ २ ॥

अथ तीसरी सामायिक प्रतिमा, सा, तीन मास तक उभयसंध्यामें सामायिक करनेसें होती है. शेष नंदिनियम व्रतादिविधि सोइ अर्थात् पूर्वोक्तही जान ना. और दंडक सामायिकके अभिलापसें कहना. ॥ इतिसामायिकप्रतिमा ॥ ३ ॥

अथ चौथी पौषधप्रतिमा, सा, चार मास यावत् अष्टमी चौदशको चार प्रकारके आहारके त्यागमें रक्तको चार प्रकारके पौषधके करनेसें होती है. इत्यादिभेदसें दो आदि मासपर्यंत इस कथनसें यथाशक्ति सूचन किइ गइ. यहां नंदिव्रत नियमा

दिविधि सोही और दंमक तिसके (पौषधप्रतिमाके) अजिलापसें कहना. ॥ इतिपौषधप्रतिमा ॥ ४ ॥

ऐसें पांचमासादिकालवाली शेषप्रतिमायोमें जी यही पूर्वोक्त विधि है. नंदिक्षमाश्रमण दंमकादि तिसतिस प्रतिमाके अजिलापसे. व्रतचर्या सोही है, परं संप्रतिकालमे, पर्यायसें, वा संहननकी शिथिलतासें, पांचमी प्रतिमासें लेके इग्यारहमीतक प्रतिमाके अनुष्ठानका विधि शास्त्रोंमे नहि दिखताहै प्रतिमाका आरंज शुज मुहुर्तमें करना. ॥ इति देशविरतिसामायिकारोपणविधिः ॥

उपधान विधि ॥

श्रुतसामायिकारोपणविधि कहते हैं. ॥ तहां यतियोकों श्रुतसामायिकारोपण, योगोद्वहनविधिसें होता है. उनका श्रुतारोपण, आगम पाठसें होता है. और योगोद्वहन आगमपाठ रहित एसे गृहस्थोंको, श्रुतसामा यिकारोपण, उपधानोद्वहनसें होता है सो श्रुतारो पण, परमेष्ठिमंत्र, ईर्यापथिकी, शक्रस्तव, चैत्यस्तव, चतुर्विंशतिस्तव श्रुतस्तव, सिद्धस्तवादि पाठकरके होता है. ॥

उपधीयते ज्ञानादि परीक्ष्यते अनेनेत्युपधानं–जिससें ज्ञानादिकी परीक्षा करिये, तिसको उपधान कहते है अथवा चार प्रकारके संवर समाधिरूप सुखशय्यामें उत्तम होनेसें उत्सीर्पक स्थानमें उप

धीयते स्थापन करिये, तिसको उपधान कहिये. तिस उपधानमें ठ (६) श्रुतस्कंधोंका उपधान होता है, सोही दिखाते हैं. परमेष्ठिमंत्रका १, ईर्यापथिकीका २, शक्रस्तवका ३, अर्हत् चैत्यस्तवका ४, चतुर्विंशतिस्तवका ५. श्रुतस्तवका ६.

सिद्धस्तवकी वाचना उपधानविना होती है.

प्रथम परमेष्ठिमंत्र महाश्रुतस्कंधके पांच अध्ययन है, और एक चूलिका है. दो दो पदके आलावे पांच है, सात २ अक्षरके अर्हत् आचार्य उपाध्याय नमस्कार रूप तीन पद है. सिद्धनमस्कृति. रूप दूसरा पद पांच अक्षरोंका है, साधुओंको नमस्काररूप पांचमा पद नव अक्षरोंका है, एवं पांच पद. तिसके पीठे चूलिका, तिसमें दो पदरूप प्रथम आलापक सोलां (१६) अक्षरोंका है, तृतीय पदरूप दूसरा आलापक आठ (८) अक्षरोंका है, और चौथे पदरूप तीसरा आलापक नव (९) अक्षरोंका है. तहां पंचपरमेष्ठिमंत्रमें पांचो पदोंमें तीन उद्देशे है, और चूलिकामें भी उद्देशे तीन है एवं उद्देशे ६. ॥ प्रथमके पांचो पदोंमें पैंतीस (३५) अक्षर है, और चूलिकामें तेतीस (३३) अक्षर है. पांच अध्ययन ऐसें है ॥

नमो अरिहंताणं १। नमो सिद्धाणं २ । नमो

आयरिआणं ३। नमो उवज्झायाणं ४। नमो लोए सव्वसाहूणं ॥ ५ ॥ एका चूलिका यथा ॥

एसो पंच नमुक्कारो, सव्वपावप्पणासणो, मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ॥ १ ॥ दो दो पदके आलापक यह है ॥

नमो अरिहंताणं। नमोसिद्धाणं ॥ १ ॥ „
नमो आयरिआणं।नमो उवज्झायाणं ॥ २ ॥ „
नमो लोए सव्वसाहूणं ॥ ३ ॥ „
एसो पच नमुक्कारो। सव्वपावप्पणासणो ॥४॥„
मंगलाणं च सव्वेसिं। पढमं हवइ मंगलं ॥५॥„
सात २ अक्षरके तीन पद यह है ॥

नमो अरिहंताण। ७। नमोआयरिआणं। ७। नमो उवज्झायाणं। ७। ॥ १ ॥ „

पांच अक्षरोंका तीसरा पद "नमो सिद्धाणं। „२
पांचमां पद नव अक्षरप्रमाण "नमो लोएसव्वसाहूणं।३„

चूलिकामें (१६) अक्षरप्रमाण प्रथम आलापक॥
एसो पंच नमुक्कारो, सव्वपावप्पणा सणो ॥ १ ॥
चूलिकामें आठ अक्षर प्रमाण दूसरा आलापक„
मंगलाणं च सव्वेसिं ॥ २ ॥„
चूलिकामें नव अक्षर प्रकार तीसरा आलापक
"पढमं हवइ मंगलं ॥ ३ ॥„

सर्व अक्षर अडसठ (६८) तिसका उपधान ऐसें है. ॥

नंदि, देववंदन, कायोत्सर्ग, क्षमाश्रमण, वंद नक, प्रमुख नमस्कारश्रुतस्कंधके अनिलापसें पूर्व वत् जाणना. और अनिमंत्रित वासक्षेप नी पूर्व वत् जाणना. । तहां पूर्वसेवामें एकनक्तके अंतरे उपवास पांच, एवं दिन ११, तहां प्रथम नंदिदिन में एकनक्त, वा निविगइ, दूसरे दिन उपवास, तीसरे दिन एकनक्त, चौथे दिन उपवास, पांचमे दिन एकनक्त, ठठे दिन उपवास, सातमे दिन एक नक्त, आठमे दिन उपवास, नवमे दिन एकनक्त, दशमे दिन उपवास, एकादशमे दिन एकनक्त. ऐसें द्वादशम तप पूर्व सेवामें करना. । तहां पंचपरमेष्ठि पदोंकी वाचना नंदिविना नी देनी. शक्रस्तवका पढना, वासक्षेपपूर्वक तीन नमस्कारोंका पढना, सर्व वाचनाओंमें जाणना. । तहां श्रेणिबद्ध आठ आचा म्ल करने, ऐसें एकोनविंशति (१ए) दिन. पीठे वीसमे दिन एकनक्त, इकवीसमे दिन उपवास, बावीसमे दिन एकनक्त, तेइवीसमे दिन उपवास, चौवीसमे दिन एकनक्त, पच्चीसमे दिन उपवास. । ऐसें अष्टम तप उत्तर सेवामें. । पीठे चूलिकाकी वाचना एसो पंच यहांसें लेके हवइ मंगलं ॥

इति नमस्कारस्योपधानं॥ पीठे तिसकी वाचना, तिसका विधि यह है. ॥ पहिलां सामाचारीका पुस्तक पूजना, पीठे मुखवस्त्रिकासें मुख ढांकके

ऐर्यापथिकी (इरियावहियं) पमिक्कमके क्षमाश्रमण पूर्वक कहें. ॥

"॥ जगवन् नमुक्कारवायणासंदिसावणियं वाय णालेवावणियं वासक्खेवं करेह। चेश्याइं च वंदावेह ॥"

ऐसें नंदि करके छवीसमें दिन एकजक्त करें,वाचना देनी. चूलिकाके चारों पदोंके सर्व उपधानोंमें प्रति दिन अव्यापार पौषध करना, सवेरे २ पौषध पारके पुन: २ नित्य पौषध ग्रहण करना, और नमस्कार सहस्र गुणना ॥ इतिप्रथमसुपधानम् ॥ १ ॥

ऐर्यापथिकीका जी उपधान ऐसेंही है. आदिकी, और अंतकी, दोनोंही नंदि तिसके–ऐर्यापथिकीके अजिलापसें करनी. । तहां वाचनामे आठ अध्ययन, और वाचना दो,–एक पांच पदोंकी और दूसरी तीन पदोंकी; पांच पदोंकी एक चूलिका ॥

"॥ इछामि पडिक्कमिउं इरिआवहिआए विरा हणाए। १। गमणागमणे । २ । पाणक्कमणे, वीयक्कमणे हरीयक्कमणे ।३। ओसाउत्तिंगपणगदगमट्टीमक्कमासं ताणासंकमणे । ४ । जे मे जीवा विराहिया ।५। यह एक वाचना, द्वादशम तपके पीछे देते हैं ॥ १ ॥

"॥ एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, पंचिंदिया । ६ । अजिहया, वत्तिया, लेसिया, संघाइ या, संघट्टिया, परियाविया, किलामिया, उद्दविया, गणाओ गणं संकामिया, जीवियाओ ववरोविया,

तस्स मिछामि डुक्कमं । ७ । तस्सउत्तरीकरणेणं, पायछित्तकरणेणं, विसोहीकरणेणं, विसल्लीकरणेणं, पावाणं कम्माणं निग्घायणठाए, ठामि काउस्सग्गं।०। यह दूसरी वाचना, आठ आचाम्लके अंतमें देनी. ॥ २ ॥ इसके पीछे ॥

" ॥ अन्नथ्थ उससिएणं, नीससिएणं, खासिएणं, छीएणं, जंनाइएणं उकूएणं, वायनिसग्गेणं, नमलिए, पित्तमुछाए, ॥ १ ॥ सुहुमेहिं अंगसंचालेहिं, सुहुमेहिं खेलसंचालेहिं, सुहुमेहिं दिठिसंचालेहिं।२। एवमाइएहिं, आगारेहिं, अनग्गो अविराहिओ, हुज्ज मे काउस्सग्गो । ३ । जाव अरिहंताणं, नगवंताणं, नमुक्कारेणं, न पारेमि । ४ । ताव कायं, ठाणेणं, मोणेणं, जाणेणं, अप्पाणं वोसिरामि । ५ ।" यह चूलिकाकी वाचना, अंत दिनमें देनी. ॥ इतिऐर्यापथिक्याउपधानम् ॥ २ ॥

अथ शक्रस्तवका उपधान कहते हैं. ॥ तहां नंदिआदि सर्व शक्रस्तवके अनिलापसें पूर्ववत्. । तथा प्रथम दिनमें एकनक्त, दूसरे दिन उपवास, तीसरे दिन एकनक्त, चौथे दिन उपवास, पांचमे दिन एकनक्त, छठे दिन उपवास,॥सातमे दिन एक नक्त; । तहां तीन संपदायोंकी प्रथम वाचना देते हैं. ॥ यथा ॥

"॥ नमुथ्थुणं अरिहंताणं जगवंताणं । १ । आइ गराणं तिथ्थयराणं सयंसंबुद्धाणं । २ । पुरिसुत्तमाणं पुरिससीहाणं पुरिसवरपुंमरीआणं पुरिसवरगंधह थ्थीणं । ३ । इत्येका वाचना ।

यह एक वाचना । नमुथ्थुणं । यह पद भिन्न है. । तीनोंही संपदा अनुक्रमे दो, तीन, चार पद वाली है. । पीछे एकश्रेणिकरके निरंतर सोलां (१६) आचाम्ल करने. । तिसमें पांच २ पदोंवाली तीन संपदाकी वांचना देते हैं. ॥ यथा ॥

॥ लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं लोगहिआणं लोगप ईवाणं लोगपज्जोअगराणं । ४ । अजयदाणं चक्खुद याणं मग्गदयाणं सरणदयाणं बोहिदयाणं ।५। धम्म दयाणं धम्मदेसियाणं धम्मनायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवरचाउरंतचक्कवट्टीणं । ६ । यह दूसरी वाचना॥२।

पीछे फिर जी तिसही श्रेणिकरके सोलां आचा म्ल करने. । तिसमें दो तीन पदोंवाली तीन संप दाकी वाचना देनी. ॥ यथा ॥

॥ अप्पमिहयवरनाणदंसणधराणं विअट्टछउमा णं । ७ । जिणाणं, जावयाणं तिन्नाणं तारयाणं, बुद्धा णं बोहयाणं, मुत्ताणं मोअगाणं । ८ । सवन्नूणं सव्व दरिसिणं सिवमयलमरुअमणंतमक्खयमवाबाहमपुण राविति,सिद्धिगइनामधेयं,ठाणं संपत्ताणं,नमो जिणा णं जिअजयाणं । ए । " यह तीसरी वाचना ॥ ३ ॥

"॥ जे अ अईआ सिद्धा, जे अ नविस्संतिणा गए काले ॥ संपइ अ वट्टमाणा, सवे तिविहेण वंदामि ॥" इस अंतिमगाथाकी वाचना नी, तीसरी वाचनाके साथही देनी. ॥ इतिशक्रस्तवोपधानम्॥३॥

अथ चैत्यस्तवका उपधान कहते हैं. ॥ नंदिआदिपूर्ववत्. । प्रथम दिने एक नक्त, दूसरे दिन उपवास, तीसरे दिन एक नक्त; पीछे श्रेणिकरके तीन आचाम्ल करने. अंतमें तीनोंही अध्ययनोंकी समकालें एक वाचना देनी. ॥ यथा ॥

"॥ अरिहंतचेइआणं, करेमि काउस्सग्गं, वंदणवत्तिआए, पूअणवत्तिआए, सक्कारवत्तिआए, सम्माणवत्तिआए, बोहिलानवत्तिआए, निरुवसग्गवत्तिआए । १ । सद्धाए, मेहाए, धीईए, धारणाए, अणुप्पेहाए, वड्ढमाणीए, ठामिकाउस्सग्गं । २ । अन्नथ्थउससिएणं—यावत्—वोसिरामि ॥ ३ ॥" यह एकही वाचना है. ॥ इति चैत्यस्तवोपधानम् ॥ ४ ॥

अथ चतुर्विंशतिस्तवका उपधान कहते हैं. ॥ नंदि, दो पूर्ववत् । प्रथम दिने एकनक्त, दूसरे दिन उपवास, तीसरे दिन एकनक्त, चौथे दिन उपवास, पांचमे दिन एकनक्त, छठे दिन उपवास, सातमे दिन एकनक्त. । एसें अष्टम तप । अंतमें प्रथम गाथाकी एक वाचना. यथा ॥

"॥ लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतिथ्थयरे जिणे ।

अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसंपि केवली । १ ।" यह एक वाचना. ॥ १ ॥

पीछे श्रेणिकरकेही वारां (१२) आचाम्ल करने. तिसके अंतमें तीन गाथाकी वाचना. ॥ यथा ॥

॥ उसजमजियं च वंदे, संजवमजिणंदणं च सुमइं च। पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ।२। सुविहिं च पुप्फदंतं, सीअलसिज्जंस वासु पुज्जं च ॥ विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिंच वंदामि ।३। कुंथुं अरं च मल्लिं, वंदे मुणि सुव्वयं नमिजिणं च ॥ वंदामिरिठनेमिं, पासं तह वद्धमाणं च ।४। यह दूसरी वाचना. ॥२॥

पीछे तिस श्रेणिकरकेही तेरा (१३) आचाम्ल करने तिसके अंतमें तीसरी वाचना ॥ यथा ॥

॥ एवं मए अजिथुआ, विहुयरयमला पहीणजरमरणा ॥ चउवीसंपि जिणवरा, तिथ्थयरा मे पसीयंतु । ५ । कित्तियवंदियमहिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा । आरुग्गवोहिलाजं समाहिवरमुत्तमं दिंतु । ६ । चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहिय पयासयरा । सागरवरगंजीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥ ७ ॥" यह तीसरी वाचना. ॥ ३ ॥ इति चतुर्विंशतिस्तवोपधानम् ॥ ५ ॥

अथ श्रुतस्तवका उपधान कहते हैं । नंदि, दो पूर्ववत् । प्रथमदिने एकजक्त, दूसरे दिन उपवास, तीसरे दिन एकजक्त, पीछे श्रेणिकरके पांच आचाम्ल

करने. तिसके अंतमै दो गाथाओंकी और दोनों वृत्तों की समकालही वाचना.। तिसमें पांच अध्ययन है.। तिसमें प्रथमकी दो गाथाओंके दो अध्ययन ॥ यथा ॥

"॥ पुक्खरवरदीवड्ढे, धायइसंडे अ जंबुदीवेअ। भरहेरवयविदेहे, धम्माइगरे नमंसामि ।१। तम तिमिरपडलविद्धंसणस्स, सुरगणनरिंदमहिअस्स । सीमाधरस्स वंदे, पप्फोडिअमोहजालस्स ।२। तीसरा अध्यायन वसंततिलका वृत्तसें ॥ यथा ॥

॥ जाईजरामरणसोगपणासणस्स, कल्लाणपुक्खलविसालसुहावहस्स । को देवदाणव नरिंदगणच्चिअस्स, धम्मस्स सारमुवलब्भ करे पमायं ।३।

चौथा अध्ययन शार्दूलविक्रीडितवृत्तके पूर्वार्द्धसें। यथा

॥ लोगो जह पइट्ठिउं जगमिणं तेलुक्कमच्चासुरं, धम्मो वड्ढउ सासउ विजयउ धम्मुत्तरं वड्ढउ ।४। ।५।" इति श्रुतस्तवोपधानम् ।६। इति षडुपधानानि ।

तथा सिद्धस्तवमें प्रथम तीन गाथाकी वाचवा यथा

"सिद्धाणं बुद्धाणं, पारगयाणं परंपरगयाणं । लोअग्ग मुवगयाणं, नमो सया सव्वसिद्धाणं ।१। जो देवाणविदेवो, जं देवा पंजली नमंसंति । तं देवदेवमहिअं, सिरसा वंदे महावीरं ।२। इक्कोवि नमुक्कारो, जिणवरवसहस्स वद्धमाणस्स । संसार सागराउ, तारेइ नरं व नारिं वा ॥ ३ ॥" शेष दो गाथा ॥ यथा ॥

॥ उज्जिंतसेलसिहरे, दिरका नाणं च निसीहि आ जस्स । तं धम्मचक्कवट्टिं, अरिठनेमिं नमंसामि । ४ । चत्तारि अठ दस दो अ, वंदिआ जिणवरा चउव्वीसं । परमठनिठिअठा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसं तु ॥ ५ ॥" इत्युपधानवाचना स्थितिः ॥ अथ विस्तार, निशीथसिद्धांतसें उधृत उपधानप्रकरणसें जानना ॥

ज्ञावार्थः—पांच नमस्कारमें पांच उपवासका उप धान होता है, आठ आचाम्ल तथा अतमे एक अष्टमतप, और बत्तीस आचाम्ल. चैत्यस्तवमें एक उपवास, और तीन आचाम्ल करणे । चतुर्विंशति स्तवमें एक षष्ठतप, एक उपवास, और पंचवीस (२५) आचाम्ल करणे. । श्रुतस्तवमें एक उपवास, और पांच आचाम्ल. । तीर्थंकर गणधरोंने चैत्यवं दनादि सूत्रमें यह उपधान कथन करा है ॥ ५ ॥ व्यापाररहित, विकथाविवर्जित, रौद्र ध्यान रहित, विश्राम रहित उपयोगसहित, उपधान करे, ॥ ६ ॥ यह उत्सर्ग कहा अब अपवाद कहते हैं अथ कदापि उपधानवाही बालक होवे, वा वृद्ध होवे, वा शक्तिरहित तरुण होवे तो, अपनी शक्तिप्रमाण उपधान प्रमाण पूर्ण करे । रात्रिजोजनकी विरति, चतुर्विधाहार, वा त्रिविधाहार, वा द्विविधाहार प्रत्या ख्यानरूप करे; नवकारसहिआदि पच्चरकाण कर

के. । एक शुद्ध आंबिलकरे, अथवा इतर दो आंबि लकरनेसें, एक उपवास होता है. पणतालीस (४५) नवकारसहि करनेसें एक उपवास होता है. चौवीस (२४) पोरसि करनेसें, और दश (१०) साढपोरसी करनेसें, एक उपवास होता हैं. तीन निवि करनेसें, और चार एकलठाणे करनेसें, एक उपवास होता हैं. आचरणासें सोला (१६) पुरिमढ करनेसें उपवास होता है. चार एकासनेसें, और आठ बियासणे करनेसें जी, उपवास होता है. अर्थात् उपवासका जो फल है, सोही प्रायः पूर्वोक्त तपका फल है. इसवास्ते जिसकी पूर्वोक्त उपधानकी शक्ति न होवे सो, इन तपोंमेसें किसी जी तपके करनेसें उपधान प्रमाण पूर्ण करे. ॥ ११ ॥

गौतमस्वामी कहते हैं. हे जगवान् ! ऐसें करते हुए प्राणीको बहोत काल होवे तो, कदापि नवकारवर्जित नि, तिसका मरण हो जावे, तो नवकार वर्जित सो प्राणी, अनुत्तर, निर्वाण, कैसें प्राप्त करें ? तिसवास्ते नवकार प्रथमही ग्रहण करो, उपधान होवे, वा न होवे. ॥ १३ ॥

महावीर स्वामी कहते हैं. हे गौतम ! जो प्राणी जिस समयमें व्रतोपचार (उपधानारंज) करे, तिसही समयमें, तूं जिनाज्ञाकरके ग्रहण करा हैं व्रतार्थ जिसनें, ऐसा तिसको जाण. ॥ १४ ॥ ऐसें जिसने

उपधान करा है, सो प्राणी नवांतरमें सुलनवोधि होतेंहैं और उपधानके अध्यवसायवाले नी, हे गौतम ! आराधक होतें है. परंतु हे गौतम ! नक्ति वाला नी प्राणी, जो उपधानविना श्रुतको ग्रहण करे, तिसको नहीं ग्रहण करनेवालेके सदृश जाण ना तथा सो जीव, तीर्थंकरकी, तीर्थंकरके वच नोंकी, संघकी, और गुरुजनकी, आशातना करता है. सो आशातना वहुल प्राणी, हे गौतम संसा रमें नमण करता है. उपधानवीना नवकार जिसने पढ लिया है, तिसको नी उपधान पीठेसेनी कर नेसें वोधि, (जिनधर्मप्राप्ति) सुलन कही है यह उपधानकरके प्रधान, निपुण, संपूर्ण नी वंदन विधान, जिनपूजा, पूर्वकही श्रुतोक्त नीतिकरके पढना. तिस पच मंगलको स्वर, व्यजन, मात्रा, विंडु, पदछेद, स्थानोंकरके शुद्ध पढके, चैत्यवंदन सूत्रको, और अर्थको विशेपकरके जाणना. तिसमें जहां सूत्रविपे, वा अर्थविपे, संदेह होवे तो, तिस को वहुशः विचारके संपूर्ण संदेहरहित करना ॥२१॥

अथ शुनतीथि, करण, मुहूर्त्त, नक्षत्र, जोग, लग्नमें, चंडवलके अनुकूल हुए, कल्याणकारी प्रश स्त समयमे, अपने विनवानुसार नगवान्का पूजन कर, परम नक्तिसें विधिपूर्वक साधुवर्गको प्रतिलान के, अतिसमूह सहित, हर्पवशसे खडे हुवे है,

पुलक (रोम) जिसके, श्रद्धासंवेगविवेक परम वैराग्ययुक्त, निविड्रागद्वेषमोहमिथ्यात्वमलरूप कलंक रहित, अति उल्लसायमान, निर्मल अध्यवसाय करके, अनुसमय, त्रिभुवनगुरु जिन भगवानकी प्रतिमामें स्थापन किये हैं, नेत्र, और मन जिसने, तथा जिन चंद्रको वंदना करनेसें मैं धन्य हूं ऐसें मानते हुए, अपने मस्तकके ऊपर रचा है करकमलरूप मुकुट जिसने, जंतुरहित स्थानमें पदपदमें निःशंक सूत्रार्थको भावते (विचारते) हुए, ऐसें पूर्वोक्त विशेषणवाले उपधानवाहिने, जिननाथके कथन करे गंभीर समयसिद्धांतमें कुशल, शुभचारित्रसंयुक्त, अप्रमादादि बहुविध गुण संयुक्त, ऐसें गुरुके साथ, चतुर्विध संघसंयुक्त, विशेषसें निजबंधु सहित, इस निपुणविधिकरके जिनबिंबको वंदना करनी. ॥ ३० ॥

तदनंतर उपधानवाही, गुणाढ्यसाधुओंको परम भक्तिसें वंदना करे. तथा साधर्मिओंको यथायोग्य प्रणामादि करे. पीछे बहुमोलके उत्कृष्ट वस्त्र प्रदान पूर्वक भक्ति करके उपधानवाहिने, श्रीसंघका भारी सन्मान करना. ॥ ३१ ॥

इस अवसरमें अछीतरें जान्या है गंभीर सिद्धांतका सार जिसने, ऐसे गुरुने, आक्षेपिणी, विक्षेपिणी, संवेदिनी, और निर्वेदिनी, यह चार प्रकारकी

धर्मकथा श्रद्धासंवेग साधनेमें निपुण चारी प्रबंध करके करनी. ॥ ३३ ॥

पीछे तिस भव्यजीवको श्रद्धासंवेगमें तत्पर जाण के, निपुणमति आचार्य, चैत्यवंदनादि करनेमे यह वचन कहे. ॥ ३४ ॥

भो भो देवानुप्रिय! निज जन्म साफल्यताको प्राप्त करके तैंने आजसें लेके जावजीवपर्यंत तिनों ही कालमें एकाग्र सुस्थिर चित्तकरके अर्हत्प्रतिमा को वंदना करनी. क्योंकि, क्षणभंगुर मनुष्यपणेमें यही सार है, तहां तैने पुर्वान्हमे जिनप्रतिमाको और साधुयोको वंदना करकेही भोजन करना कल्पे, और अपराह्नमें भी फिर वंदना कर केही सोना कल्पे, अन्यथा नही. ॥ ३७ ॥

ऐसें अभिग्रहबंधन करके पीछे वर्द्धमान विद्यासें अभिमंत्रके गुरु सात मुष्टीप्रमाण गंध (वासक्षेप) ग्रहण करे. पीछे तिस उपधानवाहीके मस्तकऊपर "नित्थारगपारगो हविज्ज तुमं" ऐसें उच्चारण करता हुआ गुरु, नमस्कारपूर्वक निक्षेप करे (माले) इस विद्याके प्रभावके जोगसें निश्चय यह भव्य प्रारंभित कार्योंका शीघ्र निस्तार करनेवाला, और पार होनेवाला होवे. ॥ ४१ ॥

अथ चतुर्विध संघभी, तूं, निस्तारक पारग हो,

तूं धन्य है. सलक्षण है, इत्यादि बोलता हुआ, तिसके मस्तकऊपर वासक्षेप करे. ॥ ४३ ॥

पीछे जिनप्रतिमाके पूजादेशसें सुरभिगंधसंयुक्त अम्लान श्वेतमाला ग्रहण करके, गुरु अपने हाथों सें तिस उपधानवाहीके दोनों खंधोंऊपर आरोपण करता हुआ, शुद्ध चित्तकरकेनिसंदेह ऐसा वच न कहे. ॥ ४४ ॥

अहोतरें प्राप्त किया निज जन्म जिसने, तथा संचय करा है अतिभारी पुण्यका समूह जिसने, ऐसें भो भो भव्य! तेरी नरकगति, और तिर्यग् गति, अवश्यमेव बंद होगई. हे सुंदर! आजसें लेके, तूं, अपयस, नीच गोत्रोंका बंधक नही है. तथा जन्मांतरमें भी, यह पंचनमस्कार तुजको दुर्ल भ नही है. पांच नमस्कारके प्रभावसें जन्मांतरमें भी तुजको प्रधान जाति, कुल, आरोग्य संपदाएं प्राप्त होवेगी. और इसके प्रभावसें मनुष्य कदापि संसारमें दास, प्रेष्य, दुर्भग, नीच. और विकलें द्रिय नही होते हैं. किं बहुना. जोइस विधिसें इस श्रुतज्ञानको पढके श्रुतोक्त विधिसें शुद्ध आचा रमें-क्रिया करे, वे, यदि तिसही भवमें उत्त म निर्वाणको प्राप्त न होवे तो, अनुत्तर ग्रैवेयकादि देवलोकोंमें चिरकाल क्रीडा करके उत्तम कुलमें उत्कृष्ट प्रधान सर्वांगसुंदर प्रकट सर्वकला प्राप्त करी

है जिनोंने, ऐसेलोकोंके मनको आनंद देनेवाले होके, देवेंद्रसमान ऋद्धिवाले, दयामें तत्पर, दानविनयसंयुक्त, कामजोगोंसें विरक्त, संपूर्ण धर्मके अनुष्ठानसें, शुज ध्यानरूप अग्निसें चार घातिकर्मरूप इंधनको दग्ध किये हैं–जिनोंने, ऐसें महासत्त्व, निर्मल केवल ज्ञान, सर्व मलकर्मसें रहित, होकर शीघ्र सिद्ध होते हैं. ॥ ५३ ॥ यह निर्मल फल जाणके वहोत मान देने योग्य जो देव, सोही जये सूरि, ऐसें जो जिन तिनके वचनसें यह उपधान महानिशीथ सूत्रसें सिद्ध करो.–इस अंतिम गाथामें प्रकरणकर्त्ता श्रीमान देवसूरिने जगवानूके 'महमाणदेवसूरिस्स' इस विशेषणद्वारा अपना जी नाम, सूचन करा है ॥ ५४ ॥ इत्युपधानप्रकरणजावार्थः॥

॥ इत्युपधानविधिः ॥

अथ मालारोपण विधि कहते हैं ॥ तहां पिठलाही नंदि क्रम जाणना. । और इतना विशेप है कि, मालारोपनतपके पूर्ण हुए तत्कालही, वा दिनातरमें होता है तहां यह विधि है. ॥ मालारोपणसें पहिले दिनमें साधुओंको अन्न पान वस्त्र पात्र वसति पुस्तक दान देवे, संघको जोजन देवे, वस्त्रादिकसें संघकी पूजा करे, शुज तिथि वार नक्षत्र लग्नमें, दीक्षाके उचित दिनमें, परम युक्तिसें वृहत्स्नात्र विधिसें जिनपूजा करे, माता पिता परिजन साधर्मि

कादिकोंको एकठे करे, पीछे मालाग्राही कृतउचित वेष, कृतधम्मिल, उत्तरासंगवाला, निजवर्णानुसारसें जिनोपवीत उत्तरीयादिधारी, सज करके प्रचुरगंधादि उपकरण अक्षत नालिकेर हाथमें लेके पूर्ववत् समवसरणको तीन प्रदक्षिणा करे. । पीछे गुरुके समीपे क्षमाश्रमणपूर्वक कहे ॥ "इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं पंचमंगलमहासुअखंध इरिआवहिआ सुअखंध, सक्कथ्थयसुअखंध, चेइअथ्थयसुअखंध, चउवीसथ्थयसुअखंध, सुयथ्थयसुअखंध, अणुजाणावणिअं, वासक्खेवं करेह" ॥ पीछे गुरु भी अभिमंत्रित वासक्षेप करे. । फिर श्राद्ध क्षमाश्रमणपूर्वक कहे "चेइआइं च वंदावेह" पीछे वर्द्धमानस्तुतियोंसें चैत्यवंदन कराना, शांतिदेवादि स्तुति पूर्ववत्. फिर शक्रस्तव अर्हणादि स्तोत्र कहना. पूर्ववत्. । पीछे उठके "पंचमंगलमहासुअखंध पडिक्कमणसुअखंध भावारिहंतथ्थय ठवणारिहंतथ्थय चउवीसथ्थय नाणथ्थय सिद्धथ्थय अणुजाणावणिअं करेमि काउस्सग्गं अन्नथ्थ उससिएणं—यावत्—अप्पाणं वोसिरामि" कहके चतुर्विंशतिस्तव चिंतन करे, पारके प्रकट चतुर्विंशतिस्तव पढे. । गुरु तीनवार परमेष्ठिमंत्र पढके आसन ऊपर बैठ जावे, संघ और परिजनसहित श्राद्धको भो भो देवाणुपिया, संपाविअ निययजम्मसाफल्लं ॥ तुमए अजप्पभिई, तिक्कालं जावजीवाए ॥ १ ॥

वंदे अवाइं चेइआइं, एगग्गसुथिरचित्तेणं ॥
खणभंगुराओ मणुअ, त्तणाउ इणमेव सारंति ॥ २ ॥
तथ्थ तुमे पुवण्हे, पाणंपि न चेव ताव पायवं ॥
नो जाव चेइआइं, साहूविअ वंदिआ विहिणा ॥ ३ ॥
मझ्झण्हे पूणरवि, वंदिऊण निअमेण कप्पए भुत्तुं ॥
अवरण्हे पुणरवि, वंदिऊण निअमण सुअणंति॥४॥

इत्यादि महानिशीथमध्यगत वीस गाथामें कही हुई देशना देके, तीन संध्यामें चैत्यवंदन साधुवंदन करनेके अभिग्रह विशेषोंको देवे. पीछे वासमंत्रके सात गंधकी मुष्ठी " निथ्थारगपारगो होहि " ऐसें कहता हुआ गुरु, तिसके शिरमें प्रक्षेप करे. । पीछे अक्षतसहित वासक्षेपको मंत्रे । तिस समयमे सुर स्निगध अम्लान श्वेत पुष्पोंके समूहसें ग्रंथन करी हुई मालाको जिनप्रतिमाके पगोंऊपर स्थापन करे। सूरि खडा होके अभिमंत्रित वासको जिनचरणोंके ऊपर क्षेप करे, पास रहे साधु साध्वी श्रावक श्रावि का सबको गंधाक्षत देवे । श्राद्ध नमस्कारअनुज्ञा केवास्ते तीन प्रदक्षिणा देवे । तब गुरु ' निछारग पारगो होहि गुरुगुणेहिं बुह्वाहि ' ऐसें कहे. और जन (संघ) " पूर्णमनोरथवाला तूं हुआ है, तूं धन्य है, तूं पुण्यवान् है " ऐसें कहते हुए उनके उपर गुरुसंघादि वासक्षेप करे। पीछे फिर श्राद्ध समवसरणको तीन प्रदक्षिणा देवे। पीछे गुरु और

सम वसरणको तीन प्रदक्षणा देवे, पीछे गुरुसंघसहित समवसरणको तीन प्रदक्षिणा देवे, पीछे नमस्कारादिश्रुतस्कंधअनुज्ञापनार्थ कायोत्सर्ग करे, एकलोगसकाकाउसग करें, पारके प्रगट लोगस्स कहे. पीछे माला धारण करनेवाला तिसके स्वजनोंकेसाथ प्रतिमाके आगे जाके शक्रस्तव पढके "आणुजाणउ मे जयवं अरिहा" ऐसें कहके जिनपादऊपरि पूर्व स्थापित मालाको लेके निजबंधुके हाथमें स्थापन करके नंदिके समिप आय कर, श्राद्ध, मालाको गुरुसें मंत्रित करावे, । पीछे गुरु खमा होकर उपधानविधिका व्याख्यान करे. सो श्राद्ध जी, खमा होके श्रवण करे. "परमपयपुरिपहि" इत्यादि मालाकी गाथा महिमां दर्शकसें गुरु देशना करे. ।

तत्तो जिणपडिमाए, पूआदेसाओ सुरनिगंबद्धं ॥
अमिलाण सिअदामं, गिएिहअ गुरुणा सहत्थेणं॥१॥
तस्सोजयखंधेसु, आरोवंतेण सुद्धचित्तेण ॥
निसंदेहं गुरुणा,वत्तवं एरिसं वयणं ॥ २ ॥
जो जो सुलद्धनिअजम्म, निचिअअइगरुअपुन्नपप्भार॥
नारयतिरिअगईओ, तुझावस्सं निरुद्धाओ ॥ ३ ॥
नो बंधगोसि सुंदर, तुममित्तो अकयनीअगुत्ताणं ॥
नो डुल्लहो तुह जम्मं, तरेवि एसो नमुक्कारो ॥ ४ ॥
पंचनमुक्कारजावओ अ जम्मंतरेवि किर तुझ ॥
जाईकुलरूवग्ग, संपयाओ पहाणाओ ॥ ५ ॥

अन्न च इमाओ च्चिअ,न हुंति मणुआ कयावि जीअलोए
दासा पेसा डुजगा, नीआ विगलिंदिआ चेव ॥ ६ ॥
किं बहुणा जे इमिणा, विहिणा एअं सुअं अहिजित्ता॥
सुअनणिअ विहाणेणं, सुद्धे सीले अभिरमिज्जा॥७॥
नो ते जइ तेणंचिअ. नवेण निव्वाणमुत्तमं पत्ता ॥
तोणुत्तर गेविज्जाइएसु सुइरं अभिरमेउं ॥ ८ ॥
उत्तमकुलम्मि उक्किठ,लठसवंगसुदरापयरूा ॥
सव्वकलापतठा, जणमणआणंदणा होउं ॥ ९ ॥
देविंदोवमरिद्धी, दयावरा दाणविणयसंपन्ना ॥
निव्विणकामजोगा, धम्मं सयलं अणुठेउं ॥ १० ॥
सुहझाणानलनिदड्ढ, घाइकम्मिधणा महासत्ता ॥
उप्पन्नविमलनाणा, विहुयमला झत्ति सिझंति ॥११॥

यह गाथा तीनवार गुरु कहे । इन गाथायोका जावार्थ उपधानप्रकरणजावार्थमे लिख दिया है. ॥

पीछे तिसके स्कंधमें मालाप्रक्षेप करनी ॥ पीछे श्राद्धवर्ग आरात्रिक (आरती) गीननृत्यादि बहुत करे । उपधानवाही श्रावकने तिस दिनमे आचाम्लादि तप करना, यदि पोपधशालामें मालारोपण होवे, तदा संघसहित जिनमंदिरमे जावे, चैत्यवंदना करके फिर पोपधागामें आयकर मंगलीपूजादि करे ॥ इस उपधानविधिको निशीथ, महानिशीथ, सिद्धांतके पढनेवालोनेश्रुतसामायिकसमान माना है. और निशीथ महानिशथके तिरस्कार

करनेवालोंने नही अंगीकार करा है. तिनोंने तो प्रतिमोद्वहनविधिकोही श्रुतसामायिक कथन करा है. ॥ माला भी कितनेक कौशेय पट्टसुत्रमयी (रेशमी) स्वर्ण, पुष्प, मोति, माणिक्य गर्भित, आरोपते हैं. और कितनेक श्वेत पुष्पमयी आरोपते हैं. तिसमें तो, अपनी संपत्तिही प्रमाण है.

॥ इति श्रुतसामायिक विधिः ॥

॥ अथ श्रावक दिन चर्या ॥

दो मुहुर्त्त शेष रात्रि रहे श्रावक सूता उठे, मल मूत्रकी शंका दूर करे, और शुचि होकर पवित्र आसनऊपर स्थित हुआ यथाविधिसें परमेष्टि महामंत्रका जाप करे. पीछे कुल, धर्म, व्रत, श्रद्धाका, विचार करके, और स्तोत्रपाठसंयुक्त चैत्यवंदन करके, अपने घरमें, वा पौषधशालादि में स्थित होकर, प्रतिक्रमणादि करे. । पीछे प्रत्युष कालमें अपने घरमें स्नान करके, शुचि होके, शुचि वस्त्र पहिरके, संसारिक सुख, और मोक्ष देनेवाले, अरिहंतकी पूजा करे. । तिसवास्ते जिनार्चनविधि, अर्हत्कल्पके कथनानुसारें कहते हैं ॥

॥ अर्हत् कल्पोक्त जिनपूजा विधि ॥

श्राद्ध प्राप्तगुरुउपदेश, जिनघरमें, वा वडे मंदिरमें, शिखा बांधी, शुचि वस्त्र पहरि, उत्तरासंग

करी, स्ववर्णानुसार जिनोपवीत उत्तरीय उत्तरासंग धारी, मुखकोश बांधी, एकाग्रचित्त, एकांतमें जिन पूजन, करे. । प्रथम जल, पत्र, पुष्प, अक्षत, फल, धूप, अग्नि, दीपक, गंधादिकोंको निःपापता करे. ॥

॥ जलादिकोकी शुद्धीके मंत्र ॥

"॥ ॐ आपोऽप्काया एकेंद्रिया जीवा निरवद्यार्हत्पूजायां निर्व्यथाः संतु, निरपायाः संतु, सद्गतयः संतु, न मेस्तु संघट्टनहिंसापापमर्हदर्चने ॥" इति जलाभिमंत्रणम् ॥

"॥ ॐ वनस्पतयो, वनस्पतिकाया जीवा, एकेंद्रिया, निरवद्यार्हत्पूजायां, निर्व्यथाः संतु, निरपाया. संतु, सद्गतयः संतु, न मेस्तु संघट्टनहिंसापापमर्हदर्चने ॥" इतिपत्रपुष्पफलधूपचदनाद्यभिमंत्रणम् ॥

"॥ ॐ अग्नयोऽग्निकायाजीवा, एकेंद्रिया, निरवद्यार्हत्पूजायां निर्व्यथाःसंतु, निरपाया संतु, सद्गतय. सतु, नमेस्तु संघट्टनहिंसा पापमर्हदर्चने ॥" इति वन्हिदीपाद्यभिमंत्रणम्॥सर्वका अभिमंत्रण वासक्षेपसें तीनवार करना ॥ पीछे । पुष्पगंधादि हाथमें लेके ॥

"॥ ॐ त्रसरूपोहं, संसारिजीव., सुवासन., सुमेध एकचित्तो, निरवद्यार्हदर्चने निर्व्यथो भूयासं, नि.पापो भुयासं, निरुपद्रवो भुयासं, मत्सं श्रिता अन्येपि संसारिजीवा निरवद्यार्हदर्चने निर्व्यथा भूयासुः, नि.पापाभूयासुः ॥"

ऐसें कहके अपने आपको तिलक करना, पुष्पादिकरके अपना शिर अर्चन करना. ॥ फिर पुष्प अक्षतादि हाथमें लेके ॥

" ॐ पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसकाया एकद्वित्रिचतुः पंचेंद्रियास्तिर्यङ्मनुष्यनारकदेवगतिगताश्चतुर्द्दशरज्ज्वात्मकलोकाकाशनिवासिनः इह जिनार्चने, कृतानुमोदना; संतु, निःपापाः संतु, निरपायाः संतु, सुखिनः संतु प्राप्तकामाः संतु, मुक्ताः संतु, बोधमाप्नुवंतुः ॥ "

ऐसें पढके दशों दिशाओंमें गंध, जल, अक्षतादि क्षेप करना. पीछे ।

शिवमस्तु सर्वजगतः, परहितनिरता भवंतु भूतगणाः॥
दोषा प्रयांतु नाशं, सर्वत्र सुखीभवंतु लोकाः ॥ १ ॥
सर्वेंपि संतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामंयाः ॥
सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मा कश्चिद्दुःखभाग् भवेत् ॥२॥

यह आर्या और अनुष्टुप् छंद पढने. ॥ पीछे ॥

" ॐ भूतधात्री पवित्रास्तु अधिवासितास्तु सुप्रोषितास्तु ॥ " ऐसें पढके प्रथम लीपी हुई भूमिमें जलसें सेचन करे. ॥ पीछें ॥

" ॐ स्थिराय शाश्वताय निश्चलाय पीठाय नमः॥ "

